दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 18 जनवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 307 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

कांकेर के रामनाथ मंदिर में प्रभु श्रीराम ने गुजारी थी रात, भगवान शिव की थी पूजा

हबीब राज

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का प्रभु श्रीराम से काफी करीबी नाता रहा है। माता कौशल्या खुद छत्तीसगढ़ की राजकुमारी थी, वहीं भगवान राम ने भी अपनी पत्नी माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अपने 14 साल के वनवास के दौरान काफी वक्त छत्तीसगढ़ में गुजारा। आज भी छत्तीसगढ़ में पौराणिक, धार्मिक व ऐतिहासिक मान्यताओं के आधार कई ऐसे स्थान मिल जाएंगे, जिन्हें भगवान राम से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे ही एक जगह है कांकेर के रामपुर जुनवानी...! जहां प्रभु श्रीराम ने एक रात गुजारी थी। इस मंदिर में उन्होंने भगवान शिव की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की थी। कांकेर जिला दंडक वन क्षेत्र में आता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रक्शाहाड़ा पहाड़ी में किया राक्षस का वध

कांकेर शहर से 80 किमी दूर तराइंदूल क्षेत्र में विशाल पहाड़ है जिसका नाम रक्शाहाड़ा है। मान्यता है की इसी पहाड़ पर रामायण काल में एक विशाल राक्षस रहता था। राक्षस से इस क्षेत्र के लोग काफी परेशान थे। वनवास के दौरान भगवान राम यहां पहुंचे तब ग्रामीणों ने अपनी व्यथा बताई थी। तब रावघाट की पहाड़ियों में भगवान राम ने तीर चलाकर उक्त राक्षस का वध किया था। उक्त राक्षस की हड्डियां आज भी पहाड़ पर है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त हड्डियों को जलाने से आज भी हड्डियों के जलने जैसी गंध आती है।

जिला मुख्यालय से 14 किमी दूर रामपुर जुनवानी

कांकेर जिला मुख्यालय से लगभग 14 किमी दूर स्थित है ग्राम रामपुर जुनवानी। यहां स्थित है भगवान विष्णु का प्राचीन मंदिर। मान्यता है की वनवास के दौरान भगवान राम इस गांव में पहुंचे थे और उन्होंने ही यहां भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित की थी। यह प्रतिमा आज भी मंदिर में है तथा इस गांव के ही नहीं जिले के लोगों की श्रद्धा इस मंदिर में है। भगवान राम के नाम पर ही जुनवानी का नाम रामपुर जुनवानी पड़ा।

मारादेव तालाब के पास भी पहुंचे

इसके अलावा कांकेर शहर के भंडारीपारा स्थित मारादेव तालाब के पास भी वनवास के दौरान भगवान राम के पहुंचने की बात इतिहासविद करते हैं। मारादेव तालाब के तट पर शिवलिंग है। मान्यता है की भगवान राम ने इस शिवलिंग की पूजा की थी। यहां मंदिर बनाने प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन तालाब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गढ़िया पहाड़ भी चढ़े थे प्रभु श्रीराम

मान्यता है की भंडारीपारा से राजापारा किनारे से भगवान राम गढ़िया पहाड़ चढ़े थे। लंबे समय तक इसी मार्ग का उपयोग गढ़िया पहाड़ चढ़ने किया जाता था। लेकिन बाद में पहाड़ चढ़ने दो अन्य मार्ग एक राजापारा से सीढ़ियों के रास्ते तथा दूसरा जनकपुर से सड़क बन जाने के कारण श्रद्धालु अब इन्हीं दोनों मार्गों का पहाड़ चढ़ने उपयोग करते हैं। मान्यता है की भगवान राम ने गढ़िया पहाड़ पर शिवलिंग की पूजा की थी। आज भी गढ़िया पहाड़ पर शिवलिंग है जहां प्राचीन मंदिर भी बना हुआ है।

आज बेबाक

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा आईएनडीआईए में शामिल कई दलों के नेताओं के लिए परेशानी का सबब बन गई है। इनमें से कुछ का तो दिमागी संतुलन गड़बड़ाने लगा है। लालू के बड़े लाल तेज प्रताप के तो सपने में राम आ गए और उन्होंने कहा कि अयोध्या नहीं जा रहे हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी का बेड़ा गर्क करने वाले संजय राउत दावा कर रहे है कि राम मंदिर निर्धारित स्थल से 4 किलोमीटर दूर बन रहा है। इनकी मनोदशा बताती है कि बहुत जल्द ये आगरा या रांची पहुंच जाएंगे।

साय सरकार ने सरकारी भर्ती में आयु सीमा में छूट 5 साल बढ़ाई

पिछली बैठक में हुए ये फैसले

- राज्य सरकार ने 'राम लला दर्शन' योजना की शुरुआत की है। योजना के तहत हर साल 20 हजार यात्रियों को दर्शन कराने के लिए अयोध्या ले जाया जाएगा।
- सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में प्रदेश के 18 लाख गरीबों को आवास देने का फैसला लिया गया।
- 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया गया।
- छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती मामले की सीबीआई जांच कराई जाएगी।
- खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रिपरिषद की पांचवी बैठक बुधवार शाम को हुई। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित इस बैठक में साय सरकार ने बेरोजगारों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए सरकारी नौकरी में अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट की अवधि को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। अभ्यर्थियों को आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ 31 दिसम्बर 2028 तक मिलेगा। इसके साथ ही कैबिनेट ने राजनीतिक आंदोलनों के दौरान दर्ज मुकदमों की वापसी के लिए उपसमिति गठित करने का फैसला लिया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में दी गई, पांच वर्ष की छूट अवधि को 01 जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2028 तक अर्थात् पांच वर्ष तक बढ़ाए जाने एवं अन्य विशेष वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा में देय छूट को यथावत रखते हुए सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष यथावत निर्धारित रहेगी। यह छूट गृह (पुलिस) ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस ने सिर्फ नारा दिया, हमनें 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला : पीएम मोदी

तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश-केरल दौरे पर हैं। बुधवार (17 जनवरी) की सुबह पीएम मोदी ने केरल के गुरुवायूर मंदिर और त्रिप्रयार श्रीराम मंदिर में पूजा की। दोपहर करीब 1 बजे उन्होंने कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड से जुड़े 4000 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने एर्नाकुलम में भाजपा के शक्ति केंद्र प्रभारियों के सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा- हमें वोटर को बताना होगा कि 10 साल पहले देश में एक कमजोर सरकार थी। तब आए दिन आतंकी हमले होते थे। आज भारत को दुनिया विश्व मित्र के रूप में देख रही है। गल्फ देशों में भारतीयों का सम्मान बढ़ा है। मोदी ने कहा- कांग्रेस ने पांच दशकों तक सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा दिया। पिछले 9 सालों के दौरान हमारी सरकार में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इससे पता चलता है कि हमने विकास के लिए जो रास्ता चुना है वो सही है। मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का फॉर्मूला देते हुए कहा- हमारा संकल्प होना चाहिए हम अपना बूथ जीतेंगे। हम एक बूथ जीत सकते हैं तो केरल में चुनाव जीत सकते हैं। आपको अधिक मेहनत करनी होगी और हर मतदाता पर ध्यान देना होगा। केरल में सत्तारूढ़ एलडीएफ और विपक्षी गठबंधन यूडीएफ का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचार के इतिहास का पर्याय है। हमें ये लोगों तक पहुंचाना होगा।

महुआ को फौरन बंगला खाली करने का मिला नोटिस

कोलकाता (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला फौरन खाली करने का नोटिस मिला है। डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स ने (17 जनवरी) को उन्हें ये नोटिस भेजा। कैश फॉर क्वेरी केस में 8 दिसंबर 2023 को महुआ की लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। इसके बाद उन्हें दो बार बंगला खाली करने के लिए कहा जा चुका है। यूनियन हाउसिंग एंड अफेयर्स मिनिस्ट्री के एक सूत्र ने बताया कि महुआ को तुरंत बंगला खाली करने के लिए कहा गया है। जल्द ही डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स के अधिकारी उनके बंगले पर जाएंगे।

शेयर बाजार क्रैश, निवेशकों के 4.59 लाख करोड़ स्वाहा

मुंबई (एजेंसी)। स्टॉक मार्केट में बुधवार (17 जनवरी) को लगातार दूसरे दिन बिकवाली का दबाव रहा और बुधवार को तो मार्केट ढह ही गया। घरेलू इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 में 2 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए हैं। मार्केट की इस भगदड़ में आज बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 4.59 लाख करोड़ रुपये घट गए यानी निवेशकों के 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गए। दो दिन में निवेशकों की पूंजी 5.73 लाख करोड़ रुपये घट चुकी है। अब इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्सों की बात करें तो सेंसेक्स आज 1628.01 प्वाइंट यानी 2.23 फीसदी की गिरावट के साथ 71500.76 और निफ्टी 460.35 प्वाइंट्स यानी 2.09 फीसदी की गिरावट के साथ 21571.95 पर बंद हुआ है। सेक्टरवाइज बात करें तो आईटी को छोड़ आज निफ्टी के सभी सेक्टर के इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी बैंक आज 4.28 फीसदी टूटकर बंद हुआ। निफ्टी आईटी आज 0.64 फीसदी मजबूत हुआ है। बाजार की गिरावट के चलते आज निवेशकों को भारी घाटा हुआ।

एक कारोबारी दिन पहले यानी 16 जनवरी 2023 को बीएसई पर लिस्टेड सभी शेयरों का कुल मार्केट कैप 376.09 लाख करोड़ रुपये था। 17 जनवरी 2023 को यह लुढ़ककर 370.36 लाख करोड़ रुपये रह गया। इसका मतलब हुआ कि निवेशकों की पूंजी आज 4.59 लाख करोड़ रुपये घट चुकी है।

रोहित शर्मा बने शतकों के बादशाह

बेंगलुरु (एजेंसी)। भारतीय टीम और अफगानिस्तान के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। जिसका तीसरा यानी आखिरी मैच बुधवार (17 जनवरी) को बेंगलुरु में खेला गया। मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट 212 रन बनाए। मैच में एक समय भारतीय टीम ने 22 रनों पर 4 विकेट गंवा दिए थे। यशस्वी 4 रन बनाकर आउट हुए। जबकि विराट कोहली पहली बॉल पर ही पवेलियन लौट गए। शिवम दुबे (1) और संजू सैमसन (0) भी आउट। मगर इसके बाद रोहित शर्मा ने रिंकू सिंह के साथ मिलकर पारी को संभाला और 5वें विकेट के लिए 95 गेंदों पर 190 रनों की साझेदारी की। इसके बाद रोहित शर्मा ने 64 गेंदों पर शतक जड़ते हुए एक बार फिर इतिहास रच दिया। वो टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 5 शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इसके बाद रिंकू सिंह ने भी टी20 इंटरनेशनल में अपनी दूसरी फिफ्टी जमाई। उन्होंने 36 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। मैच में रोहित ने 69 गेंदों पर नाबाद 121 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 8 छक्के और 11 चौके लगाए। दूसरी ओर रिंकू ने 39 गेंदों पर 69 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्होंने 6 छक्के और 2 चौके जमाए।

मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, एक की मौत

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के मोरेह इलाके में बुधवार (17 जनवरी) की सुबह उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला कर दिया। इसमें इंडियन रिजर्व बटालियन के जवान वांगखेम सोमरजीत की मौत हो गई। इसके अलावा एक और जवान घायल हो गया। हमलावर कुकी समुदाय के बताए गए हैं। पुलिस ने मीडिया को बताया कि बुधवार सुबह मोरेह में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ हुई। उग्रवादियों ने मोरेह एसबीआई के पास सुरक्षाबलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की।

जगन्नाथ मंदिर हेरिटेज कॉरिडोर का हुआ उद्घाटन

पुरी (एजेंसी)। देश के चार धामों में से एक 12वीं सदी में बने ओडिशा के पुरी जगन्नाथ मंदिर हेरिटेज कॉरिडोर (श्रीमंदिर परियोजना) का काम पूरा हो चुका है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार (17 जनवरी) मंदिर के गजपति दिव्यसिंह देव के साथ इस कॉरिडोर का उद्घाटन किया। ओडिशा सरकार ने उद्घाटन कार्यक्रम में भारत और नेपाल के एक हजार मंदिरों को न्योता भेजा था। साथ ही देश के चारों शंकराचार्यों, चारों पवित्र धाम और चार अन्य छोटे धामों को भी आमंत्रित किया गया। मंदिर प्रशासन ने नेपाल के राजा को भी

निमंत्रण भेजा था। प्रोजेक्ट के तहत मंदिर से लगे बाहरी दीवार (मेघनाद पचेरी) के चारों तरफ 75 मीटर चौड़ा गलियारा बनाया गया है। मंदिर के चारों ओर 2 किलोमीटर में श्रीमंदिर परिक्रमा पथ का निर्माण किया गया है। यहां से श्रद्धालु मंदिर का सीधे दर्शन कर सकेंगे। दिसंबर 2019 में शुरू हुए प्रोजेक्ट के तहत बने रिसेप्शन सेंटर में 6 हजार भक्त एक साथ खड़े हो सकेंगे। यहां 4 हजार परिवारों के लिए सामान रखने के लिए लॉकर रूम, शेल्टर पवेलियन, मल्टीलेवल कार पार्किंग, पुलिस और फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी के लिए शटल बस की सुविधा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धोनी पर मानहानि का केस, सुनवाई आज

रांची/नवप्रदेश। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में मानहानि का केस दर्ज हुआ है। केस आरका स्पोर्ट्स कंपनी के मालिक मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास ने किया है। धोनी ने इन दोनों के खिलाफ 15 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला रांची कोर्ट में दर्ज कराया था। मिहिर और सौम्या ने अपनी याचिका में कहा है कि एमएस धोनी और उनके करीबियों की ओर से जो बयान दिए जा रहे हैं, वो अपमानजनक है। उन्हें रोका जाए। इसके अलावा मिहिर को लेकर कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिस तरह की खबरें चल रही हैं, उन्हें हटाने का अनुरोध भी दिल्ली हाईकोर्ट से किया गया है। वहीं महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दायर केस में मिहिर पर बिजनेस पार्टनर के रूप में 15 करोड़ की गड़बड़ी करने की बात कही गई है। धोनी की ओर से रांची के सिविल कोर्ट में मिहिर दिवाकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

कांग्रेस का घोषणापत्र 'जनता का घोषणा-पत्र' होगा : चिदंबरम

नई दिल्ली (वार्ता)। अगले आम चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी की चुनाव घोषणा-पत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम ने बुधवार को यहां कहा कि पार्टी का घोषणा-पत्र लोगों से सुझाव लेकर तैयार किया जाएगा और यह 'जनता का घोषणा-पत्र' होगा। श्री चिदंबरम ने यहां कांग्रेस मुख्यालय पर संवाददाताओं से कहा, यह घोषणा-पत्र लोगों का मत होने जा रहा है और कांग्रेस देश भर के लोगों से सुझाव आमंत्रित करेगी और यथासंभव अधिक से अधिक सुझावों को इस घोषणा-पत्र में शामिल करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि परामर्श प्रक्रिया में आईएनडीआईए

गठबंधन के घटक दलों के सुझावों का भी स्वागत होगा। उन्होंने कहा, यह परामर्श बंद कमरे में होगा या खुले में, इसका फैसला कांग्रेस अध्यक्ष और अन्य पार्टी नेता करेंगे। कांग्रेस पार्टी ने पिछले महीने 2024 के आम चुनाव के लिए पी. चिदंबरम की अध्यक्षता में एक घोषणा-पत्र समिति का गठन किया था। छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव इस समिति के संयोजक हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी हर राज्य में सार्वजनिक रुप से परामर्श करेगी और समिति के सदस्य पार्टी के लोगों, स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। उन्होंने सभी लोगों, विशेषकर युवाओं, महिलाओं और किसानों से पार्टी के घोषणा पत्र के विषय में सुझाव देने और राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने की भी अपील की। पार्टी ने लोगों को अपने सुझाव भेजने के लिए एक समर्पित वेबसाइट भी शुरू की है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2022 में केरल शीर्ष पर

तिरुवनंतपुरम (वार्ता)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2022 में केरल को 'बेस्ट परफॉर्मर' खिताब के लिए चुना गया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर रैंकिंग की पूरी सूची का खुलासा करते हुए इसकी घोषणा की। 'बेस्ट परफॉर्मर' सर्वोच्च स्टार्टअप रैंकिंग स्तर है, इसके बाद 'टॉप परफॉर्मर' का खिताब आता है, जिसे पिछले तीन वर्षों में स्टार्टअप्स, विचारधियों और महिला उद्यमियों को संस्थागत सहायता प्रदान करने के अलावा, उभरती कंपनियों को भारी सहायता प्रदान करने के लिए केरल ने जीता है। आईजीएनआईटीई जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से निवेशकों के साथ

बातचीत करने के अवसर भी मिलता है। ग्रामीण क्षेत्र में महत्वाकांक्षी बदलाव लाने में शामिल स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के राज्य के प्रयासों ने भी दक्षिणी राज्य को पुरस्कार जीतने में सक्षम बनाया। उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, केरल स्टार्टअप मिशन (केएसयूएम) के अध्यक्ष अनूप अंबिका ने कहा कि राज्य ने आधुनिक प्रौद्योगिकी और नीति समर्थन द्वारा समर्थित एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र और एक ऊष्मायन प्रणाली को बनाए रखने की दिशा में अपने प्रतिबद्ध उपायों के बाद यह परिणाम हासिल किया है। उन्होंने कहा, हम राज्य में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए एक व्यापक नीति लागू कर रहे हैं। 2002 में, केरल उन सभी सात क्षेत्रों में शीर्ष पर था, जिन पर केंद्र ने सुधार का आह्वान किया था। अध्यक्ष ने बताया कि आज का परिणाम राज्य सरकार के अडिग रवैये को दर्शाता है जिसने स्टार्टअप विकास की राह को बाधा मुक्त बना दिया है। उन्होंने कहा कि संसाधन विकास, निवेश नेतृत्व, खरीद नेतृत्व, सतत विकास, ऊष्मायन, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रोम रोम में बसने वाले राम...
जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

हर दुकान-हर मकान, गूंज रहा केवल 'जय श्रीराम-सीताराम'

अयोध्या। अध्यात्म से परिपूर्ण रामनगरी में पौष मास, शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि से श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ हो गया। इस अयोध्या की हर दुकान, हर मकान, हर सड़क, हर रास्ते पर सिर्फजय श्रीराम की आध्यात्मिक अनुभूति महसूस की जा रही है तो विरासत और आधुनिकता का समावेश बैठाती नव्य अयोध्या भी दिख रही है। एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में राममय हुई आधुनिक अयोध्या त्रेतायुगीन वैभव सी सजने लगी है तो वहीं रामपथ की दुकानों पर फहरा रही राम पताका बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। महज पांच दिन और शेष, जब श्रीरामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो यकीनन दृश्य बेहद भव्य होगा। यह सोच कर ही रामभक्तों का रोम-रोम पुलकित हो उठ रहा है। यहां तक की विंटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड स्ट्रीट लाइट लैंप पोल पर भी राम की पताका फहरा रही है।

अयोध्या में दिख रही दीपावली सी रौनक

जैसे दीपावली के पहले रंगते-पुतते घरों की साज-सज्जा समेटी जाती है, अयोध्या के लिए भी समय कम और काम बहुत अधिक है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में 5 दिन शेष हैं। सरयू के तटों पर मकर संक्रांति की रौनक ने जैसे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का मंगलाचरण कर दिया है। यहां घाटों पर श्रीराम की स्तुतियां, भजन और मंदिर निर्माण के लिए हुए अथक संघर्ष के विजय गीत गूंज रहे हैं। रामघाट से अयोध्या में प्रवेश करते समय दिख रही रौनक दीवाली सी अनुभूति भी करा रही है। 'अयोध्या अब सजने लगी है', 'अयोध्या के राजा भारत है आपका-महलों में आओ, स्वागत है आपका' आदि गीत श्रद्धालुओं के रोम-रोम को पुलकित कर रहे थे।

दीवारों के पत्थर और घरों के दरवाजों पर भी 'जय श्रीराम'

यहां जीर्णोद्धार किए जा रहे मकान-दुकान और मंदिरों पर लगाए जाने वाले पत्थरों पर भी जय श्रीराम की गूंज है। हनुमानगढ़ी से पहले सब्जी मंडी के समीप सप्तसागर कॉलोनी के पास के मकान हों या तुलसी उद्यान के पीछे की कॉलोनी, यहां पर भी लगाए गए दरवाजे रामनाम से अतिथि देवो भव के रूप में स्वागत कर रहे हैं। किसी मकान के दरवाजे पर श्रीराम तो किसी पर गजानन महराज की फोटो लगी है। रामनगरी में ठहरने वालों के लिए बनाए गए होम स्टे-गेस्ट हाउस आदि पर इसी आकृति से आगन्तुकों का स्वागत हो रहा है। विरासत और आधुनिकता का समावेश बैठाती नव्य अयोध्या में विंटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड स्ट्रीट लाइट लैंप पोल लगाया जा रहा है। यह देखने में आकर्षक तो है ही, इस पर भी श्रीराम का धनुष बाण अलग ही सौंदर्य बयां कर रहा।

दीवारों का एक सा रंग व केसरिया पताका देख श्रद्धालु बोले-जयश्रीराम

मकर संक्रांति पर स्नान करने आई बस्ती की मनोरमा हों या गोरखपुर की गीता। देवरिया से आए रामप्रसाद भी सरयू स्नान के पश्चात मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। काफी वर्षों बाद यहां आए रामप्रसाद रामपथ पर दीवारों का एक सा रंग देख अनुभूति कर रहे हैं कि त्रेतायुगीन अयोध्या ऐसी ही रही होगी। इन रास्तों पर सजी दुकानों पर फहरा रही केसरिया पताका देख श्रद्धालु भी जयश्रीराम का उद्घोष कर रहे थे। वे इसका श्रेय योगी आदित्यनाथ को देते हुए कहते हैं कि म्यूरल पेंटिंग्स, फ़साड लाइट आदि से रामनगरी और भव्य हो गई है।

दुकानों के शटर पर भी बस राम का नाम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब रामनगरी को सजाने की पहल शुरू की तो ही उनके जेहन में था कि रामनगरी अब त्रेतायुगीन वैभव का अहसास कराए। ऐसे में, छोटी से छोटी चीजों का ध्यान रखा गया। रोड चौड़ीकरण के उपरांत जब नए सिरे से दुकानें सजाई गई तो उसके शटर पर भी राम-जयश्रीराम और ध्वजा की आकृति बनाई गई। उस वक्त तो यह सिर्फपेंटिंग ही रही पर जब योगी आदित्यनाथ की इस परिकल्पना को बाहर से आए लोगों ने देखा तो इस पहल के कायल हो गए और उनके मुख से यही निकला कि योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक अयोध्या की दीवारों तक को राम नाम में रंग दिया है।

मीडियन हॉर्टिकल्चर सौंदर्यीकरण से अयोध्या के एंट्री प्वॉइंट्स चमकाएगी योगी सरकार

अयोध्या। उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या को विकसित करने का योगी सरकार का सपना अब वास्तविकता की शक्ल लेने लगा है। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने के साथ ही उसे आधुनिकता और विरासत के समावेश से विकसित करने की प्रक्रिया के अंतर्गत 'नव्य अयोध्या' परियोजना बेहद सफल हो रही है। परियोजना के फेज-1 के तहत सारे काम पूरे हो चुके हैं और नव्य भव्य अयोध्या की सुदृढ़ीकरण की नींव रखी जा चुकी है। अब सीएम योगी की मंशा के अनुसार नव्य अयोध्या परियोजना के फेज-2 के अंतर्गत कार्य शुरू कर दिए गए हैं। इस क्रम में सीएम योगी के विजन अनुसार मीडियन हॉर्टिकल्चर सौंदर्यीकरण के माध्यम से अयोध्या के एंट्री प्वॉइंट्स को चमकाने की विस्तृत कार्य योजना तैयार कर ली गई है। इस क्रम में, योगी सरकार के निर्देशानुसार अयोध्या नगर निगम ने अयोध्या में नेशनल हाइवे 28 के अंतर्गत आने वाले सहादतगंज से लता चौक के बीच सरयू नदी किनारे 24 किमी की स्ट्रेच में हरियाली युक्त सुंदरीकरण प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इसके जरिए राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य और तटबंध ढलानों को सजावटी फूल व पेड़-पौधों से सजाने व संरक्षित करने को 5 वर्ष की समयावधि के लिए कॉन्ट्रैक्टर को आबद्ध करने की प्रक्रिया जारी है। इन कार्यों को पूरा करने के लिए उचित जनशक्ति को भी कार्य पर रखा जाएगा।

मीडियन लेन की प्रभावी साज-सज्जा होगी सुनिश्चित

अयोध्या नगर निगम की देखरेख में हो रहे हॉर्टीकल्चर ब्यूटिफिकेशन के कार्य को निर्धारित कॉन्ट्रैक्टर द्वारा जल्द पूर्ण करने के साथ ही 5 वर्ष के लिए संरक्षित करने का कार्य भी करना होगा। इसके अतिरिक्त कॉन्ट्रैक्टर को कई पैमानों को सुनिश्चित करना होगा। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य और तटबंध ढलानों पर सजावटी पेड़, फूल व पौधे लगाना, स्थानीय वनस्पतियों और देशी वर्गों के वनस्पति आवरण का अध्ययन करना, सड़क के मध्य और ढलानों पर पड़े खरपतवार/वनस्पति और अवांछित मलबे को हटाना, लेन की प्रभावी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए उचित संख्या में कर्मचारी, वाहन और मशीनरी तैनात करना इसमें प्रमुख रहेगा।

24×7 घंटे मीडियन की स्वच्छता होगी सुनिश्चित

स्वच्छ मीडियन और तटबंध ढलानों को कूड़ा-कचरा मुक्त, खरपतवार/मलबा/वनस्पति मुक्त तथा धूल मुक्त रखने के साथ पूरी सड़क को हर वक्त साफ-सुथरा रखना सुनिश्चित किया जाएगा। मीडियन में लगाए गए पौधों में पानी भरने और क्षेत्र को धूल मुक्त रखने के लिए लगातार अंतराल पर मोटर चालित बोरवेल की सुविधा भी कॉन्ट्रैक्टर को उपलब्ध करानी होगी तथा इन सभी कार्यों को इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी-एसपी-21-2009) द्वारा तैयार प्रासंगिक विशिष्टताओं के अनुसार पूर्ण करना होगा। इसके अतिरिक्त, कार्यों को पूर्ण करने के लिए उचित जनशक्ति को भी आबद्ध करना होगा तथा सेवाओं पर तैनात सभी कर्मचारियों को उचित सुरक्षा पोशाक, गियर और आईडी उपलब्ध कराया जाएगा। जनता को अंग्रेजी और हिंदी में आसानी से समझ आने वाले साइनेज बोर्ड भी अयोध्या नगर निगम द्वारा इन मीडियन पर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसमें आपातकालीन संपर्क नंबर आदि का तरीका और प्रदर्शन मुख्य होगा।

सुल्तानपुर रोड पर गेट कॉम्पलेक्स के बजट को किया गया रिवाइज - योगी सरकार द्वारा 140 करोड़ रुपए की लागत से 6 भव्य गेट कॉम्प्लेक्सेस के निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इस क्रम में, अयोध्या-सुल्तानपुर रोड पर 14.69 करोड़ रुपए के जरिए भव्य गेट कॉम्प्लेक्सेस का निर्माण कराए जाने का प्रावधान था, मगर अब इस बजट को बढ़ाकर 15.46 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

दोनों हाथ में लड्डू और सर कढ़ाही में
प्राण प्रतिष्ठा के जरिए मिठाई बेचने वालों पर चरितार्थ हो रहा यह मुहावरा

नई दिल्ली। दोनों हाथ में लड्डू और सर कढ़ाही में। छप्पर फाड़कर से मिलता जुलता यह मुहावरा, मिठाई बेचने वाले, इनसे जुड़े कारीगरों पर कारोबार के लिहाज से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन (22 जनवरी)चरितार्थ होने जा रहा है। संभव है किसी खुश किस्मत या इनोवेटर का राम नाम से जुड़ा लड्डू, पेड़ा जैसी कोई मिठाई ब्रांड भी बन जाय।

ऐसा हो चुका है। बर्डपुर की राम कटोरी इसका सबूत है। कार सेवा के दौरान चर्चित हुई थी सिद्धार्थनगर की रामकटोरी बन गई थी ब्रांड बात 1990 की है। तब राम मंदिर आंदोलन चरम पर था। संतों, धर्माचार्यों और विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में कारसेवा का ऐलान किया था। पूर्वी उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर के बर्डपुर कस्बे के विनोद मोदनवाल कारसेवा के लिए अयोध्या जाते समय 2 नवंबर 1990 गिरफ्तार हो गए।

उनको बस्ती जेल में रखा गया। 28 दिन बाद वहां से छूटे तो घर पर कटोरी के आकार की एक मिठाई तैयार की। इसका नाम रखा रामकटोरी। तब उन्होंने इसे बतौर प्रसाद लोगों में बांटा। नाम और स्वाद के कारण यह मिठाई हिट हो गई ।

खासकर बस्ती और गोरखपुर मंडल में। चूंकि इन दोनों मंडलों के बहुत से लोग रोजी रोजगार के चलते देश के महानगरों और विदेशों में रहते हैं, लिहाजा इनके जरिए यह बाकी जगहों पर भी पहुंतती है। संभव है प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भी किसके उपर रामजी की कृपा हो जाय।

पैकेजिंग और परिवहन से जुड़े लोगों की भी चांदी

सिर्फ मिठाई ही नहीं इसके पैकेट्स के लिए भी भगवान श्रीराम और राम मंदिर बने अलग अलग साइज के पैकेट्स की खासी मांग है। लिहाजा पैकेजिंग इंडस्ट्री को भी बूम मिलेगा। इसका लाभ इनको तैयार करने वाले कारीगरों को भी मिलेगा। लोडिंग अनलोडिंग और ट्रांपोर्टेशन से मिलने वाला रोजगार अलग से।

पैकेट बनाने वाले ,ट्रांपोर्टेशन और लोडिंग अनलोडिंग करने वाले किसी मजहब के हो सकते हैं। ऐसे में यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबका साथ, सबका विकास, विजन के अनुरूप होगा।

22 जनवरी को अयोध्या में निकलेगी धूप, 15 से 17 डिग्री सेल्सियस में होगा राममंदिर का शुभारंभ

अयोध्या। अयोध्या में 22 जनवरी को जब राम मंदिर का शुभारंभ हो रहा होगा, तो दिन में मौसम साफ रहने और धूप निकले होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जबकि इस महत्वपूर्ण दिवस पर दिन का तापमान 15 से 17 डिग्री के करीब होने का अनुमान है। हालांकि उसी दिन सुबह अयोध्या में सुबह-सुबह कोहरा तो

पड़ेगा। लेकिन सूरज चढ़ने के साथ ही कोहरा छंटना भी शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग ने 22 जनवरी को राम मंदिर के शुभारंभ पर कुछ इसी तरह के मौसम का अनुमान लगाया है। मौसम की यह जानकारी मौसम विज्ञान केंद्र के माध्यम से राज्य सरकार और संबंधित महकमे को भी साझा की जा चुकी है। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने अमर उजाला डॉट कॉम को बताया कि 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम मंदिर का शुभारंभ हो रहा होगा, तो वहां पर मौसम साफ रहेगा। अभी तक के अनुमान के मुताबिक न तो बारिश के आसार बन रहे हैं, और न ही दिन में धुंध छाने की कोई संभावनाएं ही नजर आ रही हैं। विभाग के अनुमान के मुताबिक 22 जनवरी को दिन में धूप निकलने के का अनुमान लगाया गया है। वह कहते हैं कि वैसे तो उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में लगातार सुबह और रात के वक्त कोहरे का असर होता है। लेकिन एक सप्ताह बाद इन इलाकों में कोहरे का असर भी कुछ कम होना शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग के महानिदेशक बताते हैं कि इसी आकलन के आधार पर या अनुमान लगाया जा रहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में सुबह तो कोहरा होगा। धीरे-धीरे यह कम होना भी शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक 22 जनवरी को अयोध्या में न्यूनतम तापमान भी 6 से 8 डिग्री के बीच बने रहने का अनुमान है। इसके अलावा पूरे दिन मौसम साफ रहेगा। हालांकि विभाग का मानना है कि रात को न्यूनतम तापमान कम होने की वजह से इसका असर दिन में दिखेगा। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा कहते हैं कि अनुमान यही है कि अयोध्या और आसपास के इलाकों में दिन का तापमान 15 से 17 डिग्री के आसपास ही बना रहेगा।

सबके राम....

बड़ी उपलब्धि, लखनऊ के खगोलविदों ने ब्रह्माण्ड में खोजे राम

नई दिल्ली। नेबुला हंटर्स संकल्प एम रस्तोगी जो अपना खगोल विज्ञान एनजीओ के अध्यक्ष है और उत्कर्ष मिश्रा जो एमिटी विश्वविद्यालय के छात्र हैं, दोनों वरिष्ठ वैज्ञानिक व अधिकारी सुमित श्रीवास्तव की देखरेख में रात के आकाश में दिखाई देने वाली खगोलीय वस्तुओं को देखने और उनके बारे में जानने के लिए कुछ साल पहले इंदिरा गांधी तारामंडल के सदस्य बने।

2020 में लॉकडाउन के दौरान उन्होंने इंटरनेट पर उपलब्ध खगोलीय डेटा की मदद से ब्रह्मांड में नए नेबुला की खोज पर काम करने के लिए एक टीम इंदिरा गांधी नक्षत्र शाला, लखनऊ के निदेशक अनिल यादव के निर्देशन में बनाई।

नेबुला क्या है ?

नेबुला अंतरिक्ष में धूल और गैस का एक विशाल बादल है। नेबूला विभिन्न प्रकार की होती है जैसे ग्रहीय नेबुला, सुपरनोवा अवशेष आदि।

अंतरिक्ष विज्ञान में कई प्रगति के बावजूद ब्रह्मांड में अभी भी ऐसे क्षेत्र हैं जिनकी खोज की जानी बाकी है और इन दोनों शौकिया खगोलविदों ने इन अज्ञात नेबुला की खोज में अपने अनगिनत घंटे बिताए।

एक नई नेबुला खोजने की तुलना भूसे के ढेर में सुई खोजने के कार्य से की जा सकती है।

लेकिन कठिनाइयों के बावजूद संकल्प और उत्कर्ष ब्रह्मांड में 55 से अधिक नए नेबुला की पहचान करने में कामयाब रहे हैं। उनकी सूची का तेजी से विस्तार हो रहा है।

उनकी सबसे प्रसिद्ध नेबुला खोज तारामंडल मोनोसेरोस में है। इस नेबुला को बबलगम नेबुला नाम दिया गया है। यह नेबुला आकार में बहुत बड़ी है लेकिन बिना दूरबीन के आसानी से दिखाई नहीं देती। यदि यह चांद के समान चमकीला होता तो यह आकाश में दूसरे चंद्रमा की तरह दिखाई देता। इस नेबुला की तस्वीर चिली से ली गई थी।

मोमी 5 जिसे सॉसरर्स स्टोन नेबुला के नाम से भी जाना जाता है, कैसिओपिया तारामंडल में फैंटम ऑफ द ओपेरा के नाम से मशहूर नेबुला के पास स्थित है।



अपनी खोज की पुष्टि करने के लिए उन्होंने एक ब्रिटिश खगोलशास्त्री से संपर्क किया जिसने स्पेन में अपनी वेधशाला से उनके नेबुला की तस्वीर खींची।

उन्होंने अपनी हालिया खोज को राम नेबुला नाम दिया है जो कैसिओपिया तारामंडल में स्थित है। यह आसानी से दिखाई नहीं देता था और इसलिए यह खगोलविदों से छूट गया था, लेकिन इन दो तेज़-तर्रार शौकिया खगोलविदों से नहीं।

संकल्प और उत्कर्ष इन अनदेखे क्षेत्रों का अध्ययन करने के लिए इंदिरा गांधी तारामंडल द्वारा प्रदान की गई दूरबीन और उपकरणों का भी उपयोग करते हैं, उन्होंने अपने शोध कार्य में दुनिया के विभिन्न हिस्सों के शौकिया खगोलविदों के साथ भी सहयोग किया है। इंदिरा गांधी नक्षत्र शाला में ही दोनो उभरते हुए खगोलविदों ने सुमित कुमार श्रीवास्तव, वैज्ञानिक अधिकारी से एस्ट्रोनॉमी का बेसिक्स सीखे है। ये दोनो पिछले 12 सालों से इंदिरा गांधी नक्षत्र शाला से जुड़े हुए है।

संकल्प और उत्कर्ष ने नेबुला के साथ क्षुद्रग्रह, सुपरनोवा और एक्सो ग्रहों की भी खोज की है। इन उभरते हुए खगोलविदों पर इंदिरा गांधी नक्षत्र शाला को गर्व है। सुमित कुमार श्रीवास्तव, के अनुसार राम नेबुला की खोज खगोलिकी के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी और अन्य नए विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करेगी। राम नेबूला के डाटा का प्रयोग वैज्ञानिक अनुसंधानों के लिए भी किया जा सकेगा।

यूपी के छह जिलों से अयोध्या धाम के लिए शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

नई दिल्ली। योगी सरकार राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर से अयोध्या धाम के दर्शन कराएगी। सरकार प्रदेश के छह जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत लखनऊ से करेंगे। सरकार की ओर से प्रदेश के छह जिलों से शुरू होने वाली हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता ऑपरेटर का चयन किया गया है, जो ऑपरेशनल मॉडल पर हेली सर्विसेस की सेवाएं प्रदान करेगा। राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सेवा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से मिलेगी। वहीं आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस सुविधा को जल्द शुरू किया जाएगा। इतना ही नहीं, योगी सरकार श्रद्धालुओं को अयोध्या नगरी और राम मंदिर के हवाई दर्शन भी कराएगी। इसकी जिम्मेदारी पर्यटन विभाग को दी गई है। इस सुविधा के लिए श्रद्धालुओं को पहले से बुकिंग करानी होगी। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम भक्तों को हेलीकॉप्टर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। इसी के तहत प्रदेश के 6 जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जा रही है। यह सुविधा भक्तों और पर्यटकों को ऑपरेटर मॉडल पर उपलब्ध करायी जाएगी। इसके अलावा राम भक्तों को राम मंदिर ऐरियल दर्शन भी कराए जाएंगे। इसके लिए रामभक्त सरयू तट स्थित टूरिज्म गेस्ट हाउस के पास बने हैलीपेड से उड़ान भर सकेंगे। इसके तहत श्रद्धालुओं को राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, सरयू घाट समेत प्रसिद्ध दर्शनीय स्थलों की हवाई सैर भी करायी जाएगी। इस हवाई सफर का अधिकतम समय 15 मिनट होगा, जबकि प्रति श्रद्धालु किराया 3,539 रुपये तय किया गया है।

चावल सप्लाई करने के नाम पर साढ़े 7 लाख की ठगी, केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। जयशंकर फूड प्रायवेट लिमिटेड छाटा रोड नयापारा में 30 टन चावल सप्लाई करने के नाम पर तीन लोगों ने साढ़े 7 लाख रुपए लेकर ठगी के वारदात को अंजाम दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरा नवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।राहुल सुंदरानी 30 वर्ष छाटा रोड गोबरानवापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी अनिल मिश्रा, शशिकांत पांडे व आनंद शेखर ने प्रार्थी को 30 टन चावल सप्लाई करने का सौदा कर प्रार्थी से साढ़े 7 लाख रुपए ले लिया और चावल की सप्लाई नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

निर्माणाधीन मकान में चोरी दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर स्थित निर्माणाधीन मकान से दो युवकों ने एसी का कॉपर पाइप और बिजली तार पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। यश गुप्ता 36 वर्ष आनंद नगर तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी का अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर में निर्माणाधीन मकान है। जहां आरोपी निहाल देवदास 18 वर्ष व एक अन्य ने प्रवेश कर एसी के कॉपर पाइप और बिजली तार पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

आयुष संचानालय के पार्किंग से एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। आयूष संचानालय के पार्किंग से अज्ञात चोर ने एक्टिवा वाहन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। विकास चावला 26 वर्ष गांधीनगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलक्यू 7946 को आयूष संचानालय के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक पर कुल्हाड़ी और चाकू से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। पारसनगर में पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक की हत्या करने की नियत से रॉड, कुल्हाड़ी व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सूरजदास मानिकपुरी 22 वर्ष पारसनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी एजाज खान, संदीप, राजा भास्कर व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी के भाई दीपक मानिकपुरी पर रॉड, कुल्हाड़ी व चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। वहीं प्रार्थी व उसके अन्य भाई विकाश दास मानिकपुरी से मारपीट किए है।

विकास कार्यों के लिए नगरीय निकायों को 215 करोड़ रुपए जारी

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने बुधवार को प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में शहरों में विकास और सुविधाएं बढ़ाने के काम में तेजी लाने के दिए निर्देश दिए। उनकी समीक्षा बैठक के बाद विभाग ने आज ही नगरीय निकायों में विकास कार्यों के लिए 215 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी है। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में सभी नगर निगम आयुक्तों को अपनी टीम और जनप्रतिनिधियों के साथ सप्ताह में तीन दिन निर्माण और सफ ई कार्यों के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने इस पर गंभीरता से अमल करते हुए निरीक्षण के फ ोटो भी साझा करने को कहा। श्री साव ने सभी नगर निगमों में वार्डवार निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान वे खुद भी सवेरे किसी भी दिन किसी भी नगर निगम में पहुंच सकते हैं। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में रामममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शहरों के सभी वार्डों में जन सहयोग से स्वच्छता अभियान संचालित करने को कहा।

संपत्ति कर वसूली के लिए अभियान चलाने के निर्देश

बैठक में सभी नगर निगमों में संपत्ति कर की वसूली के लिए अभियान चलाने को कहा। उन्होंने व्यावसायिक एवं आवासीय संपत्तियों से बकाया कर की राशि वसूलने के लिए हर बुधवार को अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपत्ति कर के बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर कड़ाई से इसकी वसूली करने को कहा। उन्होंने आयुक्तों को हर सप्ताह संपत्ति कर की प्राप्ति की समीक्षा करने को कहा। उन्होंने संपत्ति कर का निर्धारित लक्ष्य हासिल करने और वसूली में तेजी लाने के लिए कई सालों से एक ही स्थान पर पदस्थ सहायक राजस्व अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार उन्हें बदलने के निर्देश दिए।

शहरी सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश

नगर निगम आयुक्तों को भविष्य की जरूरतों के अनुसार शहरों को विकसित करने और नागरिकों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए महापौर एवं पार्षदों के साथ समन्वय से काम करने को कहा। श्री साव ने राज्य प्रवर्तित तथा 14वें एवं 15वें वित्त आयोग की राशि से प्रगतिरत निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने मोबाइल वेन से निर्माण सामग्री और निर्माण की गुणवत्ता की नियमित जांच करने के साथ ही काम में देरी और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

पीएम आवास को मार्च तक पूरा करने का फरमान

शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को आगामी मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह केंद्र और राज्य सरकार दोनों की प्राथमिकता वाली योजना है। इनके निर्माण से गरीबों के आवास का सपना पूर्ण होने के साथ ही शहर व्यवस्थित भी होगा। उन्होंने गंदे नालों, तालाबों और उद्यानों की नियमित साफसफाई पर ध्यान देने को कहा। अवैध प्लॉटिंग और अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनाइजर्स को केवल नोटिस जारी करने तक ही सीमित न रहें, बल्कि उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही भी करें। उन्होंने सभी नगर निगमों में अनुकंपा नियुक्ति के मामलों का तत्काल निपटारा करने को कहा।

अब तक 115.94 लाख एमटी धान खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी जी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 115.94 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 23448 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवम्बर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 130 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है। मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 21 लाख 55 हजार 841 किसानों से 115 लाख 94 हजार 323 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

दहशत में कटे 36 घंटे... रात के अंधेरे में पार किया सरयू

रायपुर/नवप्रदेश। एक ओर अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरा देश राममय हो चला है, तो दूसरी ओर तकरीबन 33 साल पहले अयोध्या पहुंचे कार सेवकों पर मुलायम सरकार द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी करवाने और सुरक्षाबलों की सख्तियों की याद कर आज भी कारसेवक सिहर उठते हैं। ऐसे ही कारसेवकों में से एक हैं महाराष्ट्र मंडल के सचिव आचार्य चेतन गोविंद दंडवते, जो अपनी 33 साल पुरानी यादों को हमसे साझा कर रहे है। आचार्य चेतन दंडवते ने पुराने स्मरण को ताजा करते हुए कहा कि अयोध्या के एक मठ में बिताए वो 36 घंटे आज भी याद करता हूं, तो दहशत से रुह कांप जाती है। 19 साल की उम्र में मैं कारसेवा करने अयोध्या गया था। मुलायम सरकार के गोली मारने के आदेश के बाद हमने करीब 36 घंटे मठ के एक कमरे में बिताए। आज अयोध्या में रामलला विराजमान हो रहे हैं। ऐसे में दहशत में बिताए उन 36 घंटों का मंजर याद कर पूरे शरीर में सिहरन सी उठती है। 'जिस हिंदू का खून का न खौले.. खून नहीं वह पानी है। राम जन्मभूमि के काम न आए, बेकार वह जवानी है'। 90 के दशक में यह पंक्तियां सभी युवाओं की जुबान पर थी। इन्हीं पंक्तियों से प्रेरित होकर न जाने कितने लोग कारसेवा करने के लिए प्रेरित हुए। मुझमें भी कारसेवा करने की तीव्र उत्कंठा थी। आचार्य दंडवते ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने पहली बार कारसेवा की तिथि देवउठनी एकादशी 31 अक्टूबर 1990 तय की। घर से अनुमति मिलते ही कारसेवा के लिए रायपुर से सात मित्रों अरुण शर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, मनोज चंद्राकर, कमलेश शर्मा, नरेंद्र यादव, सुरेश सोनी, कृष्ण कुमार अवधिया के साथ मैं भी अयोध्या जाने के लिए रवाना हुआ।

संपादकीय

फेक न्यूज फैलाने की फैक्टरी बंद हो

22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश राम मय हो गया है। यहां तक की विदेशों में भी रामोत्सव की धूम मची हुई है। यह खेद का विषय है कि अयोध्या में राममंदिर की स्थापना को लेकर विपक्ष के कई नेता लगातार भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने तो फेक न्यूज की फैक्टरी ही शुरू कर दी है। जहां से रोज एक नया झूठ फैलाया जाता है और रामकाज में बाधा डालने की कोशिश की जाती है। इस फेक न्यूज फैक्टरी का बंद होना निहायत जरूरी है। क्योंकि इनके द्वारा फैलाए जाने वाले फेक न्यूज के कारण अनावश्यक विवाद खडा हो सकता है। और अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर इन विपक्षी नेताओं की पीड़ा स्वभाविक है। जो लोग राम के अस्तित्व को ही नकारते रहे हैं। रामजन्म भूमि में मंदिर निर्माण की राह में रोडे अटकाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में वकीलों की फौज खड़ी करते रहे हैं। वे भला रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से कैसे खुश हो सकते हैं। राम भक्तों पर गोलियां चलाने वाले भी इस समारोह से दूरी ही बनाएंगे। यहां तक तो फिर भी ठीक है लेकिन विपक्ष के कुछ नेता प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जो विवादास्पद बयान दे रहे हैं। वह कतई उचित नहीं है। क्योंकि इससे लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। पहले तो इन विपक्षी नेताओं ने इस बात पर आपत्ति उठाई थी कि राम मंदिर का निर्माण अभी आधा अधूरा है इसलिए उसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रसम्मत नहीं है। 22 जनवरी की तिथि को लेकर भी भ्रम फैलाया गया। जब उनके झूठ का पर्दाफाश हो गया तो उन्होंने चारों शंकराचार्यों की नाराजगी की बात को बढ़ाचढ़ाकर पेश किया। बाद में तो उनका यह झूठ भी बेनकाब हो गया। 2 शंकराचार्यों ने बकायदा लिखित जारी किया की रामलला की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रसम्मत है और उन्होंने इसके लिए अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित की अब शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत यह झूठ फैला रहे हैं कि अयोध्या में उस स्थान पर राम मंदिर नहीं बन रहा है। जहां इसे बनाने का भाजपा ने वादा किया था। निर्धारित स्थल से 4 किलोमीटर दूर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है जो कि सफेद झूठ है। इसके बावजूद संजय राउत के झूठे दावे का समर्थन करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भी यह बयान दिया कि जब रामलला की स्थापना निर्धारित स्थान से 63 किलोमीटर दूर करनी थी तो फिर बाबरी मस्जिद तोड़ी ही क्यों गई। इन लोगों को इस बात की भी जानकारी नहीं है कि अयोध्या से 4 किलोमीटर दूर तो दूसरा जिला लग जाता है। कुल मिलाकर अपना आपा खो चुके ये नेता राम मंदिर को लेकर लगातार झूठ ही फैला रहे हैं और ऐसा करके वे अपनी अपनी पार्टियों को ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। अधिकांश विपक्षी नेता तो रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को राजनीतिक समारोह साबित करने पर तूले हुए हैं। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के आरोप हैं कि 22 जनवरी को अयोध्या में राजनीतिक कार्यक्रम हो रहा है। इसीलिए कांग्रेस नेतृत्व ने इसमें न जाने का फैसला किया है। इसके बावजूद कई कांग्रेसी नेता प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रति सकारात्मक रवैया अपना रहे हैं। जिन लोगों को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति पर आपत्ति है उन्हें पता होना चाहिए की पीएम मोदी इस समारोह के 11 दिन पहले से ही नियम धर्म का पालन कर रहे हैं। वे एक समय भोजन कर रहे हैं मंत्रों का जाप कर रहे हौ अंतिम तीन दिनों तक तो वे सिर्फ फलाहार करेंगे और जमीन पर सोएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस कठोर नियम का पालन कर रहे हौ उसके बारे में तो ये विपक्षी नेता सपने में भी नहीं सोच सकते। यही वजह है कि वे लगातार विवादास्पद बयान देकर इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में व्यवधान डालने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इसमें वे सफल नहीं हो पाएंगे। देश की जनता सब कुछ देख रही है और समझ भी रही है। इसका जवाब वह आगामी लोकसभा चुनाव में देगी।

बिलासा देवी जयंती 18 जनवरी पर विशेष

जिनके नाम पर छत्तीसगढ़ के प्रमुख नगर बिलासपुर का नाम पड़ा-महान वीरांगना और विदुषी बिलासा देवी

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

आज से लगभग 400 साल पहले जब बिलासपुर शहर, शहर नहीं होकर एक छोटा सा गांव हुआ करता था। उस समय केंवट जाति के लोग नदी के किनारे बसा करते थे। ये लोग अपने जीवन के पारंपरिक कार्यों में आये दिन जंगलों में निवास के साथ जीवन उपार्जन के लिए शिकार के साथ मछली मारने के काम करते थे। अरपा नदी के किनारे बसे केंवट रीति रिवाज के लोगों में एक बिलसिया? (बिलासा बाई) भी अपने पिता रामा केंवट और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहा करती थी। बिलसिया मछली मारने के साथ-साथ नाव भी चलाया करती थी और शिकार भी किया करती थी। गाँव में जंगली सूअर घुस आते थे। एक दिन गांव के सभी आदमी नदी पर गये और गांव में बस औरतें ही थी। तब जंगली सूअर आकर डराने लगा तो बिलसिया ने भाले से सूअर को मार दिया तब से बिलसिया का नाम पूरा गाँव में फैल गया।

मरद बरोबर लगय बिलासा, लागय देवी के अवतार
बघवा असन रेंगना जेखर, सनन सनन चलाय तलवार !!

गांव में ही बंशी नाम का एक वीर युवक भी रहा करता था। वह नाव चलाने में कुशल था और साथ में मछलियाँ भी मारता था। एक बार उसने बिलसिया को पानी में डूबने से बचाया था। तभी से बंशी और बिलसिया दोनों साथ रहते थे फिर दोनों ने शादी कर ली। एक बार हुआ यह कि क्षेत्र के राजा कल्याण साय एक बार शिकार करने के लिए घनघोर जंगल में चले गए, जंगल में अपने साथियों से बिछड़ कर अलग हो गए थे। तभी एक जंगली सूअर ने उन्हें घायल कर दिया। वे सूअर से बच कर छिप गए और एक जगह पर कराहते हुए बैठ गए थे। तभी गाँव का बंशी उसी रास्ते से आ रहा था, घायल देख राजा को गाँव ले गया। जहाँ पर बिलसिया ने उनकी बहुत सेवा की। राजा ठीक हो जाने के बाद बिलसिया और बंशी को साथ ले गये, जहाँ पर बिलासा ने धनुष चला कर अपना करतब दिखाया तो बंशी ने भला फेंक कर दिखाया। राजा ने दरबार में दोनों को मान दिया और खुश होकर बिलासा को जागीर देकर सम्मानित भी किया। जब बिलासा जागीर लेकर गाँव लौटी तो गांव के गांव उमड़ पड़े। जागीर मिली थी तो गाँव में बिलासा बाई का मान-सम्मान भी बढ़ गया। गांव, गाँव न रहकर बड़ा क्षेत्र हो गया और आसपास के सब गाँव आपस में जुड़ने लगे। गाँव अब एक नगर में परिवर्तित हो गया था। नए नगर को राजा ने बिलासा के नाम पर रखा और इस तरह से यह नगर बिलासा से बिलासपुर हो गया। बिलासा ने नगर को अच्छे से बसाया फिर राजा की सेना में सेनापति भी बन गयी। वहीं बंशी नगर का मुखिया बन गया। छत्तीसगढ़ में बिलासा एक देवी के रूप में देखी जाती हैं। कहते हैं कि उनके ही नाम पर बिलासपुर शहर का नामकरण हुआ। बिलासा देवी केंवटिन की एक आदमक़द प्रतिमा भी शहर के शनिचर बाजार में लगी हुई है। वहीं चौक का नामकरण भी बिलासा चौक के नाम पर कर दिया गया है। बिलासा देवी के लिए छत्तीसगढ़ के लोगों में, ख़ासकर केंवट समाज में, बड़ी श्रध्दा है। इसका एक सबूत यह भी है कि छत्तीसगढ़ की सरकार हर वर्ष मत्स्य पालन के लिए बिलासा देवी पुरस्कार भी देती है। भारतीय सभ्यता का प्रजातिगत इतिहास निषाद, आस्ट्रिक या कोल-मुण्डा से आरंभ माना जाता है। यही कोई चार-पांच सौ साल पहले, अरपा नदी के किनारे, जवाली नाले के संगम पर पुनरावृत्ति घटित हुई। जब यहां निषादों के प्रतिनिधि उत्तराधिकारियों केंवट- मांझी समुदाय का डेरा बनाया। अग्नि और जल तत्व का समन्वय यानि सृष्टि की रचना। जीवन के लक्षण उभरने लगे। सभ्यता की संभावनाएं आकार लेने लगीं। नदी तट के अस्थायी डेरे, झोपड़ी में तब्दील होने लगे। बसाहट, सुगठित बस्ती का रूप लेने लगी। इसी दौरान दृश्य में उभरी, लोक नायिका- बिलासा केंवटिन। बिलासा केंवटीन का गांव आज बिलासपुर जिले के रूप में तब्दील हो चुका है। छत्तीसगढ़ का प्रमुख दूसरा बड़ा नगर बन चुका है। यहां बड़े-बड़े उद्योग कल कारखाने और शिक्षा के क्षेत्र में कई विश्वविद्यालय खुल चुके हैं। प्रदेश का एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय गुरु घासीदास विश्वविद्यालय भी यही स्थिति है। छत्तीसगढ़ प्रदेश का उच्च न्यायालय भी बिलासपुर शहर में ही स्थित है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपोलो, सिम्स, सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल व देश का सोलहवां रेलवे जोन सहित एसीसीएल कॉल लिमिटेड भी यही स्थिति है । प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा शहर आज महानगर का रूप ले रहा है। कलचुरीवंश की राजधानी रतनपुर बिलासपुर जिला मुख्यालय से पच्चीस किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां महामाया देवी का मंदिर है। जो कि धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात है। जिले की बाहरी सीमाएँ मुंगेली कोरबा, पेंड्रा गौरेला मरवाही एवं जांजगीर आदि हैं। बिलासा कैंटीन की कहानी कोई और कल्पित नहीं है बल्कि जन श्रुतियों ,लोक गाथाओं, लोक कहावतें, कत्थ्यो और अनेक पांडुलिपियों में दर्ज हैं।

"पहले आओ पहले पाओ" की तर्ज पर "खुला निमंत्रण" होना चाहिये

अंतिम छोर में खड़ा व्यक्ति को भी नग्न आंखों से भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को देखने का अधिकार होना चाहिये

राजीव खंडेलवाल

'दिल में होय करार, तब सूझे त्योहार''। तब किसी को यह कहने का अवसर उत्पन्न नहीं होता कि एक राम भक्त होने के बावजूद इस अवसर पर उसे सिर्फ इस आधार, उपस्थिति होने का अवसर नहीं मिल पाया, क्योंकि वह अंतिम छोर पर खड़ा हुआ एक सामान्य नागरिक है।

''दीन सबन को लखत है दीनहिं लखै न कोय''। न तो वह उद्योगपति, साहित्यकार, पत्रकार, लेखक, कलाकार, खिलाडी, सेवाकर्ता, डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य कोई शेष किसी क्षेत्र का यशवशी ''स्टार'' (सेलिब्रिटी) नहीं है। इसलिए वह निमंत्रण पत्र का अधिकारी नहीं। ''श्रीमंतों को दावत तो सर्वहारा से अदावत क्यों''? मैं यह समझता हूं कि इस पर गहनता से विचार करने की आवश्यकता है और देश के प्रत्येक नागरिक का धार्मिक कर्तव्य है, संवैधानिक अधिकार है कि वे अपने ''राम लला'' को स्वयं की आंखों से साक्षात् दीदार कर साष्टांग दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लेने का अधिकार हो। कितना संभव हो पायेगा, यह उनके प्रयास पर छोड़ देना चाहिए। भगवान के कार्यक्रम का निमंत्रण व्यक्तिगत कैसे हो सकता है, जैसे कि आमंत्रण पत्र के नियम में उल्लेखित है, यह भी समझ से परे है।

आखिर वह क्षण (पल) आ ही गया, जब भगवान श्री राम में आस्था रखने वाले, आराध्य मानने वाले इस सृष्टि के प्रत्येक इंसान (भक्त) का सपना 22 जनवरी 2024 को पूरा होने जा रहा है। देश के अब तक के सबसे शक्तिशाली प्रधानमंत्री (इंदिरा गांधी से भी ज्यादा) नरेन्द्र मोदी के हाथों साधु-संतों की उपस्थिति में जन्म स्थल अयोध्या में ''भगवान श्री राम मंदिर'' का उद्घाटन और ''प्राण प्रतिष्ठा'' होने जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी की कार्ययोजना की एक विशिष्ट विशेषता यह है कि जिस योजना की आधार शिला रखी जायेगी, उसका उद्घाटन भी वे ही करेगें। जो अन्य राजनेताओं में कम ही होती है। अर्थात ''समय बद्ध'' योजना के अंतर्गत ही भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है।

''श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट'' द्वारा प्रधानमंत्री सहित लगभग 4000 से अधिक संत-महंत, संवैधानिक पदों पर बैठे माननीयों के अलावा देश के विभिन्न अंचलों में, विभिन्न कार्यक्षेत्रों में बैठे काम करने वाले चुनिंदा लोगों लगभग 2500 से अधिक व्यक्तियों, को ही निमंत्रित किया जा रहा है। स्टार, सेलिब्रिटी (हस्तियां) चाहे वे राजनीतिक क्षेत्र की हो, खेल, कला, पत्रकारिता, साहित्यिक, व्यापारिक, उद्योग जगत क्षेत्र की हो आदि या अन्य किसी भी क्षेत्र की हो, उनमें से कुछ प्रमुख लोगों को ही निमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति को निमंत्रण भेजने की उनकी उपस्थिति के संबंध में अभी तक स्थिति अस्पष्ट है। निमंत्रण पत्र भेजने का आधार क्या है? यह भी स्पष्ट नहीं है।

निश्चित रूप से इस ऐतिहासिक व अभिभूत करने वाले अवसर पर सबसे पहला अधिकार लगभग 500 से ज्यादा वर्षो से जो साधु-संत व्यक्ति, संगठन इस आंदोलन में लगे रहे है, वे उनकी वर्तमान पीढ़ी परिवार और विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, शिवसेना (हिन्दु महासभा जो मुकदमा लड़ रही थी) से लेकर अन्य अनेक संगठन जिनके अनवरत अथक प्रयासों ने यह विराट स्वरूप दिया है, और ''राम लला'' जन्मभूमि मंदिर के सपने को हकीकत में उतारा जा रहा है, वे सब हजारों नागरिक जिन्होंने रामजन्म मंदिर निर्माण के लिए हुए विभिन्न स्तरों में हुए आंदोलन में भाग लिया, देश के विभिन्न अंचलों में 'राम' ईट एकत्रित की गई और कई कार सेवको ने अपना बलिदान दिया और कई तरीके से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस निर्माण में योगदान दिया है, वे सब भी निमंत्रण के यथोचित पात्र है। साथ ही मंदिर निर्माण में लगे मजदूर भी निमत्रिंत होने के अधिकारी है।

निमंत्रण भेजने के आधार के स्पष्ट न होने से एक कौतुहल अवश्य उत्पन्न होता है कि निमंत्रण पत्र को उक्त तरीके से भेजे जाने से क्या ''जाने-अनजाने'' में समाज में नया वर्ग भेद उत्पत्ति की संभावना तो नहीं हो जायेगी। भगवान तो कण-कण में व्याप्त है व सबकी आस्था के प्रतीक (सिर्फनास्तिकों को छोड़कर) है। इस प्रकार भगवान सब की पहुंच में है। लेकिन सिर्फ हिन्दु ही नहीं, सर्व धर्म-सम भाव का पालन (कुछ अपवादों को छोड़कर) करने वाला देश का प्रत्येक नागरिक, साथ ही दूसरे धर्मो में आस्था रखने वाले देश के नागरिक को भी गौरावित करने वाले इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित होने की इच्छा अवश्य रहेगी।

परन्तु प्रश्न यह है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुरूप अंत्योदय के अंतिम छोर में खड़ा हुआ व्यक्ति को अपने आराध्य भगवान श्री राम के ''प्राण-प्रतिष्ठा'' के दुर्लभ शुभ अवसर पर अपनी ''नग्न आखों'' से दर्शन करने की पात्रता सिर्फ इसलिए नहीं होगी? क्योंकि उन्हें निमंत्रित नहीं किया गया है। मुझे ख्याल आता है कि एक समय महाकाल मंदिर उज्जैन में भस्म आरती के दर्शन के लिए रात्रि 3 बजे से लाइन में खड़े रहकर दर्शन सुनिश्चित करने का प्रयास करते थे।

होना तो यह चाहिए था कि जिन लोगों ने इस आंदोलन में अपना सब कुछ स्वाहां कर महत्वपूर्ण योगदान दिया, उन सबको तवज्जों देकर देश के शेष समस्त नागरिकों कों खुला निमंत्रण दिया जाता और ''फ़स्ट कम फस्ट सर्व'' (पहले आओ पहले पाओ) की नीति के आधार पर वहां उन्हें प्रवेश व बैठने की व्यवस्था की जाती। ''दिल में होय करार, तब सूझे त्योहार''। तब किसी को यह कहने का अवसर उत्पन्न नहीं होता कि एक राम भक्त होने के बावजूद इस अवसर पर उसे सिर्फ इस आधार, उपस्थिति होने का अवसर नहीं मिल पाया, क्योंकि वह अंतिम छोर पर खड़ा हुआ एक सामान्य नागरिक है।

''दीन सबन को लखत है दीनहिं लखै न कोय''। न तो वह उद्योगपति, साहित्यकार, पत्रकार, लेखक, कलाकार, खिलाडी, सेवाकर्ता, डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य कोई शेष किसी क्षेत्र का यशवशी ''स्टार'' (सेलिब्रिटी) नहीं है। इसलिए वह निमंत्रण पत्र का अधिकारी नहीं। ''श्रीमंतों को दावत तो सर्वहारा से अदावत क्यों''? मैं यह समझता हूं कि इस पर गहनता से विचार करने की आवश्यकता है और देश के प्रत्येक नागरिक का धार्मिक कर्तव्य है, संवैधानिक अधिकार है कि वे अपने ''राम लला'' को स्वयं की आंखों से साक्षात् दीदार कर साष्टांग दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लेने का अधिकार हो। कितना संभव हो पायेगा, यह उनके प्रयास पर छोड़ देना चाहिए। भगवान के कार्यक्रम का निमंत्रण व्यक्तिगत कैसे हो सकता है, जैसे कि आमंत्रण पत्र के नियम में उल्लेखित है, यह भी समझ से परे है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1778 में 18 जनवरी के दिन ही 'हवाई द्वीपसमूह' की खोज करने वाले जेम्स कुक पहले यूरोपियन बने थे।1862 में आज ही के दिन अमेरिकी में एरिजोना परिसंघ क्षेत्र का गठन किया था। 1896 में 18 जनवरी के दिन ही 'एक्सरे मशीन' का पहला प्रदर्शन किया गया था। 1919 में आज ही के दिन आलिशान गाड़िया बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी 'बेंटले मोटर्स लिमिटेड' की स्थापना हुई थी। 1930 में 18 जनवरी के दिन ही महान लेखक रवीन्द्रनाथ टैगोर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम की यात्रा की थी।1951 में आज ही के दिन झूठ पकड़ने वाली मशीन का नीदरलैंड में पहली बार इस्तेमाल हुआ था। 1959 में आज ही के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सहयोगी मीरा बेन (मैडलिन स्लैड) ने भारत छोड़ा था।1960 में 18 जनवरी के दिन ही जापान तथा अमेरिका ने संयुक्त रक्षा समझौता किया था। 1962 में आज ही के दिन अमेरिका ने नेवादा में न्यूक्लियर टेस्ट किया था। 1963 में 18 जनवरी के दिन ही यूरोपीय साझा बाज़ार से ब्रिटेन को अलग करने की फ्रांस ने वकालत की थी।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:21, सूर्यास्तः 05:53
चन्द्रोदयः 11:15, चन्द्रास्तः 24:13

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतुः शिशिर, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : अष्टमी, नक्षत्रः अश्विनी, योग : सिद्ध, प्रथम करण : गर (10:58 तक), द्वितीय करण : वणिज (22:06 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : मेष (27:35 से), मंगल : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल 25:16 से 26:48, विजय मुहूर्त 14:11 से 14:53, गोधूलि मुहूर्त 17:37 से 18:05, सायाह्न सन्ध्या 17:40 से 19:02, निशिता मुहूर्त 24:00 से 24:54, राहुकाल 15:00 से 16:30, राहुवास दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड 08:32 से 09:50, होमाहुति शुक्र, दिशाशूल उत्तर, अग्निवास पृथ्वी (22:06 तक), भद्रावास मृत्यु (22:06 से 27:33 तक, स्वर्ग - 27:33 से)

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) गुणोत्सव 2024 नामक पहल हाल ही में कहां शुरू हुई?

2) प्युविटी एथलीट ऑफद ईयर 2023 के रूप में हाल ही में किसे नामित किया गया है?

3) पद्मश्री पुरस्कार पाने वाली प्रथम महिला भारतीय फिल्मी कलाकार कौन है?

4) बलबन द्वारा प्रारंभ किया गया पैबोस क्या था?

5) ऑर्डर ऑफद ब्रिटिश एम्पायर से हाल ही में किसे सम्मानित किया गया है?

उत्तरमाला- (1) असम (2) किरण कोहली (3) नरगिस दत्त (1958) (4) सम्मान के तौर पर चुम्बन की प्रथा (5) प्रो वरनॉन बोगडेनर

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन कुछ कार्यो को छोड़ व्यर्थ की भागदौड़ में बीतेगा घरेलू कार्यो को लेकर किसी से बहस होकर दिन का आरंभ होगा।

वृषः आज के दिन आपको बैठे बिठाये आकस्मिक लाभ की प्राप्ति होगी चाहे किसी भी रूप में हो।

मिथुन : आज का दिन आपके लिये आरामदायक रहेगा लेकिन आज बेतुकी बयानबाजी से बचना होगा अन्यथा बैठे बिठाये अपमानित हो सकते है।

कर्क : आज परिस्थिति में थोड़ा सुधार अनुभव करेंगे लेकिन कामना पूर्ति में आज भी कोई न कोई अड़चन बनी रहेगी। मध्यान से पहले कोई भी महत्तवपूर्ण निर्णय ना ले।

सिंह : आज आप किसी कार्य को लेकर गंभीर नही रहेंगे दिन के आरंभ से ही आलस्य और सुस्ती बनी रहेगी ।

कन्या : आज के दिन आप कोई नापसंद कार्य करने पर गुस्से में रहेंगे।

तुला : आज के दिन परिजनों का व्यवहार आपके स्वभाव पर निर्भर रहेगा इसलिये सनकी मिजाज त्याग मिलनसार बने अन्यथा आज सुख चैन से नही बैठ पाएंगे।

वृश्चिक : आज के दिन आपका व्यवहार ढुलमुल रहेगा मध्यान तक आप प्रत्येक कार्य मे आलस्य दिखाएंगे लेकिन बेमन से घरेलू कार्य करने ही पड़ेंगे।

धनु : आज के दिन आप अपने ही स्वभाव के कारण घर मे अशांति का कारण बनेंगे। घर मे स्त्री वर्ग से सावधान रहें आपकी छोटी-छोटी बातों को भी बक्सने वाली नही।

मकर : आज आप जिस भी कार्य को करना आरंभ करेंगे या करने का विचार करेंगे उसमे कोई ना कोई बिना मांगे अपनी राय देगा।

कुंभ : आज आप बीते कल की तुलना में कुछ संतोषि रहेंगे लेकिन महिला वर्ग इसके विपरीत अन्य लोगो से स्वयं एवं परिवार की तुलना करने पर कुछ समय के लिये उदास रहेंगी।

मीन : आज के दिन आपके व्यक्तित्व में निखार रहेगा लेकिन स्वभाव का जिद्दीपन अन्यलोगों विशेषकर परिजनों के लिये भारी पड़ेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य - 307

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 306 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

न्यूज गैलरी

गौरव की भजनों की मची धूम

दुर्ग/नवप्रदेश। जय श्रीराम का नारा आज चारो ओर गूंज रहा है। इसी कड़ी मे दुर्ग निवासी भजन गायक गौरव बजाज की भगवान श्री रामचन्द्र को समर्पित एक भजन रिलीज हुई है। इस भजन को कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा यूट्यूब सिंगर गौरव बजाज पर रिलीज किया गया है। मेरे राम है वो मेरे राम है भजन के बोल है। जो रिलीज होने के बाद लोगों के जुबान पर आ गया है। भजन रिलीज़ होने पर गायक गौरव बजाज को चैम्बर ऑफकॉमर्स महिला विंग की अध्यक्ष सुश्री पायल जैन, सेवानिवृत्त जज सीबी वाजपेई बिलासपुर, केजी चांडक रायपुर, प्रवीण पींचा, राकेश धारीवाल, गौतम धारीवाल, पंकज शर्मा, प्रशांत शर्मा, सुरेश राव, रूपल गुप्ता के अलावा अन्य लोगों ने बधाई दी है।

आज से राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

कुम्हारी/नवप्रदेश। हमर कुम्हारी राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता स्थानीय मिनीमाता स्टेडियम में आज से प्रारम्भ होगी। इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष के खिलाड़ियों को लिया जाएगा, प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के 8 अलग- अलग टीमों के बीच 18 जनवरी से 2 फरवरी तक लगातार 16 दिनों तक 40-40 ओवर की ड्युस बॉल से खेली जाएगी। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक एवं एन.आई.एस क्रिकेट कोच शबाब कुरैशी ने कहा कि उच्चस्तर पर आयोजित ड्यूस बाल की यह पहली प्रतियोगिता है। नगर में प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखते हुए प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। एकेडमी के कुम्हारी में आने से नगर में क्रिकेट और खेल के लिए खिलाड़ियों में संभावनाएं बढ़ेंगी। उद्घाटन मैच प्रातः9 बजे टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी रायपुर और मनिग्रीवी क्रिकेट एकेडमी रायपुर के मध्य खेला जायेगा।

तपन की गिनती प्रमुख गैंगस्टरो में

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग के गैंगस्टर तपन सरकार फिर से सलाखों के पीछे चला गया। इस बार भी एक बिल्डर की हत्या के आरोप ने तपन सरकार को पुलिस ने पकड़ा है। इसके पहले महादेव हत्याकांड, कन्हैया यादव मर्डर मामले में तपन को सजा हुई थी। 17 साल तक जेल में रहने के बाद तपन सरकार जेल से बाहर आए थे। होली के दिन मनोज राजपूत नामक शख्स की हत्या हो गई थी। हत्या को अंजाम देने वाले एक निषाद व्यक्ति ने तपन सरकार के कहने पर हत्या को अंजाम देना बताया। तब से पुलिस उसे ढूंढ रही थी। सूत्र बताते है, तपन के तार मुंबई, नागपुर, पुणे, रायपुर के गैंगस्टरों से जुड़े हैं। फरारी काटने में वह उनकी सहायता लेता है। एक बार तपन सरकार को दुर्ग की पुलिस ने नागपुर में पकड़ी थी। अभी तपन सरकार रायपुर के एक फॉर्म हाउस में छुपा हुआ था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर

राज्यसभा सांसद सरोज ने जनदर्शन में लोगों से की मुलाकात

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राज्य सभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय ने आज जल परिसर कार्यालय में दुर्ग और भिलाई क्षेत्र से अधिक संख्या में उपस्थित लोगों से मुलाकात की। राज्यसभा सांसद जल परिसर जनदर्शन में मिलने वालों में विकलांगों के अलावा एकीकृत बाल विकास परियोजना के अधिकारी और आंगनबाड़ी की महिलाएँ, तथा विभिन्न लोगों के द्वारा 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के तहत् आयोजित कार्यक्रमों के लिए राज्य सभा सांसद को आमंत्रित करने के लिए जल परिसर में उपस्थित हुये थे। उल्लेखनीय है कि राज्य सभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय के द्वारा आम जनता से जल परिसर में मिलकर उनकी समस्याओं को सुनी और उनसे बातचीत की । इस दौरान रामदरबार संकट मोचन हनुमान मंदिर अग्रसेन चौक के आयोजक, अराध्य सेवा समिति के पदाधिकारी, श्री आदर्श गणेश उत्सव समिति, मातृभूमि सेवा समिति, और न्यू दुर्ग उत्सव समिति महाराजा चौक के

पदाधिकारियों ने राज्य सभा सांसद से मुलाकात कर उन्हें समितियों की ओर से 22 जनवरी के उपलक्ष्य में की जाने वाले कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया गया। श्री सदुरु कबीर सत्संग समारोह के लिए पोटियाकला वासियों ने राज्य सभा को आमंत्रित किये। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजन अधिकारी और आंगनबाड़ी की महिलाओं ने राज्य सभा सांसद को विभाग द्वारा 12 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। राज्य सभा सांसद ने इस योजना का अधिक से अधिक लोगों तक पहुचाने और प्रचार प्रसार करने कहा ताकि पात्र लोगों इसकी जानकारी हो और वे आवश्यक शर्तो को जन-जन तक पहुँचायें। जानकारी के अभाव में गरीब लोग इसका लाभ नहीं उठा पाते हैं । उन्होंने कहा इस योजना से एक परिवार की दो कन्याओं को ही लाभ मिल सकेगां। जनदर्शन में मो0 अलीम, पप्पू साव, निलेश शाह, एवं आस्था श्रीवास्तव ने ई-ज्ट्राईसिकल के लिए आवेदन दिये। वहीं पप्पू साव ने व्यवसाय प्रारंभ करने गुमटी की मांग की। जनदर्शन में आवेदक ने जनदर्शन में पुष्पलता चौहान भाजपा महिला मोर्चा भिलाई, संतोष उपाध्याय, राममूर्ति, रमेश साहू, बीआर बंजारे, लेखराम वर्मा, अजय सिंह ठाकुर, विनोद दुबे, विजय शंकर, शेषराम, होल्कर प्रसाद, मनोज, भूपेन्दर सहित अन्य उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में अधिकारियों को भ्रमण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आगामी लोकसभा चुनाव में विधानसभावार मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराने क्रिटिकल एवं वल्नरबिलिटी मैपिंग के लिए आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में बीआईटी कॉलेज के ऑडिटोरियम में सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों को संयुक्त प्रशिक्षण दिया। सेक्टरों में आवश्यक मूलभूत सुविधा की उपलब्धता के संबंध में भौतिक रूप से निरीक्षण सुनिश्चित किए जाने के लिए सभी सेक्टर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिले में 611 मतदान केन्द्र है। इसके लिए

कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। सभी सेक्टर अधिकारी प्रशिक्षण में दी जा रही सूचनाओं को बारीकी से समझे। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी को संबंधित क्षेत्र का सम्पूर्ण जानकारी होना चाहिए, ताकि अधिकारी संबंधित क्षेत्र के मतदान केन्द्रों की व्यवस्था से वाकीफ हो जाएं। इसके अलावा सेक्टर अधिकारी के रूप में जो क्षेत्र आबंटित की जा रही है उस क्षेत्र में आने वाले सभी मतदान केन्द्रों का स्वयं जाकर मूलभूत सुविधाओं आदि की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने व क्राईम वाले क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान दिए जाने की बात कही। सेक्टर अधिकारी संबंधित पुलिस अधिकारी के साथ समन्वय कर निरीक्षण रिपोर्ट 20 जनवरी तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी को संबंधित क्षेत्र का सम्पूर्ण जानकारी होना चाहिए। निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ना, विलोपित करना एवं त्रुटिसुधार आदि कार्य को शीघ्र करने को कहा। पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग ने कहा कि निर्वाचन करवाने में सेक्टर अधिकारी का बहुत महत्वपूर्ण दायित्व है।

दुर्ग के हेमंत ने राममंदिर आंदोलन में दिया था साथ

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तारीख जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे उन रामभक्तों के खुद के भावों पर नियंत्रण कठिन होता जा रहा है, जो राम मंदिर आंदोलन का हिस्सा रहे। राम मंदिर के लिए कई आंदोलन हुए। इनमें सन् 1990 का सत्याग्रह आंदोलन में भी शामिल है। इस आंदोलन में दुर्ग के सिंधी कालोनी निवासी हेमंत कुमार खत्री भी कारसेवक के रूप में शामिल हुए। वे श्रीराम कारसेवा समिति के सदस्य के रूप में अन्य कारसेवकों के साथ अयोध्या पहुंचे थे और राम मंदिर आंदोलन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की थी। आंदोलन में शामिल होने के लिए कारसेवक हेमंत कुमार खत्री को श्रीराम कारसेवा समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। पेशे से व्यापारी हेमंत खत्री राममंदिर आंदोलन के उन दिनों की तस्वीरों व प्रशस्ति पत्र को निहारते है, तो वे रोमांचित हुए बगैर नहीं रह पाते है।

आंदोलन की एक-एक पल की घटनाक्रम फिर से ताजा हो जाती है। कारसेवक हेमंत कुमार खत्री अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर खासे उत्साहित है। उनका कहना है कि इस दिन की उन्हें वर्षो से प्रतिक्षा थी। वह समय अब करीब आ गया है। सौभाग्य है कि श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के ऐतिहासिक पल को हम देख पाएंगे। मेरे जीवन के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण दिन है।

युवा भ्रमित होकर नशे का शिकार हो रहे है : गर्ग

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिला प्रशासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त स्वयं सेवी संस्था कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च आर्गेनाइजेशन जिला दुर्ग द्वारा संचालित कल्याणी एकीकृत नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र में सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग का मुख्य अतिथि के रूप में आगमन हुआ। पुलिस अधीक्षक गर्ग ने संस्था के कार्यो की सराहना की और नशा मुक्ति केंद्र के उपचार को विस्तारपूर्वक

जाना। उन्होंने अपने उदबोधन में युवाओ के प्रति चिंता जताते हुए कहा कि युवा भ्रमित होकर नशे का शिकार बनता हैं और जाने अनजाने में वह कब अपराध की दुनिया में कदम रख लेता है कि उसे पता ही नहीं चल पाता हैं। यह विकसित भारत में एक गतिरोध के रूप साबित हो रहा है। नशा एक मानसिक बीमारी के साथ साथ सामाजिक बीमारी भी हैं और इस बीमारी का अंत हम सब के प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। श्री गर्ग द्वारा जानकारी साझा कर अवगत कराया गया कि पुलिस द्वारा नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु निरंतर नशे व मादक द्रव्यों के अवैध कारोबार पर छापामार कार्यवाही की जा रही है और उन्होंने संस्था के कल्याणी फाइटर द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति, सेल्फडिफेन्स और बुजुर्गो पर हो रहे दुर्व्यवहार पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कर रहे प्रचार प्रसार की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुवात सर्वप्रथम भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। संस्था निदेशक अजय कल्याणी ने उद्बोधन में संस्था द्वारा संचालित किये जा रहे परियोजनाओ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। संस्था के अध्यक्ष श्री एन.चिरंजीव राव ने आभार प्रदर्शित करते हुए पुरे टीम की ओर से पुलिस अधीक्षक के प्रति ह्रदय से कृतज्ञता व्यक्त की।

किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत जारी टेंडर निरस्त

दुर्ग/नवप्रदेश। किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत मिशन वात्सल्य योजना के तहत संचालित शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं में राशन सामग्री, फल, सब्जी आपूर्ति के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु 11 मई 2023 को विज्ञापन जारी कर निविदा आवेदन आमंत्रित की गयी थी। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जारी निविदा हेतु वित्तीय वर्ष समाप्त होने एवं समूह चयन की कार्यवाही ना होने फलस्वरूप जारी विज्ञापित निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है।

न्याय यात्रा पहुंची नागालैंड के ओहाहिंग

नव प्रदेश संवाददाता

वालंटियर की भूमिका निभा रहे विधायक देवेंद्र यादव

भिलाई। राहुल गांधी भारत जोड़ों न्याय यात्रा कर रहे हैं। यात्रा का मूल उद्देश्य देश में बढ़ रही बेरोजगारी देश में बढ़ रही द्वेष की भावना, केंद्र सरकार द्वारा लगातार आम जनों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ और दलित आदिवासियों को को न्याय दिलाने के लिए मणिपुर से मुंबई तक की यात्रा शुरू की है। अपार जन समर्थन से यह स्पष्ट हो चुका है कि भारत के नागरिक केंद्र सरकार की तानाशाही रवैया के खिलाफ मुखर होकर लड़ने की तैयारी कर रहे हैं विधायक देवेंद्र यादव रोज राहुल गांधी जी के साथ यात्रा कर रहे है आज यात्रा बीके टाउन जुन्हेबोटो से शुरू होकर चूचूयिमपांग में सभा के बाद मेटानकांग में सभा को संबोधित करके ओआहिंग में विश्राम करेंगे और कल सुबह 8 बजे पुनः शुरू होगी। एक ओर जहां देश में भाजपा हिन्दू मुस्लिम के बीच नफरत की दीवार खड़ी कर रही है। देश की एकता और अखंडता व लोकतंत्र को दरकिनार करके देश का विभाजन करने में जुटी हुई है। ऐसे में राहुल गांधी जी नफरत की दीवार को तोड़कर भारत की धरती में मणिपुर से मुंबई तक देशवासियों के बीच प्रेम, भाईचारा का हाथ बढ़ा रहे हैं। हमारे देश की मिट्टी की खुशबू फैला रहे है और एकता को मजबूत कर रहे हैं।

जस झांकी स्पर्धा में अंजोरा मंडली प्रथम

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। माँ महामाया सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय दो दिवसीय देवी जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंजोरा जिला दुर्ग की श्री शिव शक्ति बाल जस झाँकी मंडली ने प्रथम बाजी मार कर 11001 रुपये का प्रथम पुरस्कार जीता। वहीं जय माँ भवानी भूपत जस झाँकी मंडली ग्राम खुर्सीपार राजनांदगांव को द्वितीय पुरस्कार मिला। जय सहोदर राउत नरसिंग नाथ जस झाँकी मंडली अण्डा (दुर्ग) को क्रमशः तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वही विशेष पुरस्कार में बेस्ट गायन के लिए श्री शिव शक्ति सेवा भजन मंडली पर्री खुर्द - राजनांदगांव रहे। जिन्हें 3001 रुपये की राशि अलग से दी गई बता दे कि कार्यक्रम 13 जनवरी से शुरू की। जिसमें मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पार्षद लता खैरवार, प्रमोद राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुवात सर्वप्रथम प्रातः ग्राम देवी देवताओं की मंत्रोच्चार से पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिसके बाद सर्वप्रथम जय सहोदर राउत नरसिंग नाथ जस झाँकी मंडली अण्डा की प्रस्तुति हुई जिन्होंने श्रोताओं का मन मोह लिया। इस आयोजन से नगर का माहौल भक्तिमय रहा। प्रतियोगिता में अंचल की 27 मंडलियों ने भाग लिया। दो दिनों तक भगवान की महिमा व देवी देवताओं के चरित्र का बखान किया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400024 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका इन्द्रकुमार आ./पति स्व. प्रेमचंद निवासी सेक्टर-09 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1606/126 रकबा 0.010 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400249 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका राजेन्द्र कुमार साहू आ./पति कृष्ण कुमार साहू निवासी न्यू आदर्शनगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 524/51 रकबा 0.0100 हें/ 1089 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्री सुल्तान अली — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401100400243/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री सुल्तान अली आ. श्री मुस्तकीम अली निवासी अर्जुन नगर केम्प-01 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम खेदामारा प.ह.न. 11 तह. व जिला दुर्ग	453/180	0.037 हें 4000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202310100400243 /अ-06/ सन्- 2023-24

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रॉबर्ट नारबर्ट आ. स्व. स्टमली नारबर्ट साकिन कर्मचारी नगर सिकोलाभाठा द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तहसील व जिला दुर्ग मे उसके नाम पर भूमि खसरा नं. 2021/5 रकबा 0.030 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से क्रय किया था, जिसका नामांतरण पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त हो गया था, परंतु वर्तमान अभिलेख में दर्ज है के नक्शे के ऑनलाईन में त्रुटिपूर्ण नक्शे को सुधार किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोद्य दुर्ग के न्यायालय में आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को नक्शा त्रुटि को सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30.01.2024 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 12.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202401104500020 विषयः अ-06/ सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

गभरा प.ह.न. 00013 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- राजेश बघेल

अनावेदक पक्षकार - जुलवा भोला हीरा गायत्री जयंती सावित्री

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम गभरा प.ह.नं. 13 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राजेश बघेल पिता स्व. भालेचंद बघेल निवासी सेक्टर-05 भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम गभरा प.ह.न 13 तहसील पाटन स्थित भूमिस्वामी हीरा पिता समारु के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 446 रकबा 0.10 हे. को पंजीकृत बैनामा दिनांक 23.01.2008 से क्रय आधार पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदक राजेश बघेल पिता स्व. भालेचंद बघेल द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपने लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 29.01.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-2 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202401100400085 मामला की श्रेणी/अ-6अ/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुब्रत पाल पिता देबाब्रता पाल उम्र 38 वर्ष निवासी म.न. 47/40 ओम किराना स्टोर्स के पास हरिनगर कातुलबोर्ड दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.नं. 42 स्थित भूमि खसरा नं. 45/94 रकबा 1200 वर्गफीट जो कि आवेदक की क्रयशुदा आवेदक के नाम पर दर्ज भूमि है किन्तु ऑनलाईन खसरा पांचशाला दुरुस्त नही होने से वर्तमान में विक्रेता के नाम पर अभिलिखित होकर प्रदर्शित होने का लेख करते हुए त्रुटि सुधार कर रिकार्ड अद्यतन किए जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर अ.वि.अ. महोद्य दुर्ग प्रस्तुत किया गया है जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2024 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202401101400014 /अ-6/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेनीराम पिता स्व. फिरंगी विरुद्ध रामकुमार पिता स्व. फिरंगी, राजेन्द्र पिता स्व. फिरंगी, आवेदक एवं अनावेदक के शामिलात नाम से मौजा मचांदुर प.ह.नं. 58 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग में भूमिस्वामी हक कि कृषि जमीन खसरा नं. 276/2, 381, 434/2, 448/2, 555/2 एवं 578/2 रकबा 0.120, 0.220, 0.120, 0.170, 0.140, 0.450 हे. कुल रकबा 1.220 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त जमीन का बंटवारा कब्जा व कास्त के आधार पर करते हुए अलग-अलग ऋण पुस्तिका प्रदान किए जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.01.2024 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार-01, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 05 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00054 खम्हरिया ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430110200010

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00054 के अंतर्गत ग्राम खम्हरिया के वर्तमान भूमिस्वामी तेजराम पिता/पति सुखरु पता खम्हरिया के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 726(0.2900), 735/5(0.1100), 735/5(0.2900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सूर्यकांत साहू पिता/ पति स्व. ओमकार साहू नाबा. पता, डामेन्द्र कुमार साहू पिता/पति संतोष कुमार साहू नाबा. पता, छयांक कुमार साहू पिता/पति संतोष कुमार साहू नाबा. पता, गुलाब साहू पिता/पति स्व. ओमकार साहू नाबा. पता के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.02.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 05 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार तह. भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील भिलाई-3 प.ह.न. 00006 गनियारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण सी.टी. 202324430403500003

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00006 के अंतर्गत ग्राम गनियारी के वर्तमान भूमिस्वामी रामलाल सिह पिता/पति रुपसिह पता पचपेडी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1038 (0.0800) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संतोष कुमार पिता/पति रामलाल पता पचपेडी तह. भिलाई 03 जिला दुर्ग, जगन्नाथ पिता/पति रामलाल पता पचपेडी तह. पाटन जिला दुर्ग, कृष्ण कुमार पिता/पति रामलाल पता पचपेडी तह. पाटन जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.02.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-03 (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00024 थनौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430107800005

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00024 के अंतर्गत ग्राम थनौद के वर्तमान भूमिस्वामी चोवाराम पिता/पति पि. भंवरसिंह पता थनौद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 72(0.0400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कांतिलाल पिता/पति केजूराम साहू पता ग्राम पारीकला तह. व जिला राजनांदगांव के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.01.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430107400018

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी किशोरभाई पटेल पिता/पति पोपटलाल पटेल पता कादम्बरी नगर सिकोला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 296/280(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मुकेश कुमार हरसिंघानी पिता/पति स्व. भगवानदास हरसिंघानी पता गुरुनानक नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.01.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपर्थकर्ता टिकेश्वर प्रसाद वर्मा पिता सागर सिंह वर्मा, उम्र 33 वर्ष जाति लोधी, निवासी शक्तिनगर वार्ड नं. 18 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 09.05.2022 है जिसका जन्म जिला चिकित्सालय दुर्ग में हुआ है जिसके नाम से जन्म प्रमाण पत्र भी जारी हो चुका है जिसमें मेरे पुत्र का नाम डिलेश्वर वर्मा (DILESHWAR VERMA) दर्ज है। मेरे पुत्र के नाम से भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड क्रमांक 9839 9365 8413 में डिलेश्वर वर्मा (DILESHWAR VERMA) दर्ज है। यह कि मैं अपने पुत्र के नाम डिलेश्वर वर्मा (DILESHWAR VERMA) को बदलकर अपने पुत्र का नाम शिवम वर्मा (SHIVAM VERMA) हर हमेशा के लिए रखना चाहता हूं। यह कि डिलेश्वर वर्मा (DILESHWAR VERMA) एवं शिवम वर्मा (SHIVAM VERMA) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पुत्र का ही नाम है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम डिलेश्वर वर्मा (DILESHWAR VERMA) के स्थान में मेरे पुत्र का नाम शिवम वर्मा (SHIVAM VERMA) को दर्ज करवाने हेतु शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने तथा मेरे पुत्र को इसी नाम से जाने पहचाने व पुकारा जावे एवं समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता — टिकेश्वर प्रसाद वर्मा

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202310101000004/अ-6/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046(1187/1(0.0400 हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - गिरिराज साहू

अनावेदक पक्षकार- सेवाराम साहू आ./

ईश्तहार

आवेदक गिरिराज साहू पिता/पति/विभाग स्व. सेवाराम साहू पता द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46 रा. नि. मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1187/1 रकबा 0.0400 हे. है जो भूमिस्वामी स्व. सेवकराम साहू आ. स्व. मनोहर साहू के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी सेवकराम साहू आ. स्व. मनोहर साहू मृत्यु दिनांक 28.07.2021 को हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु फौती नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1 मृत्यु प्रमाण की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो वह नियत पेशी दिनांक 24.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

सोनी समाज ने शर्मा को दी जन्मदिन की बधाई

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला स्तरीय सोनी समाज के सदस्यों ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा को जन्म दिन के अवसर पर बीजेपी कार्यालय पहुंच कर शुभकामनाएं दी।.इस अवसर पर सर्व सोनी समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गुणेन्द्र चंदेल , प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर लाल सोनी , सतीश सोनी , डॉं योगेश्वर सोनी ,गोपाल सोनी कान्हा सोनी गोविंद सोनी बद्री सोनी राजेश सोनी प्रांजल सोनी आशीष सोनी श्रीमति मधु सोनी आदि लोग उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस के लिए अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

धमतरी/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय स्थित डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह होगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने कार्यक्रम में कानून व्यवस्था पर नियंत्रण रखने के लिये कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य मंच में बैठक व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था की स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ.विभोर अग्रवाल, मुख्य समारोकार्यपालिकह स्थल पर बैठक व्यवस्था के लिये डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह ध्रुव विश्राम गृह में मुख्य अतिथि के आगमन से प्रस्थान तक की व्यवस्था तहसीलदार दुर्गा साहू, समारोह स्थल के प्रवेश द्वार में गणमान्य नागरिकों के स्वागत, विशिष्ट व्यक्ति दीर्घा एवं अधिकारी दीर्घा में बैठक व्यवस्था के लिये नायब तहसीलदार खीरसागर नाथ बघेल, विवके चन्द्राकर और पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं के बैठक स्थल पर नायब तहसीलदार श्रीमती जागेश्वरी गावड़े को कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किया गया है।

विकसित भारत 2047 पर बनाया मानव श्रृंखला

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में बुधवार 17 जनवरी को प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.आर.मेहरा के निर्देशन में विकसित भारत 2047 को सफल बनाने के लिये विकसित भारत के नोडल अधिकारी प्रो.हितेषा नंद ठाकुर, स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.मोहित कुमार, रेडक्रास प्रभारी प्रो.कौषल नायक एवं राश्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में विकसित भारत 2047 का भारत का नक्षा का मानव श्रृंखला विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया । प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.आर.मेहरा ने विकसित भारत 2047 के उद्देष्यों और भारत को सफल बनाने की विद्यार्थियों को भूमिका को बताया गया । स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.मोहित कुमार ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये प्रेरित किया एवं वोटर हेल्पलाईन एप तथा नवीन मतदाता फार्म-6 के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी । मानव श्रृंखला बनाने में डॉ.षिवेन्द्र धुर्वे एवं श्री रवि कोसरे का विषेश योगदान रहा । इस अवसर पर समस्त डॉ.अंबा षुक्ला, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा, डॉ.ममता सौरज, श्री प्रमोद चौरे, श्रीमती गायत्री साहू एवं कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे ।

निषाद समाज ने मनाई भक्तराज गुहा जयंती

गरियाबंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत चिखली में निषाद समाज द्वारा मंगलवार को भक्तराज गुहा जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल महामंत्री किसान मोर्चा एवं उपसरपंच धनराज विश्वकर्मा थे, अध्यक्षता पन्ना लाल कवर विशिष्ट अतिथि चन्द्रशेखर कुंजाम, भारत निर्मलकर, दिवाकर साहू ने की, वहीं मंच संचालन गिरिवर गंधर्व ने किया। भक्तराज गुहा जयंती पर रामायण मंडली द्वारा रामकथा का आयोजन किया गया था, जो कि देर रात तक चला। इस मौके पर निषाद समाज के वरिष्ठ मोहनलाल निषाद, घनश्याम निषाद, होरीलाल निषाद, लिलेश कुमार, भोजराम, पोखराज, नवल, ईश्वरीय, पंचराम, जीवन, कामता राम, देवीसिंह सहित समाज व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सिख संगठन ने शिवरतन को दी जन्मदिन की बधाई

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा के उपाध्यक्ष एवम क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन ने स बलवंत सिंह सलूजा के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में श्री शर्मा से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सिख संगठन सए अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि इस अवसर पर स हरभगवान गुम्बरस बबलू चावला, राजा गुंबर कुलवंत गुम्बर, गुरमीत गुम्बर बेअंत सिंह खालसा ,जोंटी गुम्बर गगनजीत आनंद अमरजीत सलूजा जितेन छाबड़ा मनी आदि समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे।

बीमार बच्चों का हालचाल जानने सुबह पांच बजे अस्पताल पहुंचे कलेक्टर

- बेहतर इलाज के लिए बच्चों को सीएचसी से जिला अस्पताल किया शिफ्ट
- सभी 7 बच्चों की स्थिति सामान्य, सभी खतरे से बाहर

गरियाबंद/नवप्रदेश। गलती से रतनजोत बीज खा लेने के बाद अस्पताल में भर्ती बच्चों को देखने कलेक्टर दीपक अग्रवाल बुधवार सुबह 5 बजे ही जिला अस्पताल पहुंच गए। कलेक्टर की संवेदनशीलता और संजीदगी कदम से सभी 7 बच्चों का बेहतर इलाज हो रहा है। साथ ही सभी बच्चों की स्थिति सामान्य है, सभी स्वस्थ्य है। गौरतलब है कि बीते शाम मैनपुर के ग्राम बड़े गोबरा में स्थित आदिवासी बालक आश्रम के बच्चों ने शाम का खाना खाने के बाद गलती से रतनजोत के बीज का सेवन कर लिया था। इससे बच्चों को उल्टी और पेट दर्द संबंधी समस्या शुरू हो गई। तबीयत बिगड़ते देख बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर में एडमिट किया गया। जहा इलाज के बाद सभी 7 बच्चों के स्वास्थ्य में

सुधार हो रहा था। कलेक्टर को घटना के संबंध में जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल बच्चों के बेहतर इलाज करने के निर्देश चिकित्सकों को दिए। बीएमओ मैनपुर द्वारा सभी 7 बच्चों को डॉक्टर के देख रेख में इलाज हेतु 16 जनवरी की रात में ही जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया। जहां जिला अस्पताल सिविल सर्जन के नेतृत्व में बच्चों का इलाज तत्काल शुरू किया गया। जहां बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति सामान्य हो गई।

इसी दौरान घटना की पल पल की खबर ले रहे कलेक्टर श्री अग्रवाल ने दिन शुरू होने का इंतजार नहीं किया, और भोर में ही सुबह पांच बजे बच्चों का हाल चाल जानने जिला अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल पहुंचते ही बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में मौजूद डॉक्टरों से जानकारी ली। साथ ही बच्चों को दिए जा रहे ट्रीटमेंट के बारे में भी पूछा। उन्होंने डॉक्टरों को बच्चों के बेहतर ध्यान रखने और इलाज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बच्चों से बड़ी तन्मयता से बात कर पूछा की बेटा उल्टी तो नहीं आ रही.. तबीयत ठीक है..कोई परेशानी तो नहीं। कलेक्टर ने अस्पताल में मौजूद बच्चों के परिजनों से भी बातचीत कर बच्चों के इलाज के बारे में चिंता नही करने का साहस बंधाया। चिकित्सकों ने बताया कि सभी 7 बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर है, सभी एकदम सामान्य है। सिविल सर्जन ने बताया कि बेहतर और पूर्ण स्वास्थ्य निगरानी के लिए अगले 24 घंटे सभी 7 बच्चे जिला अस्पताल में डॉक्टरों की देख रेख़ में ही रहेंगे।

सरयू साहित्य परिषद ने यज्ञशाला में किया सुंदरकांड पाठ

भाटापारा/नवप्रदेश। मंदिर तीर्थों में स्वच्छता अभियान के तहत स्थानीय यज्ञशाला परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन के बाद संगीतमय सुन्दरकांड का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

आयोजन का शुभारंभ हनुमान लला के पूजन अर्चन से हुआ। इसके तहत रज्जन महाराज एवं पं दिनेश शर्मा के सानिध्य में विधायक इन्द्र साव यज्ञाचार्य कन्हैयाधर दीवान, दिवाकर मिश्रा जीत नारायण साव सहित परिषद के पदाधिकारी गौरीशंकर शर्मा मुकेश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर भगवान का पूजा अर्चना की गई।

परिषद के वरिष्ठ सदस्य लखन शर्मा ने दुपट्टा भेंट कर, मुकेश शर्मा गौरीशंकर शर्मा द्वारा सरयू जागरण पत्रिका अर्पित कर विधायक इंद्र साव का अभिनंदन किया। परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा ने परिषद के कार्यों की जानकारी दी।

संगीतमय सुंदरकांड की शुरुआत- पूजा अर्चना के बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ की शुरुआत हुई। ज्योति पाण्डेय प्रभा ध्रुव, ललित सिंह ठाकुर के सुमधुर गायन एवं वादन मे संगीतमय सुन्दरकांड की अविरल धारा बही, हनुमान चालीसा के पठन एवं महाआरती प्रसादी वितरण के पश्चात आयोजन का समापन हुआ। इसके सफल बनाने में सरोज अग्रवाल,सरितारानी शर्मा,माण्डवी साहू,जितेन्द्र गौरहा, नवनीत शर्मा,आदि का अहम योगदान रहा।

विधायक ने दी शुभकामनाएं

विधायक इन्द्र साव ने सभी को शुभकामनाएं दी। परिषद द्वारा निरंतर किये जा रहे रचनात्मक कार्यों की सराहना की। उन्होने कहा कि परिषद द्वारा समय समय पर आयोजित विविध रचनात्मक आयोजन समाज को रचनात्मकता का संदेश ही नहीं दे रहे वरन सभी को एकसूत्र में पिरोने का अहम कार्य भी कर रहें है।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

नगरी/नवप्रदेश। कलेक्टर जनदर्शन में मिले 456 आवेदन। जिस कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने अर्जियों पर विचार कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में समस्या, शिकायत एवं मांग संबंधी प्राप्त कुल 456 आवेदन- जिले के ग्रामीणों की समस्या-शिकायतों के निराकरण के लिए जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में दूर-दराज से आये ग्रामीणों की अर्जियों पर संवेदनशीलतापूर्वक विचार करते हुए ग्रामीणों की उनकी समस्याएं सुनी और उनकी अर्जियां ली। कलेक्टर ने ग्रामीण महिलाओं को पात्रतानुसार प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत् आवेदन लेने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

प्रधानमंत्री आवास, आधार पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, श्रम पंजीयन सहित अन्य विभागीय योजनाओं के लगाये गये अलग स्टॉल कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जनदर्शन में आये ग्रामीणों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टोरेट परिसर में प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, श्रम पंजीयन, आधार पंजीयन, सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गये।

बालिका में रितु और बालक में मनीष प्रथम

■ 11 वर्षीय प्रेरणा तीसरे स्थान पर

गरियाबंद/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर खेलो भारत रन फॉर यूथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप जलाकर की गई। अधिवक्ता प्रशांत मानिकपुरी ने भगवा झंडा दिखाकर बालिका मैराथन को रवाना किया। इसमें रितु ध्रुव प्रथम, योगिता ध्रुव द्वितीय और 11 वर्षीय प्रेरणा ध्रुव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को नगद व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पुरुष मैराथन में 56 युवाओं ने हिस्सा लिया था। उन्हें वंशगोपाल

सिन्हा पार्षद नपा गरियाबंद ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। तिरंगा चौक से भूतेश्वरनाथ और वापस गांधी मैदान पहुंचे। इसमें चपोरा रतनपुर के मनीष कुमार प्रथम, भोजराम साहू (कसडोल) द्वितीय और नरहरपुर के रामकरण साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्हें नगद व शील्ड से पुरस्कृत किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभाविप के पूर्व जिला संयोजक अधिवक्ता प्रशांत मानिकपुरी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला सह संयोजक व पार्षद वंशगोपाल सिन्हा ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अनंत सोनी अभाविप के प्रदेश सहमंत्री, विशिष्ट अतिथि जिला संयोजक रंजन यादव, पूरन लाल, पूरसरिया रिटायर्ड आर्मी आफिसर कार्यक्रम में महेन्द्र यादव, दीपक सिन्हा, राहुल सिन्हा, यामिनी सिन्हा, सुषमा यादव, निखिल साहू, सुर्यश कश्यप, हर्षित यदु, क्षितिज नारायण तिवारी, गजानन नागेश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

पीएम विश्वकर्मा योजना के ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें लाभ प्रदान करना। कौशल उन्नयन कार्यक्रम से जोड़कर उनका कौशल विकास करना,उन्हें आधुनिक औजार/टूल किट प्रदान करना, उन्हें ऋण प्रदान करना पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य है। जिसके अंतर्गत 18 घटकों जिसमें कारीगर, शिल्पी, बुनकरों, टेर्लरिंग, कारपेंटर, लोहार, शस्त्रसाज, लोहे का औजार निर्माता, ताला साज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, चर्मकार, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाडू निर्माण, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, मालाकार, नाई, धोबी एवं मछली जाल निर्माता इत्यादि हितग्राहियों को लाभांवित किया जाना है। जिसमें हितग्राहियों का पंजीयन लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा पोर्टल/मोबाईल एप पर, आधार आथेंटिकेशन के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज- आधार, मोबाईल नम्बर, बैंक विवरण, राशन कार्ड से किया जाना है। यह पंजीकरण पूर्णतः निशुल्क है। प्रथम चरण में हितग्राहियों का प्रमाणीकरण सरपंचों के माध्यम से किया जाना है। योजनांर्तत चिन्हित एवं प्रमाणित हितग्राहियों को 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा जिसमें प्रति प्रशिक्षाणार्थी 500 रू. प्रतिदिन मानदेय राशि प्रदाय की जावेगी। प्रशिक्षित हितग्राहियों को ई-वाउचर/ई-रूपी के माध्यम से 15 हजार रू. तक टूल किट प्रदान किये जायेगें। 5 प्रतिशत रियायती ब्याज पर ऋष्ण सहायता 18 महीने के पुनर्भुगतान के लिए पहली किश्त 1 लाख रू. मिलेगा, जरूरत पढ़ने पर 30 महीने के पुनर्भुगतान के लिए दूसरी किश्त 2 लाख रू. तक लोन दिया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु संयुक्त जिला कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक-63,71 कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बलौदाबाजार फोन नं. 07727-222131 पर संपर्क कर सकते है।

दुगली में अक्षत कलश यात्रा निकली

नगरी/नवप्रदेश। नगरी मंडल के अधीन विभिन्न ग्राम टोलियों को अक्षत कलश का निमंत्रण देते हुए वितरण किया गया। ग्राम दुगली में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई एवं आसपास के अन्य ग्रामों के लिए अक्षत कलश निमंत्रण ग्राम वासियों को सौंपा गया। अक्षत कलश यात्रा के प्रभारी डॉक्टर जी आर देवांगन ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को किया जाएगा। जिसका निमंत्रण पूरे देश भर के ग्रामों में अक्षत कलश के माध्यम से भेजा जा रहा है जिसका आज दुगली में वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी डॉ. जी .आर देवांगन नगरी, सह प्रभारी मोतीलाल दिवाकर सारंगपुरी (उमरगांव), ?पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी,ग्राम पटेल सीताराम नेताम,शीतला पुजारी गुलेश नेताम, वरुण देव नेताम,बजरंगबली मंदिर पुजारी राधेश्याम मरकाम, भोज सोनवानी, आशाराम ध्रुव, गोपाल सिंह यादव, कुंदन सिंह नेताम, ईश्वर लाल सोरी रवि शंकर ओटी, महिला प्रभाग पनकिन नेताम, कलाबाई मंडावी,भुवनेश्वरी यादव, जागेश्वरी यादव,यशोदा ओटी, मानबाई मरकाम, भारती ध्रुव, कचरीबाई नेताम आदि उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

कांकेर के रामनाथ मंदिर में प्रभु ...

यहां भी वनवास के दौरान भगवान राम के पहुंचने के पुख्ता प्रमाण मिलते हैं। धार्मिक ग्रंथो में भी उल्लेख है कि प्रभु श्रीराम कंक ऋषि से मिले थे। कांकेर क्षेत्र कंक ऋषि की तपोभूमि रही है। कंक ऋषि के नाम से ही अपभ्रंश होकर क्षेत्र का नाम कांकेर पड़ा था। भगवान राम के कांकेर स्थित रामपुर जुनवानी, भंडारीपारा स्थित मारादेव तालाब, कांकेर शहर स्थित गढ़िया पहाड़ के अलावा रावघाट तथा तरांदुल की पहाड़ियों में भी पहुंचने की कथाएं प्रचलित हैं। इन स्थानों पर पाए जाने वाले तथ्य इन प्रचलित कहानियों की सच्चाई बयां करते हैं।

मारादेव तालाब ...

तट में अतिक्रमण होने की वजह से मंदिर बनाने पर्याप्त जगह नहीं मिल पा रही है। यही कारण है श्री राम मंदिर निर्माण ट्रस्ट ने इस स्थान की जगह राजापारा में दूधनदी किनारे राम मंदिर निर्माण शुरू किया है।

साय सरकार ने सरकारी ...

विभाग के लिए लागू नहीं होगी। छत्तीसगढ़ पुलिस के जिला पुलिस आरक्षक संवर्ग में भर्ती के लिए वर्ष 2018 में 2259 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। इसके पश्चात लगभग 5 वर्ष के बाद 04 अक्टूबर 2023 को जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के 5967 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। ऑनलाईन आवेदन लेने की प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मंत्रिपरिषद द्वारा पुरूष अभ्यर्थियों को उच्चतर आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है।

पिछली बैठक में हुए...

पर किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान खरीदी (लिंकिंग सहित) करने का निर्णय लिया गया है।

00 राज्य के अंत्योदय और प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों को अगले 5 साल तक निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। इससे 67 लाख 92 हजार 153 परिवार लाभान्वित होंगे।

जगन्नाथ मंदिर हेरिटेज...

दी गई है। उद्घाटन के लिए दो दिन पहले यहां महायज्ञ शुरू हुआ। आज पूर्णाहूति के साथ इसे विधिवत रूप से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। 800 करोड़ रुपए में बनाए गए इस प्रोजेक्ट का मकसद 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल करना है।

धोनी पर मानहानि का ...

और उनकी पत्नी सौम्या दास पर धोखाधड़ी करने का केस किया गया है। इस केस में धोनी ने कहा कि उन्होंने मिहिर की कंपनी आरका के साथ देश-विदेश में क्रिकेट अकादमियां खोलने का करार किया था। आरोप के मुताबिक, धोनी ने यह एग्रीमेंट वापस ले लिया था। इसके बाद भी मिहिर ने अकादमियां खोलीं, जिनमें धोनी को नाम का इस्तेमाल किया है। 15 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले को लेकर धोनी ने मिहिर को वकील के जरिए लीगल नोटिस भी भेजा था। जानकारी के मुताबिक, मिहिर ने इस नोटिस का जवाब भी दिया था। इसमें मिहिर का कहना है कि धोनी को ही मुझे पांच करोड़ रुपए देने हैं। मिहिर दिवाकर महेंद्र सिंह धोनी के काफी करीबी रहे हैं। मिहिर साल 2000 में अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है। एमएस धोनी और मिहिर दिवाकर कभी साथ में रणजी मैच भी खेले हैं। आरका स्पोर्ट्स कंपनी के जिस करार को लेकर विवाद चल रहा है, उसके मुताबिक मिहिर कंपनी के फाउंडर और मिहिर की पत्नी सौम्या दास डायरेक्टर हैं। वहीं, धोनी को मेंटर बताया गया है।

कांग्रेस का घोषणापत्र 'जनता...

लोग अपना सुझाव पार्टी को ईमेल भी कर सकते हैं। उन्होंने मीडिया से भी सुझाव आमंत्रित किए हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने लोगों से इसमें शामिल होने और घोषणापत्र के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव देने का आग्रह करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस कोई पार्टी नहीं है, लोगों की आवाज है। हम नीति निर्माण में ऊपर से नीचे की प्रक्रिया में विश्वास नहीं करते हैं, हम आम नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करते हैं और उनके जीवन में बदलाव के लिए सार्थक नीतियां लाते हैं। हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम आपका सुझाव चाहते हैं।

राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग....

परामर्श सेवाएं, नवाचार और सर्वोत्तम संस्थान क्षेत्रों में केरल राष्ट्रीय स्तर पर अव्वल रहा।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद

Phone No. 07749-222370, Email Id : ee-res.balod@gov.in

(E-Tender) सूचना द्वितीय बार

क्रमांक/50/व.ले.लि./ग्रा.यान.से./2023-24 बालोद, दिनांक 16.01.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में 'डी'-वर्ग एवं उच्च श्रेणी में ठेकेदारों पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' पर दर्शित कार्य हेतु प्रतिशत दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 29.01.2024 तक आमंत्रित की जाती है। कार्य पूर्ण करने की अवधि 04 माह वर्षाऋतु सहित

क्र.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित लागत लाख रू. में	धरोहर राशि रु. में
1	2	3	4
1	फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट 03 कि.ली. / दिन ग्राम पंचायत संबलपुर विकासखण्ड डौण्डीलोहारा टेण्डर नं. 151283	31.27	23500/-

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 16.01.2024 से देखी जा सकती है।

जी-07163/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)

Email ID-ee.dhamtari@nic.in

क्रमांक 134/NIT-134/2023-2024/ व.ले.लि. दिनांक 08/01/2024

// निविदा आमंत्रण सूचना //
प्रथम आमंत्रण

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 29/01/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 05/02/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 06/02/2024 प्रातः 11.30 बजे

एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में)
36 T0221	कुरूद अनुविभाग के अन्तर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य । (राजिम सप्लाई कार्य हेतु)	2.00 2000.00 25000.00

1. प्रत्येक निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 300.00 7
2. प्रत्येक कार्यो का निविदा की श्रेणी द से अ श्रेणी के लिये है
3. एनआईटी क्र.10221 की समयावधि 15 Days.
4. टीप EMD के साथ क्लास छ्ष्ठ हेतु अनेकजर 2, 3 में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध हैन जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकता है।

जी-07172/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग
धमतरी (छ.ग.)

कार्यालय संयुक्त निदेशक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल, रायपुर छ.ग.

क्रमांक/डॉ.भी.अ.चिकि./रख./24/1010 रायपुर, दिनांक/6/0//2024

// निविदा सूचना //

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में निम्न निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है -

क्रमांक	निविदा का विवरण		निविदा फार्म हेतु शुल्क	निविदा प्रपत्र विक्रय अंतिम तिथि	निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि	निविदा खोले जाने की तिथि
01.	Rodent Control (चूहों एवं कॉकरोच से सुरक्षा/बचाव) कार्य हेतु जी-05803, जी-06422/1	तृतीय निविदा	1000/-	29.01.2024 तक (कार्या. समय शाम 5.00बजे तक)	30.01.2024 (शाम 5.00 बजे तक)	31.01.2024 (दोपहर 1.30 बजे तक)
02.	सेन्ट्रल गैस प्लांट (सेन्ट्रल गैस पाईप लाईन) के रखरखाव (सी.एम.सी.) कार्य हेतु जी-05120, जी-06425	तृतीय निविदा	1000/-			
03.	Computer System के मरम्मत में लगने वाले पार्ट्स, यूपीएस, पावर केबल, प्रिन्टर, प्रिन्टर टोनर कार्ट्रिज का स्थानीय क्रय हेतु एवं चिकित्सालय में उपयोग हो रहे प्रिन्टरों के टोनर रिलिंग कार्य हेतु जी-04695/2, जी-06426/1	चतुर्थ निविदा	1000/-			

जी-07178/2

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय
रायपुर (छ.ग,)

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2, सिरपुर भवन परिसर रायपुर (छ.ग.)

(निविदा आमंत्रण सूचना)

क्रमांक-134/नि.लि./2023-24 रायपुर, दिनांक 09.01.2024

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये 'ई' श्रेणी पंजीयन ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र AE में प्रतिशत दर पर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपन्त्र कय करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि :- 22.01.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 30.01.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 31.01.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र की कीमत प्रत्येक हेतु (रू. में) :- रूपये 0.00
5. निविदा प्रपत्र का प्रकार :- प्रपत्र "Ae"
6. निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीकरण के अंतर्गत ''ई'' श्रेणी
7. कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 02 माह (वर्षा ऋतु सहित)

क्र.	कार्य का नाम No of Calls	कार्य की अनु. ला. (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू.में)
1	2	3
27 T0099	CC Approch Road under Sub Division No.-4 (Arang) Raipur (1) Approch Road of Govt. High School at Banrasi (L-231 Mtr.) (2) Approach Road of Anganbadi Kendra No.-4 Building at Kosrangi (L-41 Mtr.) (प्रथम आमंत्रण)	18.85 14200.00 0.00
27 T0100	Approach Road of Govt. High School at Chikhli, Block-Arang (L-173 Mtr.) Under Sub Division No.-4 (Arang) Raipur (प्रथम आमंत्रण)	11.72 8800.00 0.00
27 T0101	Approach Road of Govt. High School at Tulsi, Block-Arang (L-230 Mtr.) Under Sub Division No.-4 (Arang) Raipur (प्रथम आमंत्रण)	15.51 11650.00 0.00
27 T0102	Approach Road of Govt. High School at Bhaisa, Block-Arang (L-252 Mtr.) Under Sub Division No.-4 (Arang) Raipur (प्रथम आमंत्रण)	15.50 11650.00 0.00
27 T0103	CC Approch Road under Sub Division No.-4 (Arang) Raipur (1) Approch Road of Govt. High School at Devertilda, Block- Arang (L-140 Mtr.) (प्रथम आमंत्रण) (2) Approach Road of Anganbadi Kendra No.-1 Building at Paraswani (Ghorbhatti) Block Arang (L-41 Mtr.) (प्रथम आमंत्रण)	13.49 10200.00 0.00
27 T0104	CC Approch Road under Sub Division No.-4 (Arang) Raipur (1) Approch Road of Govt. Primary School Building at Paraswani (Panda) (L-130 Mtr.) (2) Approach Road of Anganbadi Kendra No.-2 Building at Paraswani (Ghorbhatti) (L-41 Mtr.) (प्रथम आमंत्रण)	12.90 9700.00 0.00
27 T0105	Approach Road of Anganbadi Kendra at Kusmund, Block-Arang (L-167 Mtr.) Under Sub Division No.-4 (Arang) Raipur (प्रथम आमंत्रण)	11.24 8500.00 0.00

उक्त कार्य ''ई'' श्रेणी पंजीयन ठेकेदारों हेतु आमंत्रित किया गया है। निविदा संबंधी शर्तें एवं अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय में संपर्क करें।

जी-07153/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2
रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक-चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज़ गैलरी

कलेक्टर को नपा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका कवर्धा के नियमित और प्लेसमेंट कर्मियों ने बुधवार को वेतन दिलाने की मांग का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। इसके पहले दो महीने का वेतन देने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मुलाकात कर वेतन प्रदान करने की मांग की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने सभी कर्मचारियों के साथ बैठक कर वेतन भुगतान नही होने के कारणों को व तकनीकी समस्याओं के बारे में संपूर्ण जानकारी दी तथा जल्द से जल्द वेतन प्रदान करने की बात की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा त्याग पत्र सौंपने के बाद से शासन स्तर पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है एवं कर्मचारियों को वेतन भुगतान हेतु अनुमति प्रदान किये जाने के लिए शासन को पत्र प्रेषित किया गया है। कर्मचारियों को जल्द से जल्द वेतन देने का प्रयास किया जा रहा है। कर्मचारियों ने आश्वासन के बाद कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द वेतन प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया।

स्वरोजगार के लिए 23 तक आवेदन आमंत्रित

गरियाबंद /नवप्रदेश। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के तहत विभिन्न योजनाओं में व्यवसायों के लिए लोन के इच्छुक आवेदकों से 23 जनवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला अंत्यावसायी के कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि गुप्ता ने बताया कि गरियाबंद जिले में निवासरत 18 वर्ष से 50 वर्ष की सीमा तक के अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों के लिये स्वरोजगार स्थापना हेतु कृषि क्षेत्र में संचालित योजना अजजा टर्म लोन योजना इकाई लागत 3 लाख रूपये, अजजा टर्म लोन योजना इकाई लागत 5 लाख रूपये तथा उद्योग क्षेत्र में अजजा टर्म लोन योजना ईकाई लागत 5 लाख रूपये तक के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऋण के लिए आवेदन करने वाले हितग्राही की आय सीमा 03 लाख रूपये से अधिक न हो। ऋण के लिये आवेदन करने वाले आवेदक को जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र जमा करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी कलेक्ट्रेट परिसर गरियाबंद के कक्ष क्रमांक 37 जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति गरियाबंद में संपर्क किया जा सकता है ।

फुटकर दुकानों को व्यवस्थित करने के निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक दीपेश साहू ने सोमवार को 108 फीट भगवा ध्वज स्थापना को लेकर स्थल चयन के लिए नवीन बाजार पहुंचे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय, पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिंहा, हर्ष तिवारी, विकास तंबोली, विजय सुखवानी, परमेश्वर साहू, पंचू साहू, केशव साहू, योगेश वर्मा, मोंटी साहू समेत नगर पालिका कर्मचारी, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने बाजार में फुटकर दुकानों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें मुख्य रूप से मां भद्रकाली मंदिर परिसर में लगने वाले सब्जी दुकानों को चबूतरे में व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं। यहां मंदिर पहुंचने वाले भक्तों के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण बेतरतीब तरीके से वाहन को खड़ा कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में मुख्य बाजार होने के कारण यहां हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार कार्रवाई के बावजूद अतिक्रमणकारी मनमानी पर उतारू हैं।

10 लाख रुपए गांजे के साथ 4 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुखबीर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 15 जनवरी को दो ट्रक से गांजा बरामद कर जप्त किया। चार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया।

सोमवार को पाटेकोहरा बेरियर के पास चेकिंग पाईट लगाकर लगातार गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबीर के सूचना पर अवैध रूप से उड़ीसा से गुजरात की ओर से ट्रक में गांजा परिवहन करने की सूचना पर संदिग्ध वाहन ट्रक क्रमांक ओडी 07-ए 7815 एवं संदिग्ध वाहन ट्रक क्रमांक ओडी 19 जे 9231 को नाकाबंदी कर रोककर जांच की गई। जांच करने पर ड्रायवर द्वारा गोलमोल जवाब देने पर क्रमशः वाहन चालकों एवं साथ में बैठे व्यक्ति का नाम, पता पूछा गया। उसने अपना नाम रंजन बेहरा पिता शिवराम बेहरा (46), जाति गोंड़, साकिन ग्राम भठखोल, तहसील हजरीपड़ा, थाना बिसपडा, जिला कंदामाल, ओडिशा एवं ड्राइवर के बगल वाला सीट पर बैठे व्यक्ति ने सुभाष चंद्र छत्र पिता संतोष छत्र(28), जाति कंवर, साकिन फुलवानी, तहसील फुलवानी, जिला कंदामाल ओडिशा एवं नाम अशोक बेहरा पिता बीरागन बेहरा, (35) , जाति गोंड़, साकिन ग्राम तहसील फुलवानी, थाना बिसपड़ा, जिला कंदामाल, ओडिशा एवं ड्राइवर के बगल वाला सीट पर बैठ व्यक्ति अपना सुजीत कंवर पिता स्व. राधुनाथ कंवर, (27) , जाति कंवर, साकिन फुलोवन, थाना टीकावाली, तहसील चक्कापाथ, जिला कदमल, ओडिशा का रहने वाला बताये वाहनों के केबिन के तलाशी लेने पर आरोपीगणों के संयुक्त कब्जे से क्रमशः संदिग्ध मादक पदार्थ का पैकेट छिपाकर रखा गया कुल 14 पैकेट बरामद हुआ एवं संदिग्ध मादक पदार्थ का पैकेट छिपाकर रखा गया कुल 16 पैकेट बरामद हुआ है, जिसे विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपीगण रंजन बेहरा एंव सुभाष चंद्र छत्र के संयुक्त कब्जे से कुल 14 पैकेट मे गांजा जैसे मादक पदार्थ वजनी 14 किलोग्राम एवं ट्रक व आरोपीगण का मोबाईल व वाहन का पेपर जुमला कीमती 1085000 रूपये को एवं आरोपीगण अशोक बेहरा एवं सुजीत कंवर के संयुक्त कब्जे से कुल 16 पैकेट मे गांजा जैसे मादक पदार्थ वजनी 16 किलोग्राम एवं व आरोपी का मोबाईलएवाहन का पेपर को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया जाकर आरोपीगणो का कृत्य धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से क्रमशः अपराध क्रमांक 13/2024 व 14/2024 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर अपराध विवेचना में लेकर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल, उप निरीक्षक सुमेन्द्र खरे, सउनि नंदकुमार फरदिया, प्रधान आरक्षक संजय चौधरी, रामसाहय मंडावी, आरक्षक आशीष मानिकपुरी, देवीलाल साहू, सुनील कुमार, रविकांत धृतलहरे, हेमंत सुर्यवंशी का विशेष योगदान रहा।

छात्रों को बताए सफलता के ट्रिक

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के समस्त शासकीय हाई / हायर सेकेडरी विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2023-24 में अध्ययनरत विद्यार्थी जो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल हाई / हायर सेकेडरी प्रमाण पत्र परीक्षा 2024 में प्रविष्ट होंगे तथा राज्य के मेरिट सूची में जिनके स्थान अर्जित करने की संभावना है, ऐसे मेघावी विद्यार्थियों का एक दिवसीय प्रावीण्यता उन्नयन, परामर्श, समाधान एवं अभिप्रेरण सत्र का आयोजन मंगलवार को किया गया। यह उत्प्रेरण सत्र कलेक्टर जनमेजय महोबे एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल द्वारा विद्यार्थिओं को स्व अनुभव प्रेरक प्रसंग व मार्गदर्शन सह अभिप्रेरणा से विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एम.के.गुप्ता, सहायक संचालक द्वय डी.जी. पात्रा, यु.आर. चंद्राकर एवं प्रशासक सतीश यदु द्वारा अनुभव आधारित सफलता के सूत्र पर चर्चा करते हुए परीक्षोपयोगी टिप्स एंड ट्रिक्स प्रदान किया।

एसपी ने बेरला थाने का किया निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। 16 जनवरी को पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने थाना बेरला का निरीक्षण किया। एसपी द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। साथ ही पुलिस जवानो को हमेशा तनाव से दूर रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीएनएस में कार्यरत पुलिस जवान को सुचारू रूप से कार्य संपादन के लिए उचित इनाम से पुरस्कृत किए। इस दौरान निर्माणाधीन पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कर समय सीमा में पूर्ण करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थाना/चौकी की जप्ती माल, मालखाना, बंदीगृह, जप्ती रजिस्टर, जरायम, शिकायत, डियुटी रजिस्टर, मुर्त रजिस्टर, थाना की अन्य रजिस्टर व तख्ती चेक किये। संशोधित नए कानून के संबंध में विवेचकों को प्रशिक्षित करने की बात कही गई। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, सउनि दीनानाथ सिन्हा, एसपी रीडर विष्णु सप्रे एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

मिट्टी के दीए व मिठाई देकर प्राण प्रतिष्ठा के लिए जैनम ने किया आमंत्रित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव को लेकर उल्लास का माहौल है। पूरे देश में इस दिन हर घर दीपावली मनाने का आग्रह किया है। भाजपा दक्षिण मंडल व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक जैनम बैद और उनकी टीम ने दीनदयाल कालोनी, आशा नगर, लखोली सहित विभिन्न क्षेत्रों में मिट्टी के दीए, तेल, बाती एवं मिठाई के बॉक्स का वितरण किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़वासियों को दी गारंटियों में से एक और गारंटी को पूरा कर प्रदेश में श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन का महत्व : दीपेश साहू

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले के ग्राम गब्दा में गुहा जयंती के अवसर पर एकदिवसीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्यअतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहूशामिल हुए। सर्वप्रथम विधायक दीपेश साहू का श्रीफल और शाल भेंटकर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। एकदिवसीय कबड्डी स्पर्धा के विजयी टीम और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शील्ड और सम्मान राशि भेंटकर पुरस्कृत किया। साथ ही आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का भी श्रीफल, शाल और शील्ड भेंट किया। इसमें प्रथम स्थान सेवन सितारा बीरोदा के खिलाड़ियों को मिला, द्वितीय स्थान न्यू सूर्या दल कोटा, तृतीय इनाम जय बजरंग दल गब्दा, चतुर्थ इनाम दारगांव को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पोषण वर्मा, राजू देवांगन, परमेश्वर साहू, विजेता खिलाडीगण एवं ग्रामवासी मौजूद रहें। विधायक दीपेश साहू एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन के लिए खूब सराहना किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि खेल के प्रति आज के युवाओं को जोश और उत्साह बने रहें। सब मिलकर इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन हमेशा करते रहें। खेल हमारे आने वाले भविष्य तय करते हैं। खेल हमें अपने जीवन मे अनुसासन सिखाता हैं इसलिए सभी व्यक्तियों को जीवन मे खेल जरुरी हैं।

तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ (पंजीयन क्रमांक-249) के द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव, छग शासन के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर संजय अग्रवाल को सौंपा गया।

यह जानकारी जिला सचिव आनन्दकुमार श्रीवास्तव ने दी। इस अवसर पर अरूण कुमार देवांगन अध्यक्ष, आनन्दकुमार श्रीवास्तव सचिव, हरिश भाटिया कार्यकारी अध्यक्ष, कमलेश ढीमर, सुभाष तायवाड़े, श्रीमती संध्या तारम, श्रीमती माया सुरसे, श्रीमती सीमा यादव, भूपेंद्र ठाकुर, श्रीमती बसंती साहू, अनुप्रिया बघेल, संजय साहू, कौशल खोब्रागढ़े, राजेन्द्र जैन, चित्रकांत वर्मा, विकास ठाकुर, श्रीमती इंद्राणी ठाकुर, श्रीमती शोभा रामटेके, धीरेंद्र रंगारी, हेमलाल सिन्हा व अन्य कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय सड़क मार्ग और राज्यकीय सड़क मार्ग के साथ-साथ ग्रामीण तथा वनांचल सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाकर अनेक लोगों की जिंदगियों को बचाया जा सकता है। श्री अग्रवाल ने आमजनों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सहायक सड़कों के दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों को चिन्हित कर रंबल स्ट्रिप बनाने, आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने, घुमन्तु मवेशियों को सड़क से हटाने व रेडियम बेल्ट लगाने, रात्रि में अंधेरे की वजह से हो रही दुर्घटनाओं वाले स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। सड़कों पर बैठने वाले आवारा पशुओं को गौठान, गौशाला या कांजीहाउस में रखे और सड़कों पर घुमने वाले पालतु मवेशियों के पशुपालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करे। कलेक्टर ने स्कूली वाहनों एवं यात्री बसों में सड़क सुरक्षा मानकों का गंभीरता से पालन कराने के लिए कहा। बसों की समय समय पर फिटनेस जांच अनिवार्य रूप से किया जाए साथ ही इन वाहनों में ओवर स्पीडिंग एवं ओवर लोडिंग के प्रकरण में परिवहन विभाग को कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5

मामले की श्रेणी - राजस्व

संदर्भ- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00038 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324440723500041

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी चेतानंद व. महादेव रामटेक पिता/पति- पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 556/44 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुनीता रामटेके पिता/पति-स्व चेतानंद रामटेके पता-खमतराई रायपुर, सचिन रामटेके पिता/पति-स्व चेतानंद रामटेके पता-खमतराई रायपुर, सुरेखा पिता/पति-स्व चेतानंद रामटेके पता-खमतराई रायपुर, माधुरी मेहरा पिता/पति-स्व चेतानंद रामटेके पता-खमतराई रायपुर, चित्रलेखा रंगारी पिता/पति-स्व चेतानंद रामटेके पता-खमतराई रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, तहसील रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर

मामले की श्रेणी - राजस्व

संदर्भ- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00045 मोवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324440724000035

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00045 के अंतर्गत ग्राम मोवा के वर्तमान भूमिस्वामी सुपिता पति गिरीश गार्लकार पिता/पति- पता-शंकर नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 518/14 (0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ना.बा. गितेश साहू पिता/पति-वली माँ श्रीमती निशा साहू पति स्व. गोविन्द कुमार साहू पता-, ना.बा. भावेश साहू पिता/पति-वली माँ श्रीमती निशा साहू पति स्व. गोविन्द कुमार साहू पता-, निशा साहू पिता/पति-स्व. गोविंद कुमार साहू पता, पार्वती साहू पिता/पति-स्व. सुशील साहू पता, राम बाई साहू पिता/पति-स्व. सुशील साहू पता, पुष्पा साहू पिता/पति-स्व. सुशील साहू पता के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31/01/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार, तहसील रायपुर

नायब तहसीलदार पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.)

रा.मा.क्र. वर्ष

ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. सांकरा/पिथौरा तह. पिथौरा जिला महासमुंद

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम अमलीडीह के आम नागरिक को सूचित किया जाता है कि आवेदक भीखम कुमार पिता श्री सांवतराम जाति गोंड़ साकिन अमलीडीह रा.नि.मं. सांकरा/पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद अपने दादी रामवती ध्रुव के दिनांक 10.12.2007 को मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के द्वारा दिनांक 29.01.24 को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर/दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.01.2024 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, पिथौरा

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 03/ब-121 वर्ष 2023 - 24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मानसिंग साहू पिता प्रेमलाल साहू निवासी मोहभट्ठा प.ह.नं. 03 उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा अपने मां थानबाई पति प्रेमलाल के मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने/जारी करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को पेश किया। आवेदक ने अपने मां थानबाई पति प्रेमलाल के मृत्यु स्थान मोहभट्ठा दिनांक 17/12/2015 को हो चुका है। तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2023-24 विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/01/2024 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। उक्त नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 12/01/2024 को जारी किया गया।

सील — कार्यपालन दण्डाधिकारी, देवरबीजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)

Email: eocghbzone05@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत पुरैना, रायपुर में निर्मित फ्लैट क्र.- ई.डब्ल्यू.एस.-04 ब्लॉक-15, श्री राजेश मिश्रा पिता श्री आर.एस. मिश्रा, निवासी टैगोर नगर रायपुर (छ.ग.), मण्डल के नाम से नामांतरण आदेश क्रमांक-1346 दिनांक 06.02.2017 के माध्यम से नामांतरित है। आवंटती भू-खण्ड/भवन/फ्लैट 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भू-खण्ड/भवन/फ्लैट को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट का फ्री-होल्ड किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202401110500033

अ/6 वर्ष 2023-24

ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 49 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नाबा. भाग्यश्री साहू पिता वो वली श्री महेन्द्र कुमार साहू पिता श्री प्रीतराम साहू निवासी अटल चौक शिवविहार बोरियाखुर्द रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 754/1 रकबा 0.3471 हे. राजस्व अभिलेख में अनावेदक/दानदाता अशोक कुमार पिता रोमलाल निवासी वार्ड 17 शीतलापारा गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज है। अनावेदक द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की उक्त भूमि ख.नं. 754/1 का भाग रकबा 0.04 हे. को पंजीकृत दानपत्र (बिना प्रतिफल के) दिनांक 01/08/2023 को आवेदिका के पत्र में निष्पादित कर दान किया है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत दानपत्र के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत दानपत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो व नियत पेशी दिनांक 31/01/2024 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित मे पेश कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202401110500034

अ/6 वर्ष 2023-24

ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 49 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नाबा. आयुष कुमार साहू पिता श्री महेन्द्र कुमार साहू वली मां श्रीमती वंदना साहू पति श्री महेन्द्र कुमार साहू निवासी अटल चौक शिवविहार बोरियाखुर्द रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 754/1 रकबा 0.3471 हे. राजस्व अभिलेख में अनावेदक/दानदाता अशोक कुमार पिता रोमलाल निवासी वार्ड 17 शीतलापारा गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा निवासी जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज है। अनावेदक द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की उक्त भूमि ख.नं. 754/1 का भाग रकबा 0.04 हे. को पंजीकृत दानपत्र (बिना प्रतिफल के) दिनांक 01/08/2023 को आवेदक के पक्ष में निष्पादित कर दान किया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत दानपत्र के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत दानपत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किय गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनांक 31/01/2024 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, अभनपुर, जि. रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202401110500031

अ/6 वर्ष 2023-24

ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 49 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अरूणा साहू पति श्री अशोक कुमार साहू निवासी वार्ड नं. 17 शीतलापारा थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 754/1 रकबा 0.3471 हे. राजस्व अभिलेख में अनावेदक/दानदाता अशोक कुमार पिता रोमलाल निवासी वार्ड 17 शीतलापारा गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज है। अनावेदक द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की उक्त भूमि ख.नं. 754/1 का भाग रकबा 0.04 हे. को पंजीकृत दानपत्र (बिना प्रतिफल के) दिनांक 01/08/2023 को आवेदिका के पक्ष में निष्पादित कर दान किया है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत दानपत्र के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत दानपत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनांक 31/01/2024 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, अभनपुर जि. रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202401110500032

अ/6 वर्ष 2023-24

ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 49 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र कुमार साहू पिता श्री प्रीतराम उर्फ केशराम साहू निवासी वार्ड 06 साई नगर देवा तहसील राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 754/1 रकबा 0.3471 हे. राजस्व अभिलेख में अनावेदक/दानदाता अशोक कुमार पिता रोमलाल निवासी वार्ड 17 शीतलापारा गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज है। अनावेदक द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की उक्त भूमि ख.नं. 754/1 का भाग रकबा 0.04 हे. को पंजीकृत दानपत्र (बिना प्रतिफल के) दिनांक 01/08/2023 को आवेदक के पक्ष में निष्पादित कर दान किया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत दानपत्र के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत दानपत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनांक 31/01/2024 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सीलमुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, अभनपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202401110500030

अ/6 वर्ष 2023-24

ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 49 तहसील अभनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती वंदना साहू पति श्री महेन्द्र कुमार साहू निवासी अटल चौक, शिव विहार बोरियाखुर्द रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम नायकबांधा प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 754/1 रकबा 0.3471 हे. राजस्व अभिलेख में अनावेदक/दानदाता अशोक कुमार पिता रोमलाल निवासी वार्ड 17 शीतलापारा गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज है। अनावेदक द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की उक्त भूमि ख.नं. 754/1 का भाग रकबा 0.04 हे. को पंजीकृत दानपत्र (बिना प्रतिफल के) दिनांक 01/08/2023 को आवेदिका के पक्ष में निष्पादित कर दान किया है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत दानपत्र के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत दानपत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी दिनांक 31/01/2024 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में पेश कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सीलमुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार, अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में दिनांक 24-01-2024 को ईमारती काष्ठ, चन्दन काष्ठ, आर.टी.एल. एवं जलाऊ चट्टों का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रातः 09.00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है।

क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भली-भांति निरीक्षण कर लेवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगायें। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

		नये काष्ठ		पुराने काष्ठ	
क्र.	प्रजाति	लट्ठा	बल्ली	लट्ठा	बल्ली
		घ.मी.	नग	घ.मी.	नग
1	2	3	4	5	6
1	सागौन	0	0	5.298	212
2	साल	65.375	0	476.913	4936
3	साजा	0	0	24.450	507
4	धावड़ा	0	0	11.096	304
5	सतकठा	0	0	20.285	188
6	खम्हार	0	0	1.176	21
7	हल्दू	0	0	3.475	0
8	नीलगिरी	0	0	1.628	29
9	बसा	0	0	0.402	0
10	खैर	0	0	2.480	3
	योग :-	**65.375**	**0**	**547.203**	**6200**
	आरटीएल काष्ठ	-	-	1974,296 घ.मी.	
	मिश्रित जलाऊ	150 चट्टा		-	
	जलाऊ सागौन	-		21 चट्टा	
	चन्दन काष्ठ सेपवुड	1.43 क्विंटल लगभग		-	
	चन्दन काष्ठ हार्डवुड	16.86 क्विंटल लगभग		-	

नोट :-
1. ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 09.00 बजे प्रातः में की जावेगी तत्पश्चात जलाऊ चट्टों एवं चन्दन काष्ठ की नीलामी की जावेगी।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे।
3. समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमण्डल का वर्ष 2024 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 09.00 बजे प्रातः में की जावेगी तत्पश्चात् जलाऊ चट्टों कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई.एम.डी. राशि का अलग-अलग चेक देवें।

वनमण्डलाधिकारी, मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

जी-07171/4

न्यूज गैलरी

खेत में जुआ खेल रहे 5 जुआरी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 16 जनवरी की शाम सायबर सेल प्रभारी जितेन्द्र वर्मा एवं थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर थाना लालबाग एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम जंगलपुर और रामपुर के बीच नाले के उपर खेत में जुआ खेल रहे 5 जुआरियों राजीव ठाकुर पिता महेश ठाकुर, उम्र 35 वर्ष, निवासी बसंतपुर, जीवरखान पिता परदेशी, उम्र 42 वर्ष, निवासी पेंड्री, शुभम देवांगन पिता अर्जुन देवांगन, उम्र 24 वर्ष, निवासी नंदई, सुधाकर गायकवाड़ पिता सच्चा गायकवाड़, उम्र 25 वर्ष, निवासी गौरीनगर थाना मो. बसीर पिता मो. युसुफ, उम्र 42 वर्ष, निवासी चिखली को रेड कार्यवाही कर पकड़ा, जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश, 84420 रूपये नगद, 3 मोटर सायकल, 2 दरी एवं तालपत्री जप्त कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की।

अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मंगाई दावा-आपत्ति

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की छानबीन के क्रम में तीन दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। फिलहाल 3 आवेदकों ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं। डीईओ ने बताया कि बिल्हा विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल बसहा में प्राचार्य के पद पर कार्यरत स्व. संतोष कुमार श्याम के परिवार से उनके पुत्र श्री सिद्धार्थ श्याम, कोटा विकाखण्ड के संस्था ढोढ़ीनार के सहायक शिक्षक स्व. लल्लू सिंह कुशराम के पुत्र अमरजीत कुशराम एवं तखतपुर विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला विजयपुर में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत स्व. सुनील कुमार कश्यप के आश्रित परिवार से उनकी पत्नी श्रीमती ज्योति कश्यप ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आमजनों की जानकारी में यदि दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रित परिवारों में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने की सूचना है, तो वे 3 दिवस के भीतर पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित कक्ष क्र. 25, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के जरिए जानकारी दे सकते हैं ताकि नियमानुसार पात्र व्यक्ति को ही अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जा सके।

महाशिवरात्रि उत्सव में अतिथि होंगे मंत्री वर्मा

बिलासपुर/नवप्रदेश। महाकाल सेना रेलवे बिलासपुर के संस्थापक तामेश कश्यप और साथियों ने राजस्व आपदा प्रबंधन खेलकूद व युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा को आगामी महाशिवरात्रि महोत्सव के लिए आमंत्रित किया जिसको मंत्री महोदय ने सहृदय स्वीकार किया व उक्त कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति के लिए आश्वस्त किया, ज्ञात हो कि महाकाल सेना विगत 6 वर्षों से भव्य आयोजन करती आ रही है बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए आयोजन समिति ने इसे चार दिवसीय का आकार दे दिया है, जिसमे दो दिवसीय 6 व 7 मार्च जगराता 8 मार्च भंडारा व 10 मार्च को झांकी व विसर्जन का कार्यक्रम होगा शहर के नेता के साथ प्रदेश के बड़े चेहरे भी इस आयोजन में शरीख होने वाले है, खबर तो यह भी है कि मुख्यमंत्री श्री साय जी को भी निमंत्रण देने के लिए संपर्क साधने का प्रयास है। यह अंचल का सबसे बड़ा महाशिवरात्रि महोत्सव है ऐसे में प्रदेश मुखिया उपस्थित हो तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। इस मौके पर मे अतुल अवस्थी,आनंद राव विशाल सिंह, राहुल महिलांगे, संदीप साहू, आयुष महतो, राहुल जयसवाल की भी उपस्थिति रही।

अवैध उत्खनन : जेसीबी, हाइवा व ट्रेक्टर जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के खनिज अमले द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न माध्यमों से शिकायत/सूचना प्राप्त होने पर 15 एवं 16 जनवरी को खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन करते पाये जाने पर कार्रवाई की गई। कोटा क्षेत्र अंतर्गत सल्का नवागांव एवं आस-पास के क्षेत्रों में जांच के दौरान अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहे 05 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। सल्का नवागांव क्षेत्र में शिकायत/सूचना प्राप्त होने पर जांच के दौरान पाया गया कि खनिज रेत एवं मिट्टी मुरूम का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। अवैध तरीके से खनिज मिट्टी/मुरूम का उत्खनन कर परिवहन करते पाये जाने पर प्रकरण दर्ज कर 1 जेसीबी मशीन जप्त कर थाना कोटा की अभिरक्षा में रखा गया है एवं 01 हाईवा को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्त कर थाना सिरगिट्टी की अभिरक्षा में रखा गया है तथा 03 ट्रेक्टर खनिज रेत के अवैध परिवहन करते वाहनों को जप्त कर 02 ट्रेक्टर थाना कोनी की अभिरक्षा एवं 01 ट्रेक्टर खनिज बैरियर कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है। जप्त खनिजमय वाहनों पर खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है। खनिज अमला द्वारा खनिजों के उत्खनन/परिवहन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्रों के साथ सभी क्षेत्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र से यदि अवैध खनिजों का उत्खनन/परिवहन के मामले दर्ज होने पर पुनः एफआईआर अथवा न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया जाएगा।

फिर कुछ ट्रेनें रद्द रहेंगी कुछ परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व तटीय रेलवे के वाल्टेयर मंडल के अंतर्गत सिंगपुर-रायगढ़ा सेक्शन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी कार्य हेतु दिनांक 20 जनवरी से 27 जनवरी के मध्य नॉन-इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित कुछ यात्री गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसकी विस्तृत जानकारी इस प्रकार है - रद्द होने वाली गाडियां-दिनांक 20 जनवरी से 28 जनवरी' 2024 तक रायपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08527 रायपुर-विशाखापट्टनम पैसे. स्पे रद्द रहेगी। दिनांक 19 जनवरी से 27 जनवरी' 2024 तक विशाखापट्टनम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 08528 विशाखापट्टनम-रायपुर पैसे. स्पे रद्द रहेगी। दिनांक 20, 23 एवं 27 जनवरी' 2024 को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 17481 बिलासपुर-तिरुपति द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 18, 21 एवं 25 जनवरी' 2024 को तिरुपति से रवाना होने वाली गाडी संख्या 17482 तिरुपति-बिलासपुर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रद्द रहेगी। विलंब से रवाना होने वाली गाडियां- दिनांक 23 जनवरी' 2024 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22848 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 2 घंटे विलंब से गंतव्य को रवाना होगी । दिनांक 21 जनवरी' 2024 को विशाखापट्टनम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22847 विशाखापट्टनम-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 5 घंटे विलंब से गंतव्य को रवाना होगी । दिनांक 25 जनवरी' 2024 को विशाखापट्टनम से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18573 विशाखापट्टनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 8 घंटे विलंब से गंतव्य को रवाना होगी ।

बड़ी संख्या में वार्डवासी भाजपा में हुए शामिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलने के बाद से भाजपा में प्रवेश लगातार हो रहे है। इसी कड़ी में शहर के वार्ड नंबर 1 बजरंगपुर-नवागांव में शिव मंदिर के पास सीमेंट कांक्रीटीकरण भूमिपूजन के लिए पूर्व महापौर एवं पूर्व सांसद तथा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव की उपस्थिति में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने स्वस्फूर्त होकर मोरजध्वज देवांगन के नेतृत्व मे भाजपा प्रवेश किया।

केंद्र में नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार एवं राज्य में विष्णु देव साय नीत भाजपा सरकार साथ ही पार्टी संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों पर भरोसा जताते हुए वार्डवासियों ने भाजपा प्रवेश किया।

पार्टी प्रवेश करने वालों में मोरजध्वज देवांगन, संतोष चौहान, रुपेश देवांगन, शंभू पाल, महाराज जी, भरत साहू, महेश देवांगन, गंगाधर देवांगन, इंद्र कुमार साहू, हरिचंद, पुनेंद्र कोरीम, चंदन मानिकपुरी, प्रमोद साहू, चैन कुमार बागडे, मेघनाथ देवांगन, मोहित देवांगन, द्वारका देवांगन, संतोष देवांगन एवं महिलाएं अगेश्वरी देवांगन, ज्योति देवांगन, पूर्णिमा देवांगन, प्रभा चौहान, सुनैना चौहान, मीरा बाई, भावना, राधिका साहू, साहिल लहरिया, रश्मि बांगडे, नीला, रानी, कल्याणी, पूजा, नवीन, त्रिवेणी, ड़ारन बाई, महेश्वरी, अनु भार्गव, रामकली, दिलेश्वरी, यामिनी लाहुरिया, चंद्रिका, पुष्पा, बुधकुवर, गीता साहू, पूर्णिमा, ज्योति, महाराजीन, गोदावरी, निशा भट्ट, संतोषी, हिना, भारती, दुर्गा, केशव, इंद्र कुमार साहू, रुपेश देवांगन, संतोष चौहान, शंभू पाल और तारा के नाम शामिल है। इनके पार्टी प्रवेश पर मधुसूदन यादव सहित भाजपा नेताओं ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल चौबे, लेखचंद साहू, योगेश साहू, प्रभु देवांगन, पवन भारद्वाज, रमन यादव, नोहर साहू, कुंजू नेताम, पारस यादव, भीष्म देवांगन, संजय राजपूत सहित बीजेपी के कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर हलचल तेज हो गई है। जिला प्रशासन ने आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों को अब आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, एसडीएम बेमेतरा सुश्री सुरुचि सिंह, एसडीएम साजा विश्वास राव मस्के, एसडीएम बेरला युगल किशोर उर्वशा, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशासन अब स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल बनाने की तैयारियों में जुट गया है। आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने अधिकारियों के साथ कृषि उपज मंडी स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण किया। प्रभारी अधिकारी से साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान आवश्यकतानुसार स्थल का पार्टीशन करने, मतगणना कक्ष, टेबुलेशन कक्ष, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्शन, पेयजल सुविधा, चुनाव के दौरान आरओ, एआरओ सहित अन्य मतदान दल के लिए पार्किंग व्यवस्था आदि का जायजा लिया। साथ ही निर्वाचन में लगने वाले अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा संबंधी उपाय और सुरक्षा में लगने वाले फोर्स के लिए कार्य अनुसार अलग-अलग स्थानों का चिन्हांकन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य में आने वाले वाहनों के लिए विधानसभावार पार्किंग व्यवस्था, आगमन एवं निकासी के लिए अलग-अलग रास्तों की जानकारी ली। कलेक्टर द्वारा उक्त सभी आधारभूत व्यवस्थाएं संबंधित अधिकारियों को समय रहते करने के निर्देश दिए गए, जिससे जिले में सुव्यवस्थित निर्वाचन कार्य संपादित कराई जा सकें।

गणतंत्र दिवस का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में कराने की मांग, हिन्दू युवा मंच ने सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हिन्दू युवा मंच जिला इकाई राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व मंडल ने गणतंत्र दिवस का आयोजन म्युनिस्पल या स्टेट स्कूल में न कर दिग्विजय स्टेडियम में करने की मांग को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल से भेंट करने पहुंचे थे। हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी ने बताया कि सात साल पहले दिग्विजय स्टेडियम के दोबारा निर्माण होने के चलते जिला प्रशासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पर्व के मुख्य आयोजन को म्युनिस्पल स्कूल और स्टेट स्कूल स्थांतरित कर दिया गया था,

दिग्विजय स्टेडियम में राष्ट्रीय पर्वो के आयोजन की खबर सुनकर खुशी की लहर दौड़ गई है। हिन्दू युवा मंच इस बात से नाराज था कि स्टेडियम का निर्माण पूर्ण हो जाने के बावजूद यहां आयोजन नहीं किया जा रहा है। बीते वर्ष रानी सूर्यमुखी देवी ऑल इंडिया क्रिकेट का आयोजन किया गया था।

3 ट्रेडर्स सहित पांच लोगों से 118 क्विंटल अवैध धान जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने हाल ही में जिला खाद्य अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों की ली थी। बैठक और धान खरीदी केंद्रों के किए गये निरीक्षण के बाद दिये गये सख्त निर्देशों का परिणाम सामने आने लगा है। जिले के समस्त 129 उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान खपाने वाले कोचियों, बिचौलियों एवं धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस हेतु जिले के चारों अनुविभाग अंतर्गत राजस्व, सहकारिता,मंडी व खाद्य विभाग के अधिकारियों का संयुक्त दल का भी गठन किया गया है।

निषाद समाज जमघट के सामुदायिक भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

बेमेतरा/नवप्रदेश। गुहा जयंती के अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ग्राम जमघट पहुंचे। जहाँ निषाद समाज द्वारा भव्य रूप से पारंपरिक नृत्य राउत नाचा के साथ स्वागत किया गया। श्रीरामचंद्र के छाया चित्र पर पुष्प चढ़ाकर भगवान श्रीराम चंद्र, महाराज गुहाराज निषाद को नमन किया। इसके बाद 6.50 लाख की लागत से बने निषाद समाज के सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। समाज के सदस्यों के द्वारा विधायक दीपेश साहू का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धनेश यदु जनपद सदस्य, समित तिवारी सरपंच, फागुराम निषाद ग्राम पटेल, सूरज तिवारी, राजू देवांगन, रेवाराम निषाद, परमेश्वर साहू, एवं निषाद समाज के समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

रामायण हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की देता है सीख: आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम नवागांव (खुडमुड़ी) में आयोजित पांच दिवसीय श्री अखंड नवधा रामायण समारोह में मुख्यअतिथि पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीरामचंद्र की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कहा कि रामायण का प्रत्येक पात्र हमें बेहतर जीवन जीने का मार्ग बताता है, ऐसे धार्मिक आयोजन होने से हमारी आने वाली पीढ़ी भी इस आधुनिकता के दौर में भी संस्कारवान हो, रामायण हमे सत्य एवं धर्म के रास्ते पर चलने की सीख देता हैं। प्रभु श्री रामचन्द्र का संपूर्ण जीवन हमे सत्य, प्रेम, त्याग एवं समर्पण की शिक्षा देता हैं। रामायण का प्रत्येक पात्र हमे बेहतर जीवन जीने का मार्ग बताता है, ऐसे धार्मिक आयोजन के होने से हमारी आने वाली पीढ़ी भी इस आधुनिकता के दौर में भी संस्कारवान हो, रामायण की सबसे बड़ी सीख है कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है, बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों ना हो लेकिन अच्छी नियत एवं गुणों के कारण सच्चाई की ही जीत होती है, इसीलिये हमें सदैव सच्चाई के रास्ते पर ही चलना चाहिए। रामायण हमे भाईचारा की शिक्षा देता है, एक ओर जहां लक्ष्मण ने 14 साल भाई राम के साथ वनवास किया, वहीं दूसरे भाई कैकेयी के पुत्र श्री भरत ने राजगद्दी के अवसर को ठुकरा दिया। रामायण का प्रत्येक चरित्र भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, सुमित्रा सभी निःस्वार्थ भाव से त्याग, समर्पण बलिदान एवं अनन्य भक्ति की शिक्षा देते हैं। इस अवसर पर लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, नीलेश वैष्णव सरपंच, पुनाराम साहू, बिरजू यादव, श्यामलाल चतुर्वेदी, रामविलाश चौहान, रामजी साहू, दौवा यादव, सोमनाथ साहू, रजन वैष्णव, बैशाखू, रामकिसून, मनहरन साहू, नदकुमार साहू, लल्ला साहू, गोपी, दयाराम साहू, रामदेवाल, भागवत साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

सांसद मोहन मंडावी को रामायणी सांसद कहूँगा, वे हीरो हैं: सीएम साय

बालोद/नवप्रदेश। 51 हजार राम चरित मानस वितरण का वर्ल्ड रिकार्ड, गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज। अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी है यहां भगवान के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी इसके लिए उत्सव सा माहौल है। आज बालोद जिले के गुंडरदेही में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं को रामचरितमानस का वितरण भी किया। आज यहां तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा 3000 मानस ग्रंथों का वितरण किया। इसके पूर्व 48 हजार ग्रंथों का वितरण हो चुका है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कांकेर सांसद मोहन मंडावी ने इस संबंध में निश्चय किया था कि 51 हजार मानस प्रति बांटकर लोगों के समक्ष श्रीराम का आदर्श अधिकाधिक संख्या में प्रसारित करेंगे। आज गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स की टीम ने वितरण के पश्चात इसे गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया। गुंडरदेही में रामचरितमानस को पूरी प्रतिष्ठा के साथ लाल कपड़े में बांधकर श्रद्धालुओं को सौंपा गया। श्रद्धालुओं ने इसे सिर माथे लिया। लगभग 3000 लोगों ने मानस को सिर माथे रखकर श्रीराम के जयजयकार के नारे लगाये और पूरा माहौल राममय हो गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने श्रीराम की जयकार के साथ अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि वो कांकेर सांसद मोहन मंडावी को रामायणी सांसद कहूँगा। उन्हें हीरो कहूँगा, उन्होंने मानस वितरण को लेकर बहुत अच्छा काम किया है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बालोद आया, आपकी आत्मीयता के लिए आपका स्वागत करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मंडावी ने अपना ही नहीं, छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। उन्होंने 51 हजार परिवारों में मानस पहुंचाने का काम किया है। साथ ही हर घर तुलसी चौरा हो, इसके लिए भी उन्होंने लोगों को प्रोत्साहित किया है। यह बहुत अच्छा काम है। राम चरित मानस के वितरण से बेहतर समाज के निर्माण की दिशा तय होती है। इस महती कार्य के लिए श्री मंडावी को बधाई देता हूँ। यह कार्य ऐसे शुभ समय में हो रहा है जब 22 तारीख को अयोध्या धाम में श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा होने वाली है। चारों ओर उत्सव का माहौल है। मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक मंदिरों में साफसफाई का काम हम लोग कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है। हमने अयोध्या सुगंधित चावल भेजा है। हमारे डाक्टर भी अयोध्या गये हैं ताकि श्रद्धालुओं की सेवा कर सकें। छत्तीसगढ़ में बहुत गहरी खुशी इस अवसर को लेकर है। हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने कृतसंकल्पित है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हमने सरकार बनते ही अठारह लाख से अधिक आवास स्वीकृत किये। सरकार बनने के अगले दिन ही हमने यह कार्य कर दिया। दो साल का बोनस भी हमने किसानों को दिया है। पीएससी 2021 में आई शिकायतों की जांच भी सीबीआई करेगी। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान हम खरीद रहे हैं। 3100 रुपए प्रति क्विंटल हम धान खरीद रहे हैं। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं की खाते में शीघ्र ही राशि अंतरित की जाएगी। हम सभी मानस मंडलियों को सम्मानित करने का काम भी कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है। यह हम सबके लिए गौरव का दिन है। तुलसी मानस प्रतिष्ठान सांसद श्री मोहन मंडावी ने मानस वितरण का जो कार्य किया है। वो बहुत प्रशंसनीय है।

औद्योगिक कचरा व कोल डस्ट फैलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र एवं पेण्ड्रीडीह बायपास इलाके में औद्योगिक कचरा प्रबंधन एवं कोल डस्ट प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिकारियों एवं जिला उद्योग संघ के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने बिना ढके कोल एवं अन्य खनिजों के परिवहन किये जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए खनिज विभाग को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खनिज विभाग के निरीक्षक लगातार गश्त के दौरान इन पर निगाह रखें। उल्लंघन किये जाने पर तत्परता से कार्रवाई कर वाहन जब्त कर नियमानुसार अधिकतम जुर्माना भी लगाए। प्रदूषण का एक बड़ा कारण बिना ढके कोल डस्ट परिवहन को माना गया है। बड़ी संख्या में इलाके में कोल वाशरी हैं, जो कोल डस्ट लेकर शहर एवं बायपास से होकर गुजरते हैं। सिरगिट्टी औद्योगिक एरिया में कचरा प्रबंधन को लेकर भी स्थायी व्यवस्था करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उनके निर्देश पर नगर निगम एवं सीएसआईडीसी के बीच एक अनुबंध भी किये जाने पर सहमति बनी है।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

ग्राम सुरूजपुरा प.ह.नं. 02/ब-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवनारायण पिता मिटठू निवासी सुरूजपुरा प.ह.नं. 02 उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) ने अपने पिता मिटठू के मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने / जारी करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को पेश किया । आवेदक के अपने पिता मिटठू पिता श्री पुरन के मृत्यु दिनांक 10/01/2023 को हो चुका है । तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2023-24 विचाराधिन है ।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19/01/2024 तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है । उक्त नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 10/01/2024 को जारी किया गया ।

सील

कार्यपालन दण्डाधिकारी देवरबीजा जिला-वेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पंचायत संडी को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक ईश्वरी प्रसाद पाण्डेय पिता डंदू प्रसाद उर्फ रामकुमार पाण्डेय निवासी संडी उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम संडी प.ह.नं. 11 राजस्व निरीक्षक मण्डल कोदवा उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा में भूमि खसरा नं. 1723 रकबा 0.07 हैं, भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में फेरहा पिता दुकालू जाति तेली के नाम पर दर्ज है। उक्त वाद भूगि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 22/05/1971 में आवेदक ईश्वरी प्रसाद पाण्डेय के पिता डंदू प्रसाद उर्फ रामकुमार पाण्डेय ने उप पंजीयक कार्यालय बेरला में रजिस्ट्री से क्रय किया गया है । उक्त वाद भूमि से राजस्व अभिलेख से फेरहा पिता दुकालू का नाम विलोपित कर उसके ईश्वरी प्रसाद पाण्डेय पिता डंदू प्रसाद उर्फ रामकुमार पाण्डेय निवासी संडी उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) के नाम प्रमाणीकरण करने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रकरण में किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 22/01/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 15/01/2024 को जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार देवरबीजा

न्यूज गैलरी

22 जनवरी को दीपावली मनाएगा शहर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। नगर में सोमवार को कैट सरगुजा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अम्बिकापुर में सभी दुकानों को झालर लगाने व दीप जलाकर दीपावली मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्राण प्रतिष्ठा के दिन विभिन्न संगठनों के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अम्बिकापुर के व्यापारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के संदर्भ में भी चर्चा हुई। शहर में विभिन्न स्थानों पर प्राण प्रतिष्ठा को लाइव दिखाने की व्यवस्था की जाएगी। इस क्रम में दुकानों को तोरण द्वार व रंगोली से सजाया जाएगा। शहर के विभिन्न व्यापारी संगठनों से आग्रह किया गया है कि इस अवसर को भव्य दिवाली की तरह बनाए। उस दिन सुबह सभी चौक चौराहों में फूल और दिये की उपलब्धता रहे इसके लिए फूल और दिया विक्रेताओं से संपर्क किया जा रहा है। बैठक में कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री शुभम अग्रवाल, प्रदेश मंत्री पंकज गुप्ता, जिला अध्यक्ष रविंद्र तिवारी, राजू छाबड़ा, अभिषेक सिंह, अजय सोनी, प्रदीप गुप्ता, उपकेन्द्र गुप्ता, मुकेश शर्मा उपस्थित रहे।

छात्रों ने मूट कोर्ट का किया आयोजन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। पीजी कॉलेज अंबिकापुर के विधि संकाय के छात्र-छात्राओं ने मूट कोर्ट को विशेष जिला एवं सत्र न्यायालय के मंचन में पास्को एक्ट के प्रकरण को प्रदर्शित किया। इनका मार्गदर्शक प्राध्यापक माधवेंद्र तिवारी नें किया। जज के रूप में एवं विधि विभाग के प्रमुख प्राध्यापक बृजेश कुमार, पंकज अहिरवार, मिलेंद्र सिंह के साथ दूसरे शिक्षकों ने सहयोग किया। अतिरिक्त जज के रूप में संजीव कुमार सेठ, संतोष यादव, बचाव पक्ष की अधिवक्ता साक्षी सिंह शासकीय अधिवक्ता कामेश्वर प्रसाद राजवाड़े सहित राम हंस पटेल, सीमा गुप्ता, देवनाथ, अमरचंद पैंकरा , दीक्षा पांडे, सहदेव सिंह के साथ दूसरे विद्यार्थियों ने मिलकर बेहतर तरीके से मूट कोर्ट का मंचन किया। जिस पर विधि विभाग प्रमुख बृजेश कुमार सहित समस्त प्राध्यापकों ने छात्रों को खूब सराहा। कार्यक्रम में विधि विभाग के समस्त छात्र-छात्राए व स्टाफ उपस्थित रहे।

केंद्र के समान वेतन देने सौंपा ज्ञापन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान अंबिकापुर में कर्मचारियों ने केंद्र के समान वेतन देने की मांग सहित अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। दोपहर में लंच के समय कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगो को लेकर नारेबाजी भी की।

यूथ गेम्स कोयंबटूर के लिए प्रज्ञा का चयन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। बास्केटबाल संघ की खिलाड़ी प्रज्ञा मिश्रा का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश यूथ बालिका बास्केटबॉल टीम में हुआ है। प्रज्ञा 6वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 कोयंबटूर, तमिलनाडु में आयोजित 21 जनवरी से 25 जनवरी तक बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगीं। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रज्ञा सब-जूनियर वर्ग से सिनियर लेवल तक सभी वर्गों के बास्केटबाल प्रतियोगिता में कई मेडल जीतकर संघ के नाम के साथ सरगुजा का नाम रोशन किया है।

पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

सक्ती/नवप्रदेश। चरित्र शंका पर अपनी पत्नी के हाथ पैर रांपा से काट कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी पति को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बीआर साहू ने आजीवन कारावास और 2000 रुपए जुर्माने से दंडित करने की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक दुर्गा प्रसाद साहू ने बताया कि आरोपी संतोष कुमार पत्नी कृतिका बाई के चरित्र पर संदेह करता था। इससे दोनों के बीच विवाद होता था। घटना दिनांक 24 जुलाई 20 की रात 9.30 बजे आरोपी संतोष कुमार ने अपनी पत्नी कृतिका बाई के हाथ, पैर को रांपा से काट दिया। इसकी सूचना उसने अमर सिंह टंडन को दी। अमर उसके घर पहुंचा तो कृतिका बाई गंभीर रूप से घायल थी। उसने बताया कि उसका पति उसके चरित्र पर संदेह करता है। इस वजह से उसे जान से मारने की नीयत से उस पर रांपा से वार किया था। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया था। इलाज के दौरान 25 जुलाई को कृतिका बाई की मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जैजैपुर की अदालत में चालान पेश किया, जहां से प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सक्ती की अदालत में मामला ट्रांसफर कर दिया गया। 17 गवाहों के बयान के बाद यह साबित हुआ कि पति संतोष कुमार ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी, इसलिए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

घर से निकले बुजुर्ग की मिली लाश

जांजगीर/नवप्रदेश। सोमवार की रात घर से निकले अधेड़ का शव संदिग्ध अवस्था में सड़क पर मिला। अधेड़ के सिर पर चोट के निशान होने से हत्या कर शव को फेंकने की आशंका है, पर शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने इसकी पुष्टि नहीं की है, बल्कि बिसरा को प्रिजर्व कर दिया है। बिसरा की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह का खुलासा हो सकेगा। नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम राछाभांठा निवासी रामरतन कश्यप सोमवार की रात को अपने घर से निकला था। बताया जा रहा है, कि उसने शराब पी थी। वह रात भर वापस घर नहीं लौटा। मंगलवार की अलसुबह सड़क पर एक लाश देखी, जिसकी पहचान रामरतन कश्यप के रूप में हुई। जिस जगह पर वह पड़ा था, वहां पर लोगों ने उसके सिर पर चोट के निशान दिखे। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीएम करने वाले डॉक्टर ने मौत की कोई स्पष्ट वजह नहीं बताई है। टीआई सत्यकला रामटेके के अनुसार पति पत्नी के बीच शराब के नाम पर विवाद होता था।

संकल्प यात्रा | नगर निगम अम्बिकापुर में विभिन्न वार्डों में 19 जनवरी से होगा शिविर का आयोजन

अब शहरी क्षेत्रों में पहुंचेंगे प्रचार वाहन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के ग्राम पंचायतों में शिविर सम्पन्न हुए।

कलेक्टर श्री विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में निर्धारित रुट एवं तिथि के अनुसार कुल 439 ग्राम पंचायतों में ÷मोदी की गारंटी वाली गाड़ी÷ पहुंची। सभी शिविरों में कुल 2 लाख 72 हजार 793 लोगों को योजनाओं के सम्बंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही लोगों को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित किया गया, जिसमें 1554 सुरक्षा बीमा योजना, 1066 जीवन ज्योति बीमा योजना हेतु आवेदन प्राप्त हुए। वहीं इन शिविरों में हेल्थ कैम्प का भी आयोजन कर लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करायी गई। हेल्थ कैम्प में कुल 1,02,111 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाया, जिसमें 94960 लोगों ने टीबी जांच, 35935 लोगों ने सिकलसेल जांच करवाया। शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 13999 लोगों ने गैस कनेक्शन हेतु आवेदन दिए। इसके साथ ही केंद्र सरकार की विभिन्न विभागीय योजनाओं के द्वारा भी हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत योजनाओं से लाभान्वित कुल 14,308 हितग्राहियों ने स्वयं आगे आकर योजनाओं के माध्यम से जीवन मे आए बदलाव से सभी को अवगत कराया। ग्राम पंचायतों में शिविर समाप्त होने के पश्चात अब शहरी क्षेत्रों में एलईडी वाहन के द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने विभिन्न वार्डों में एलईडी वाहन पहुचेंगे। रूटचार्ट के अनुसार वाहन विभिन्न वार्डों में शिविर आयोजित होंगे, जहां लोगों को जनहितैषी योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। 19 जनवरी को सुबह अटल आवास वार्ड नम्बर 04 में नगर के वार्ड क्रमांक 1 से 5 एवं 7 से 10 तक के लोगों हेतु तथा दोपहर को खालापारा पंचानन वार्ड 06 में वार्ड नम्बर 06, वार्ड नं 16 से 23 एवं 27 में शिविर होगा। 20 जनवरी को सुबह नमनाकला पानी टकि झंझटपारा वार्ड नं 13 में वार्ड क्र 13,14,24,25,31,32,48 के लोगों हेतु एवं दोपहर को सियान सदन वार्ड नं 12 में वार्ड नं 11,12,15,26,27,33,47 के लोगों हेतु शिविर होंगे। वहीं 21 जनवरी को सुबह बरेजपारा कम्युनिटी हॉल में वार्ड नं 34 से 39, वार्ड नं 42 से 46 तक के लोगों के लिए शिवर आयोजित होगा।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन दिवाली मनाने की तैयारी शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। आयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 22 को होनी है। इसे भाजपा ने इसे देशव्यापी पर्व मनाने का निर्णय लिया है। शीर्ष नेतृत्व से मिले निर्देश के बाद प्रदेश भाजपा ने अपनी तैयारी प्रारंभ कर दी है। जिला मुखयालयों में बैठक के बाद अब मंडल स्तर पर बैठकों का दौर चल रहा है। इस दौरान मंडल के पदधिकरियों के अलावा पोलिंग बूथ व सेक्टर प्रभारियों को जिम्मेदारी सौपी जा रही है। भाजपा की कोशिश है कि पोलिंग बूथों में निवासरत प्रत्येक घरों में आमंत्रण जाए व लोगं को इस दिन दिवाली जैसा त्योहार मनाने के लिए प्रेरित करें। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बहाने भाजपाई रणनीतिकारों ने जिले से लेकर पोलिंग बूथ स्तर के पद्वाधिकारी व कार्यकताओं को सक्रिय करने की योजना बनाई है। रणनीतिकार अपनी योजना में सफल होते भी दिखाई दे रहे हैं, 22 जनवरी के दिन देशभर में उत्सव का माहौल रहेगा। विहिप के निर्देश पर अक्षत आमंत्रण का कार्य भी किया जा रहा है। इसमें विहिप, बजरंग दल, धर्म जागरण मंच के अलावा भाजपा व सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों व कर्यकर्ताओं की सीधेतौर पर सहभागिता नजर आ रही है। इनके अलावा हिंदूवादी संगठनों की सक्रियता भी साफतौर पर दिखाई दे रही है। अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी और सकारात्मक माहौल बनने लगा है। विहिप व भाजपा की अपनी अलग तैयारी चल रही है। अपने कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने और लोकसभा चुनाव के ल्एि मैदान में उतारने से पहले भाजपाई रणनीतिकार राम मंदिर को लेकर एक अलग माहौल बनाने की दिशा में जुट गए हैं। यही कारण है कि भाजपा में लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। बीते दिनों विधायकों व प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में रामोत्सव को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई थी।

विश्वामिश्र और राम बिबाह की कथा का श्रवण कराया

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में चल रही जगतगुरु कन्नौज पीठाधीश्वर अतुलेशानंद जी महाराज के मुखारबिंद से श्री रामकथा का आनंद भक्तों को मिल रहा है। महाराज जी द्वारा आज भक्तो को रामचरित्र के माध्यम से बिस्वामित्र और राम बिबाह की कथा का श्रवण कराया।

महाराज जी द्वारा बताया गया कि किस प्रकार विश्वामित्र जी भगवान राम और लक्ष्मण को दुष्टों से रक्षा के लिए दसरथ से मांगने आए और उनके द्वारा जाते समय रास्ते में तड़का का बध किया इसके बाद प्रभू ने एक बाड़ से मारीच को समुद्र के उस पार फेंककर ऋषियों के द्वारा की जा रही यज्ञ को सफल कराया। विश्वामित्र जी के यहां जनकपुरी से सीय स्वंबर का निमंत्रण आने पर महाराज जी द्वारा श्री राम और लक्ष्मण को मिथिला राज्य सीता स्वम्बर देखने ले गए। सिय स्वंबर के शिवधनुष को किसी भी राजा के न तोड़ पाने पर जब राजा जनक क्रोधित हुए तो गुरु की आज्ञा लेकर प्रभु राम ने शिव धनुष तोड़कर राजा जनक के दुख को दूर किया एवं परशुराम जी के धनुष टूटने पर गुस्सा होने पर प्रभु राम ने उनके घमंड को दूर कर धनुष यज्ञ में सीता जी को अपना बनाया। इसी के साथ भजन सम्राट जगदीश दीवान और गंगाराम के भजनों ने भक्तों को राममय कर दिया ।ज्ञात को कि कन्नौज पीठाधीश्वर राष्ट्रीय संत अतुलेसानंद के मुखारबिंद से इन दिनों छत्तीसगढ़ के मुगेली की जनता धर्म लाभ ले रही है। कथा में स्थानीय भक्त और कथा के जजमान शिवराज सिंह परिहार, कथावाचक अयोध्या प्रसाद तिवारी, संजय तिवारी, रमेश देवांगन, मनोज सोनकर, पुष्पराज सोलंकी, प्रदीप परिहार, संजय परिहार, कृष्ण कुमार केसरवानी सहित सभी कमेटी के सदस्य और स्थानीय श्रोतागण उपस्थित थे।

डिलीवरी बॉय से मारपीट लूट, दो आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। शहर के बावली कुआं शीतला मंदिर के पास ग्राहकों के सामान डिलीवरी करने गए ई-कामर्स कम्पनी के डिलीवरी बॉय से रुपए लूट और मारपीट करने मामले के दो फरार आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रविंद्र बेहरा और रमेश सिदार को डकैती की गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा है। डिलीवरी बॉय प्रभात ने 2 नवंबर 23 को थाना कोतवाली रायगढ़ में लिखित आवेदन देकर बताया कि 2 नवंबर के दोपहर बावली कुआं शीतला मंदिर के पास 3-4 लड़कों द्वारा जबरन रुपयों की मांग कर बाइक के वाइजर को तोड़ने लगे, जिन्हें मना करने पर बदमाशों ने गाली, गलौज मारपीट शुरू की। जेब से नकद 1500 रुपए और उसके पार्सल बैग में रखे ग्राहकों के खरीदी सामान 3 पैकेट को लूटकर भाग गए। पीड़ित के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में मारपीट, लूट का अपराध आरोपियों के खिलाफ दर्ज कर विवेचना में लिया।

रिहाइशी इलाकों में बढ़ी चोरी की घटनाएं

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती के रिहाइशी इलाके में इन दिनों कड़ाके की सर्द रात्रि में अज्ञात चोरों के हौसले बुलंदियों को छूने लगे हैं, वहीं पुलिस कुंभकरणीय निद्रा में अब तक लीन है। रिहाइशी इलाके में स्थित एक गल्ला दुकान में अब तक हुई दो से तीन बार तक लाखों की चोरी की घटना और प्रार्थी द्वारा सूचना दिए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हो चले हैं।नगर के रिहाईशी इलाकों में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं. कई दुकानों एवं घरों में लगातार चोरियां होने से लोग दहशत में रात गुजार रहे हैं। बीती रात्रि में नगर के सबसे व्यस्ततम स्टेशन मार्ग में स्थित मंगल ट्रेडिंग कंपनी में अज्ञात चोरों द्वारा घर के अंदर से घुसकर दुकान में रखे नगदी एक लाख रुपए (1,00,000) नगदी रकम को पार कर दिया। दुकान संचालक अनुराग अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि मेरी दुकान में दूसरी-तीसरी बार चोरी हुई है। उन्होंने बताया कि यहां सीसीटीवी कैमरे के तार को रात लगभग 1 बजे काट दिया गया, जिसके बाद की रिकार्डिंग उपलब्ध नहीं है। संभवतः चोरों ने इस घटना को अंजाम देने के लिए ऐसा किया होगा। इससे पहले भी चोरों द्वारा इसी प्रकार योजना बनाकर दुकान से हजारों रुपये नगदी की चोरी कर ली है।

अनुराग अग्रवाल ने बताया कि बीती रात्रि शाम 6-45 बजे मैं दुकान बंद करके अंदर घर आराम करने चला गया था। 16 जनवरी दिन मंगलवार को सुबह 7 बजे उनके पिता राजकुमार अग्रवाल दुकान खोलने हेतु आए तो उन्होंने पाया कि दुकान का शटर उठा हुआ है एवं दराज से फाइल ऊपर रखी हुई है। दराज में रखे हुए नगद रकम एक लाख रुपए गायब है। उसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। उन्होंने इस घटना की जानकारी अपने पड़ोसी चंद्रभान शर्मा एवं मानस अग्रवाल को दी एवं तत्काल सक्ती थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

जल्द पुलिस के शिकंजे में होंगे चोर- टीआई शर्मा

टीआई विवेक शर्मा ने शक्तिटॉप न्यूज को बताया कि पुलिस ने गहन छानबीन करते हुए चोरों की धरपकड़ के लिए तलाश तेज कर दी है। गंभीर विवेचना और जांच पड़ताल उपरांत पुलिस को चोरों का सुराग मिल गया है, जल्द ही चोरों को पकडने में पुलिस को सफलता मिलने से इंकार नहीं

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की ली बैठक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर की अध्यक्षता जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में तीनों विभागों के खंड स्तरीय अमला शामिल हुआ जिन्हें संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले में कुल 174 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बहुल बसाहटें हैं। पीएम जनमन योजना के तहत इन बसाहटों में शासन के निर्देश एवं मंशानुरूप विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन और हितग्राहियों को लाभ सुनिश्चित किया जाना है। इसी कड़ी में विकास के विभिन्न पहलुओं में स्वास्थ्य एवं पोषण सबसे महत्वपूर्ण है। माताओं, किशोरियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को मद्देनजर रखते हुए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद विभाग को दायित्व सौंपे गए हैं। बैठक में कलेक्टर ने 31 जनवरी तक गर्भवती एवं शिशुवती माताओं, किशोरियों एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच करने निर्देशित किया है जिसमें एनीमिया, कुपोषण और सिकल सेल जांच सहित विभिन्न जांच शामिल है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने पोषण आहार को जोड़ा जायेगा। मेडिकल जांच इन बसाहटों में लगातार जारी रखी जाए। शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने गर्भवती माताओं का अनिवार्य पंजीयन और उनकी हर माह एएनसी यानी प्रसव पूर्व देखभाल जांच सुनिश्चित की जाए। शिशुओं में आवश्यक टीकाकरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं और किशोरियों को हाइजीन बरतने, के साथ व्यवहार परिवर्तन की भी जानकारी दें, जिससे विभिन्न बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि समाज के सबसे संवेदनशील वर्ग महिलाओं और बच्चों के लिए सीधे काम करने का अवसर मिला है। अपने दायित्वों को गंभीरता से निर्वहन करें जिससे जिले में इस दिशा में बेहतर परिणाम दिखे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जे आर प्रधान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरएन गुप्ता, जिला आयुर्वेद अधिकारी डीके जयसवाल, डीपीएम एनएचएम पुष्पेंद्र राम सहित सीईओ जनपद पंचायत एवं खंडस्तरीय अमला शामिल रहा।

थाने का निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी सदानंद

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार थाना कोतवाली के निरीक्षण पर पहुंचे। एसएसपी को थाने के सशस्त्र जवानों ने सलामी दी। इसके बाद एसएसपी ने बल का निरीक्षण किया गया। थाने में प्रवेश करते ही सबसे पहले एसएसपी द्वारा आगंतुक रजिस्टर और उसमें दर्ज विवरण चेक किया गया। उन्होंने उपस्थित पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाले प्रत्येक रिपोर्टकर्ता और उनके साथ आए व्यक्तियों के नाम, पता, मोबाइल नंबर और थाने आने का स्पष्ट प्रयोजन लेख करने निर्देश दिए। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा थाना प्रभारी शनिप रात्रे के साथ थाने में रखे प्रचलित अभिलेख व रजिस्टरों, सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए फिर उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, थाना के हवालात, आर्म्स रूम, रिकॉर्ड रूम, सीसीटीएनएस, विवेचकों के कक्ष का निरीक्षण कर अभिलेखों और शासकीय संपत्ति, शासकीय वाहनों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

15 लाख लेकर रजिस्ट्री कराने से किया मना, धोखाधड़ी का केस दर्ज

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। 50 डिसमिल जमीन का सौदा 75 लाख रुपए में तय किया और सेल एग्रीमेंट बनाकर 3 लाख रुपए तत्काल प्रार्थी से प्राप्त कर लिया वहीं एक वर्ष के भीतर 72 लाख रुपए देने पर जमीन उसके नाम रजिस्ट्री करने की बात सेल एग्रीमेंट की गई। इस बीच एक साल में आरोपी ने प्रार्थी से 15 लाख 8 हजार रुपए लेने के बाद रजिस्ट्री कराने से मना कर दिया और ली गई रकम लौटाने की बात कही लेकिन लौटाने में आनाकानी करने लगा।

इसके बाद सिटी कोतवाली में ग्राम चेर निवासी अनिल कुमार राजवाड़े 42 वर्ष के खिलाफ रामपुर निवासी संदीप चक्रधारी पिता सुरेंद्र चक्रधारी के द्वारा धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया गया। सिटी कोतवाली पुलिस न बताया कि प्रार्थी रामपुर निवासी संदीप चक्रधारी ग्राम चेर निवासी अनिल कुमार उम्र 38 वर्ष से 6 दिसम्बर 2019 को उसके स्वामित्व की ग्राम चेर में स्थित जमीन खसरा क्र. 358/1 में स रकबा 0.202 हेक्टेयर करीब 50 डिसमिल का सौदा 1.50 लाख रुपए प्रति डिसमिल के हिसाब स 75 लाख रुपए में किया इसके लिए गवाहों की उपस्थित में पंजीयन कार्यालय में उसन सेल एग्रीमेंट बनवाया और दो लाख रुपए नकद व एक लाख रुपए का चेक लिया। 13 मार्च 2020 को 58 हजार रुपए की स्कूटी, 15 अप्रैल 2020 को दो लाख रुपए दिया। 14 अगस्त 2020 को अपनी पत्नी चंपाबाई के नाम पर 5 लाख रुपए व 29 सितम्बर को 3 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से लिया गया। वहीं 30 सितम्बर को 50-50 हजार रुपए नकद लिया आरोपी ने 6 दिसम्बर 2019 स 3 अक्टूबर 2020 तक 15 लाख 8 हजार रुपए ऑनलाइन व नकद लेने के बाद जमीन की रजिस्ट्री करने में आनाकानी करने लगा 75 लाख में सौदा किए गए जमीन के लिए शेष 59 लाख रुपए लेकर रजिस्ट्री कराने के लिए कहने पर आरोपी ने 15 दिन बाद रजिस्ट्री की बात कही।

धान खरीदी के लिए अब 10 दिन ही बचे

मुंगेली/नवप्रदेश। किसानों से धान खरीदी के लिए अब 10 दिन शेष है, 31 जनवरी तक धान खरीदी होनी है। अब तक जिले के 105 खरीदी केन्द्रों से धान खरीदी के बदले राज्य सरकार ने लगभग 972 करोड़ 84 लाख रूपए का भुगतान कर दिया है। पिछले कुछ दिनों में सहकारी समितियों में धान की रिकार्ड आवक हुई, लेकिन वर्तमान में उठाव की समस्या अमूमन सभी केन्द्रों में बनी हुई है।

जिले में 1 लाख 4 हजार 802 पंजीकृत किसान है। जिसका रकबा 1 लाख 13 हजार 59 हेक्टेयर हैं। अब तक 90 हजार 208 किसानों से 44 लाख 55 हजार 860 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिसमें 26 लाख 3 हजार 647 क्विंटल धान का परिवहन किया जा चुका है। खरीदी केन्द्रों में 18 लाख 52 हजार 213 क्विंटल धान शेष बचा हुआ है। खरीदे गये धान में किसानों को 972 करोड़ 84 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। बैंक ने 163 करोड़ 78 लाख 60 हजार रुपए ऋण दिया था। जिसमें से 141 करोड़ 62 लाख रुपए की ऋण वसूली की जा चुकी है। गौरतलब है कि 1 नवंबर से 31 जनवरी तक कुल 90 दिनों की होने वाली इस धान खरीदी के 80 दिन बीत चुके हैं। इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिये सरकारी अवकाश व शनिवार-रविवार को छोड़ दिया जाये तो खरीदी के लिए केवल 10 दिन का समय शेष है। धान खरीदी शुरू होने के पश्चात बार-बार मौसम के बिगड़े मिजाज तथा विधानसभा की चुनावी हलचल के चलते पहुंचने

वाली बाधा के कारण शुरूआती कई दिनों तक किसान अपना धान उपार्जन केन्द्रों में लेकर नहीं पहुंचे तथा अब उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने के लिए टोकन लेने किसानों की भीड़ लग जाने से उन्हें धान बेचने हेतु कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। इस वर्ष किसानों को फसल पिछले वर्षों के तुलना में अच्छी हुई है। कई किसानों को 21 क्विंटल प्रति एकड़ से ऊपर ही उत्पादन मिला है। अभी भी 2183 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से भुगतान हो रहा है। इस समय किसानों के मन में सबसे बडा सवाल यह है कि उनकी इस भरपूर फसल का भरपूर मूल्य यानी 3100 रुपए क्विंटल कब मिलेगा। उनका कहना है कि प्रति एकड़ बीज खरीदने से लेकर धान बेचने तक 15-20 हजार रुपये लागत आ जाती है। अगर 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान का पैसा एकमुस्त मिल जाए तो उन्हें कर्ज छुटने के बाद जरूरतों की चीजे खरीदने में आसानी होगी। नोडल अधिकारी संतोष सिंह का कहना कि खरीदी के लक्ष्य को पाने के लिए हमने समितियों में प्रतिदिन खरीदी की तय सीमा बढ़ा दी है। उम्मीद है बाकि बचे दिनों में खरीदी के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जायेगा। वहीं समितियों का मानना है कि तिथि नहीं बढ़ी तो कई किसान धान बिक्री से वंचित हो जाएंगे।

संवेदनशील मतदान केन्द्रों की रिपोर्ट देंगे सेक्टर अधिकारी

सक्ती/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 प्रयोजनार्थ मतदान केन्द्रो की आवश्यक व्यवस्थाए एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रो का चिन्हांकन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम की उपस्थिति में सेक्टर अधिकारियो की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी सेक्टर अधिकारियों से उन्हें आवंटित मतदान केंद्रों के भौतिक स्थिति की जानकारी विस्तारपूर्वक ली गई। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन हेतु कार्ययोजना के अन्तर्गत सेक्टर ऑफिसरों को नियुक्त किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अति क्रिटिकल मतदान केंद्रों की जांच एवं निर्धारण के लिए सेक्टर अधिकारियों को संबंधित मतदान केंद्रों के कैचमेंट एरिया का दौरा करके वल्नेरेबल क्षेत्रों-समुदायों की पहचान और सूचना तंत्र मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सेक्टर अधिकारियो को वोटिंग मशीन की पारदर्शिता के प्रति लोगों में किसी तरह की आशंका नहीं हो इसके लिए आमजन को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने कहा गया। साथ ही बैठक में सभी सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन प्लान के अनुसार कार्य संपादित करने, निर्वाचन प्रक्रिया में बदलाव किए गए नए तकनीक की जानकारी से अवगत होने और सेक्टर ऑफिसर मार्गदर्शिका का अच्छे से अध्ययन करने कहा गया। बैठक में तीनों विधानसभा के समस्त सेक्टर ऑफिसर, निर्वाचन पर्यवेक्षक राधेश्याम साहू, निर्वाचन शाखा के श्रवण कुमार गभेल सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पीएम आवास से वंचित बोरिया के लोगों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बेमेतरा/नवप्रदेश। गरीब परिवार जो पीएम आवास के लिए दर दर भटक रहे है और झोपड़ी में निवास करने के लिए मजबूर हैं। मंगलवार को किसान नेता योगेश तिवारी सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर से चर्चा के दौरान किसान नेता के कहा के 2011 में जो केंद्र सरकार के द्वारा और प्रदेश सरकार के द्वारा गरीबी रेखा में रहने वाले आवासहीन लोगों का सरकार के द्वारा सर्वे कराया गया था जिसमें कुछ गरीब आवासहीन हैं जो सर्वे सूची में जिनका नाम शामिल नहीं हो पाया है वैसे गरीब परिवार के लोग नाम छूट जाने के कारण बहुत सारे गरीब परिवार के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का फ़ायदा नहीं मिल पाया है और उन्हें आवास की आवश्यकता है आज ये लोग पानी बरसात में धूप झोपड़ी में जिंदगी गुजारने मजबूर हैं। किसान नेता तिवारी ने कलेक्टर से निवेदन किया कि केंद्र सरकार ने 18 लाख गरीब परिवारों को पीएम आवास गारंटी योजना का गारंटी दी है और सीएम साय ने वादा किया है हर गरीब परिवार के लोगों को आवास योजना का फ़ायदा मिलेगा। ऐसे गरीब पीड़ितों का नाम सर्वे सूची में जारी कराएं। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम बोरिया की श्रीमती तिल बाई, श्रीमती संतोषी बाई, श्रीमती अनिताबाई, श्रीमती धनमतबाई, श्रीमती दूरपति, श्रीमती पूर्णिमा, श्रीमती नान्हेबाई, श्रीमती मधुबाला, भारती बघेल, हेमिन, मनबोध,पुष्पा बाई, लक्ष्मी बघेल, पीयूष शर्मा अजय मिश्रा मनोज सिन्हा यशवंत टंडन नरेश बंजारे सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे।

पुलिस को सड़क किनारे मिला नवजात

केशकाल/नवप्रदेश। केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरडोंगर के स्थानीय लोगों के द्वारा मंगलवार सुबह 10 बजे फ़ोन के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली मिली कि केशकाल- विश्रामपुरी मार्ग के समीप सड़क किनारे झाड़ियों में एक नवजात बच्चा मिला है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत करवाया। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशानुसार थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय तत्काल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां बच्चे को सकुशल केशकाल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद नवजात शिशु को अपनी निगरानी में रख कर मामले की सूचना तत्काल बाल संरक्षण इकाई कोंडागांव के परिवीक्षा अधिकारी को भी दी गई। बाल संरक्षण इकाई की टीम ने भी केशकाल पहुंच कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है। हालांकि उक्त शिशु के परिजनों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है। नवजात बच्चे को झाड़ियों में छोड़ कर जाने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध क्रमांक 08/24 धारा 317 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। साथ ही पुलिस उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी भी शुरू कर दी गई है। उक्त नवजात शिशु को गोद लेने के लिए लोगों के द्वारा लगातार पुलिस से संपर्क भी किया जा रहा है।

कमार हितग्राहियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में 40 कमार जनजातियों के हितग्राहियों का आजीविका विकास कार्यक्रम अंतर्गत हाफ पेंट मेकिंग एवं चायनिज फास्ट फूड कोर्स में कौशल प्रशिक्षण गत दिवस 12 जनवरी युवा दिवस से प्रारंभ किया गया। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज सृष्टि मिश्रा ने बताया कि यह प्रशिक्षण 15 दिनों तक चलेगी। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को उत्पाद विकास प्रशिक्षण, उद्यमिता प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण व मार्केटिंग एण्ड सेल्स प्रशिक्षण तथा फडिंग के स्त्रोत सिखाया जायेगा। इस दौरान कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कमार जनजातियों के हितग्राहियों से विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण को प्रशिक्षणार्थी गंभीरतापूर्वक करें। इस दौरान 05-07 कमार हितग्राही के द्वारा उनके घर में टी.वी. एवं मोबाईल नहीं होने की जानकारी दी गई। इस पर कलेक्टर ने हितग्राहियों को समाज के मुख्यधारा एवं आजीविका से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों को स्टेशनरी एवं इंडक्शन किट प्रदाय करते हुये उनका उत्साहवर्धन किया।

''भूमगादी'' में कलेक्टर हुए शामिल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले के जैविक किसानों का संगठन ''भूमगादी'' के द्वारा परंपरागत देसी बीज मड़ई का आयोजन पुराना जनपद पंचायत भवन दंतेवाड़ा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत से जैविक किसानों के द्वारा विभिन्न प्रकार के धान की किस्म,दलहन, तिलहन, विभिन्न प्रकार के कंदमूल,सब्जियों,लघु अनाज की विभिन्न किस्मों,जैविक खाद एवं दवा का प्रदर्शनी लगाया गया था। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए जिले के किसानों के साथ बातचीत करने के साथ-साथ क्षेत्र में उपजाए जाने वाले देसी बीजों की जानकारी ली। इस कार्यक्रम में जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषक श्रीराम नाग, श्रीमती तुलसी बाई ग्राम टेकनार, अनंतराम कौरगांव, गोकुल कुआकोंडा, देवचन्द नाग माडेंदा,महादेव टेटम, कुलभूषण कासोली 2, अर्जुन चेरपाल, विजय बड़ेकरका, पुरनतराई ,लुदरू चौतू परचेली, शांतिबाई कासोली, पिलाराम कुतुलनार ,रामप्रसाद चितालूर, मोतीराम मैलावाड़ा को पुरस्कृत किया गया । इस कार्यक्रम में जिले के जैविक कृषि करने वाले किसानों अपने अनुभव अन्य किसानों के साथ साझा किया। उल्लेखनीय है कि उपस्थित सभी कृषकों के साथ कलेक्टर ने जैविक भोजन का स्वाद भी लिया।

आशीष को नपं कोपरा का अतिरिक्त प्रभार

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की 6 अक्टूबर 2023 के अधिसूचना अनुसार जिला गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोपरा को नगर पंचायत कोपरा गठित किया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक पी.बी. काशी ने प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से नगर पंचायत कोपरा का अतिरिक्त प्रभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद गरियाबंद आशीष तिवारी को आगामी आदेश पर्यंत अस्थायी रूप से सौंपा गया है।

पंजीकृत 390 मानस मंडलियों को मिलेंगे पांच - पांच हजार रुपए

जिला और ब्लॉक मुख्यालय में मानस गान और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी शुरू, 90 धान खरीदी केंद्रों के भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट देने के निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य के संस्कृति संचालनालय के चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत जिले के 390 मानस मंडलियों को 5-5 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। राज्य शासन से इसके लिए आबंटन जारी किया गया है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मंगलवार को समय सीमा की समीक्षा बैठक में जिले के पंजीकृत मंडलियों को प्रोत्साहन राशि जल्द आबंटित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित ''श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव'' के मद्देनजर राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिला स्तरीय और जिले के सभी विकासखंडों में 22 जनवरी को भव्य मानस गान एवं भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यक्रम में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस अवसर पर धार्मिक स्थलों के सजावट, रंग रोगन, लाइटिंग एवं साज-सज्जा पर विशेष ध्यान देते हुए धार्मिक स्थलों में भक्तिमय वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित ''श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव'' की तैयारी के मद्देनजर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आसपास के मंदिरों में सफाई अभियान चलाने का आह्वान किया है। इसी तारतम्य में जिले में भी मंदिरों की साफ सफाई की जा रही है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के गांवों के देवालयों एवं मंदिरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की भी सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में डीएफओ मणिवासगन एस, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत सहित एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ एवं अन्य अधिकारी - कर्मचारी मौजूद थे।

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव, जिला और ब्लाकों में होंगे भक्तिमय कार्यक्रम

■ **भोरमदेव मंदिर और परिसर में किया जाएगा विशेष साज-सज्जा**

कवर्धा/नवप्रदेश। अयोध्या में आयोजित किये जा रहे 'श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव' के अवसर पर कबीरधाम जिले में 22 जनवरी को भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कबीरधाम जिले के जिला मुख्यालय कवर्धा में तीन दिवसीय संगीत मय आयोजन और विकासखण्ड के कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में कार्यक्रम आयोजिन की तैयारी चल रही है। इसके साथ ही कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक,पुरातात्विक, धार्मिक एवं पर्यटन महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर को भी श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव पर विशेष साज-सज्जा की जाएगी। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव की तैयारियों के लिए समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, शिक्षा, जनपद पंचायत सीईओ की संयुक्त बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल एवं सर्व एसडीएम उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिला पंचायत एवं सभी जनपद पंचायत सीईओ को जिले के सभी प्रतिष्ठित एवं ग्राम स्तर पर सभी मंदिर-देवालयों को जनभागीदारी के साथ विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर यह मंदिर-देवालयों के साफ-सफाई का अभियान शुरू भी हो चुका है।

कलेक्टर श्री महोबे ने बैठक में बताया कि आगामी 22 जनवरी को आयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के दिन जिले स्तर पर संगीतमय भजन एवं अन्य धार्मिक आयोजन की तैयारी करने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया। साथ ही एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ को विकासखण्ड स्तर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन की तैयारी करें के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन जनमानस तथा मानस मंडलियों, स्थानीय नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों, धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों की भागीदारी से किए जाएं। इन संस्थानों के साथ समन्वय और सहयोग से भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

ग्राम खचगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न

कोंडागांव/नवप्रदेश। फूलों की वर्षा और मानव श्रृंखला बनाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का स्वागत बनाचंल और सुदूर क्षेत्र खचगांव में ग्रामीणों ने किया। गांव के लोगों ने मिलकर इस संकल्प यात्रा को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों के साथ बड़ों ने भी संकल्प रथ का स्वागत फूलों की वर्षा व मानव श्रृंखला बनाकर किया।इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के पश्चात धरती कहे पुकार पर जोरदार नाटक प्रस्तुत किया। साथ ही साथ गांव के गणमान्य नागरिक शंकर लाल मंडावी ने मेरी कहानी मेरी जुबानी पर अपने अनुभव जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। समलू कश्यप, प्रेम सिंह, लेख राम बघेल ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेते हुए मेरी कहानी मेरी जुबानी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, साथ ही साथ प्राथमिक के बच्चों ने मेरा एक सवाल पर नाटकीय रूप से मंचन किया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि के रूप में रेशमा दीवान जिला पंचायत सदस्य कोंडागांव,सरपंच खचगांव बुद्धू राम कश्यप ,उप सरपंच लेख राम बघेल, पंच रामदास बघेल,कमला बाई,गायत्री बघेल पकीराम,संतु राम,आना बाई मौजूद थे ।

लोगों को किसी प्रकार की समस्या ना हो : साहू

■ **संकल्प यात्रा भालेसर में अनुपस्थित अधिकारियों को विधायक श्री साहू ने कहीं दो टूक सुधर जाओ**

बेमेतरा/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 जनवरी को बेमेतरा ज़िले के ग्राम पंचायत भालेसर पहुंची। जहाँ भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की आमजन को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्यअतिथि के रूप मे शामिल हुए। ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा कुके भेंटकर विधायक दीपेश साहू का स्वागत किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के द्वारा विकसित भारत संकल्प रथ का स्वागत किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के स्टॉल लगाये गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरतमंद का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, विधायक दीपेश साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये केंद्र सरकार की योजनाओं का आम जन मानस तक पहुंचा रहे हैं। सभी लोग इस कार्यक्रम में भाग लेकर केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाये। साथ ही अनुपस्थित अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए भड़के विधायक ने कहा कि जितने अधिकारी कर्मचारी कार्यक्रम में अनुपस्थित हैं सुधार जाये, अधिकारी बिना किसी भेदभाव के बिना रिश्वत लिए आमजनता का काम करें। किसी प्रकार की घूसखोरी बर्दास्त नहीं की जाएगी। हमारे सरकार में आम जन मानस को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना करने की जरूरत ना पड़े। केंद्र और राज्य सरकार की जितनी योजनाए हैं पात्रता के हिसाब से सबको योजना का लाभ दिलवाये।

ज़िले में मतदाता जागरूकता अभियान में ईवीएम का प्रदर्शन

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 कि तैयारियाँ शुरू हो गयी हैं। कार्यों का सम्पादन निर्धारित समय-सीमा में करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर दिये है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए मतदाताओं के समक्ष ईवीएम का प्रदर्शन किया जा रहा है। मतदाताओं से डमी वोट डलवाये गए और मतदान की प्रक्रिया को बताया जा रहा है।

संयुक्त कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी उमशंकर बंदे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय ने ईवीएम के प्रक्रिया आदि के बारे में पूछा। मतदाताओं से भी बातचीत की। निर्वाचन कर्मचारियों द्वारा आने वाले नागरिकों व मतदाता को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को ऑपरेट करने मतदान की प्रक्रिया एवं जरूरी बिंदुओं की विस्तार जानकारी दी जा रही है।

मतदाताओं को यह भी बात बताया जा रहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जिसे (ईवीएम) भी कहा जाता है, इलेक्ट्रॉनिक साधनों का प्रयोग करते हुए वोट डालने या वोटों की गिनती करने के कार्य को करने में सहायता करती है। ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को दो यूनिटों से तैयार किया गया है कंट्रोल यूनिट और बैलट यूनिट। इन यूनिटों को केबल से एक दूसरे से जोड़ा जाता है।

बच्चों की काउंसिलिंग कर समस्याओं का समाधान करें

■ **कलेक्टर ने ली स्कूल शिक्षा, कौशल विकास और लाईवलीहुड कॉलेज की बैठक**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा, कौशल विकास तथा लाईवलीहुड कॉलेज की विभागीय बैठक आयोजित की गयी थी। बैठक में कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विकासखण्डों के खण्ड स्त्रोत केन्द्र, शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में विकसित शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं अकादमिक प्रशिक्षण हेतु सुव्यवस्थित करते हुए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराये तथा आपस में चर्चा करके शिक्षक तथा बच्चों की शैक्षणिक समस्याओं के साथ-साथ अन्य समस्याओं को दूर जोर देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा संचालित कक्षाओं में प्री-बोर्ड की तैयारी करवाने के साथ ही जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों का दल गठन कर प्री-बोर्ड हेतु जिला स्तर के लिए एकरूपता के साथ आगामी 01 सप्ताह के भीतर 300 प्रश्न के साथ एक बुकलेट तैयार किया जाकर प्रत्येक छात्र-छात्रा को 26 जनवरी 2024 तक वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए साथ ही प्रत्येक प्रश्न का मॉडल उत्तर भी बुकलेट के अंतिम पृष्ठ में अंकित करें। जिससे समय पर रिविजन किया जा सके। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा संचालित कक्षाओं का सतत मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

सवा करोड़ की ठगी, 4 ठगबाज यूपी से पकड़े गए

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिला कोण्डागांव के माकड़ी थाना क्षेत्र में लाटरी का इनाम दिलाने के नाम पर सवा करोड़ रूपये ठगी करने के मामले में कोण्डागांव पुलिस ने चार आरोपितों को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक गेंदसिंह नेताम निवासी माकड़ी ने थाना माकड़ी जिला कोण्डागांव में 14 दिसम्बर 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात आरोपियों द्वारा द्वारा ईनाम एवं लॉटरी का पैसा दिलाने का लालच देकर प्रार्थी से 01 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि धोखा देकर अपने बैंक खाता में जमा करवाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा तत्काल उप पुलिस अधीक्षक सायबर सेल सतीश कुमार भार्गव के नेतृत्व में सायबर सेल कोण्डागांव एवं थाना माकड़ी की संयुक्त टीम गठित कर प्रकरण से संबंधित समस्त साक्ष्य संग्रहण एवं प्रकरण से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध हो जाने के उपरांत प्रार्थी गैंदलाल से साथ ठगी की आरोपी दिल्ली एवं गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश के होना पाये जाने से आरोपितों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु गठित 13 सदस्य संयुक्त टीम को दिल्ली एवं गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के लिये रवाना किया गया। जहां से अपराध में सलिप्त होने से 4 आरोपितों सौरभ वर्मा पिता महेंदर वर्मा उम्र 32 वर्ष, नेहा वर्मा पति सौरव वर्मा उम्र 32 वर्ष, गिरिश बाबू पिता रामप्रकाश उम्र 58 वर्ष, मानवेंद्र वर्मा पिता गिरिश बाबू उम्र 22 वर्ष, को विधिवित गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 लाख नगद समेत कुल 51 लाख 20 हजार की सम्पत्ति जप्त की गई।

समाज को बढ़ाने युवाओं को आगे आना होगा : दीपेश साहू

■ **निषादराज जयंती तबलघोर में विधायक दीपेश साहू शामिल हुए**

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम तबलघोर में निषाद समाज द्वारा महाराज गुहा निषादराज जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री रामचंद्र की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर की गई। सिके बाद नन्हीं बच्चियों ने स्वागत नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया। विधायक दीपेश साहू का गजहार पहनाकर निषाद समाज के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि राजू देवांगन थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री रामचंद्र को जिस तरीके से नदी पार निषादराज ने कराया था। वैसे ही विधायक दीपेश साहू को चुनावी वैतरणी पार कराया बेमेतरा के निषाद समाज ने। गुहा निषाद राज ने अपना जीवन तारा हैं। उसके साथ पूरा निषाद समाज को तारने का

काम गुहा निषाद राज ने किया है। दीपेश साहू ने कहा कि जहाँ भगवान श्री राम का नाम आता है वहां निषाद राज का नाम आता है। भगवान श्री रामचंद्र को जब गंगानदी पार करना था तो गुहा निषाद राज ही भगवान श्री राम चंद्र को नैया पार करवाया था। जब गंगा नदी पार किया तभी से भगवान राम चंद्र के कठिन परिश्रम की शुरुआत हुई। निषाद भाई जैसे ही भगवान श्री राम चंद्र की पूजा अर्चना करते हैं वैसे ही आज निषाद समाज के लोग जनता की भगवान श्री राम चंद्र जैसे सेवा करते हैं। निषाद समाज जैसे भगवान श्री राम चंद्र जी की नैया पार कराया वैसे ही उनको भी विधानसभा चुनाव में नैया पार करवाने वाला निषाद समाज के लोग का बहुत बड़ा योगदान है। वे उन सबका धन्यवाद करता हूं। जो भी मांग आप लोगों के द्वारा की गई है उसको धीरे धीरे पूरा करने का प्रयास करेंगे। आप लोगों के सेवा के लिए ही वो यहां आएं हैं। साथ ही लोगों से अपील करते हैं कि 22 तारीख को सब काम धाम छोड़कर दिवाली मनाएं। सभी घरों में पांच पांच दीप जलाएं। उन्होंने कहा कि आज समाज विकास की ओर बढ़ रहा है। समाज को संगठित कर लोगों को आर्थिक स्वास्थ्य शिक्षा व राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ाना समाज के लिए, जरूरी है। इसके लिए सदैव समाज के पदाधिकारी निस्वार्थ रूप से काम कर रहे हैं। समाज के सभी लोगों को मिलकर आगे बढ़ाना होगा।

आर प्रगनानंदा ने डिंग लिरेन को हराया

शीर्ष रैंक वाले भारतीय बने

नईदिल्ली। भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी आर प्रगनानंदा ने टाटा स्टील मास्टर्स के चौथे दौर के मुकाबले में मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराने का कारनामा किया है।इस जीत के साथ ही वह शीर्ष रैंक वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर बने हैं। उन्होंने विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर ये उपलब्धि हासिल की है।प्रगनानंदा अब आनंद के बाद ही क्लासिकल शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन को हराने वाले दूसरे भारतीय बन गए। काले मोहरों से खेलते हुए प्रगनानंदा ने शुरू से ही बोर्ड पर बढ़त हासिल थी।इस साल टाटा स्टील शतरंज प्रतियोगिता में 3 ड्रॉ के बाद चौथे दौर में यह उनकी पहली जीत है।बता दें कि प्रगनानंदा ने पिछले साल 17 जनवरी को इसी प्रतियोगिता में डिंग को काले मोहरों से हराया था। हालांकि, उस समय डिंग विश्व नंबर 2 ग्रैंडमास्टर थे।डिंग पिछले साल रूस के इयान नेपोम्नियाचची को हराकर विश्व चैंपियन बने थे।चीन के विश्व चैंपियन पर जीत ने बाद प्रगनानंदा ने अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि किसी भी दिन यदि आप इतने मजबूत खिलाड़ी को हराते हैं, तो यह हमेशा विशेष होता है क्योंकि उन्हें हराना बहुत आसान नहीं होता है। क्लासिकल शतरंज में विश्व चैंपियन के खिलाफ पहली बार जीतना सुखद अनुभव है। टूर्नामेंट के अंत तक ऊर्जा बरकरार रखना वास्तव में महत्वपूर्ण है।इस जीत की बदौलत प्रगनानंदा 5 बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद से आगे निकल गए।वह अब फाइड की लाइव रेटिंग में 2748.3 रेटिंग के साथ देश के शीर्ष रैंक वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए, जबकि आनंद के 2748 रेटिंग अंक हैं।इस रैंकिंग में अन्य भारतीय ग्रैंडमास्टर की बात करें तो विदित संतोष गुजराती (2742.2), अर्जुन एरिगैसी (2738.0) और डी गुकेश (2721.3) का नंबर आता है।प्रगनानंदा का जन्म 10 अगस्त, 2005 को चेन्नई में हुआ है।उनके पिता रमेशबाबू तमिलनाडु स्टेट कॉर्पोरेशन बैंक में शाखा प्रबंधक के रूप में काम करते हैं जबकि उनकी मां नागलक्ष्मी गृहिणी हैं।

तीसरा टी-20 भी हारा पाकिस्तान फिन एलेन ने खेली 137 रनों की पारी

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है. मेजबान कीवी टीम ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है. बुधवार को खेले गए तीसरे टी-20 मैच में मेजबान टीम ने 45 रनों से एक बड़ी जीत दर्ज की. इस मैच में सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने 137 रनों की ताबड़तोड़ शतकीय पारी खेली. इस मैच में पाकिस्तानी गेंदबाज हारिस रॉफ की खूब पिटाई हुई और उनके नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया.

पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज ने कमाल की पारी खेली. उन्होंने 62 गेंदों में 220.97 की स्ट्राइक रेट से 137 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलकर इतिहास रच दिया. बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान 5 चौके और 16 छक्के जड़े. कमाल की बात ये रही कि फिन एलन ने सिर्फ 48 गेंदों पर ही अपना शतक पूरा कर लिया था. सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने न्यूजीलैंड के लिए टी20 का सबसे बड़ा स्कोर बनाया. इससे पहले महिला क्रिकेटर सूजी बेट्स ने नाबाद 124 रन बनाए थे.न्यूजीलैंड के साथ खेले गए तीसरे टी-20 मैच में पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर पिटाई हुई, जिसमें हारिस रऊफ सबसे अधिक रन लुटाने वाले गेंदबाज रहे. इस मैच में उनकी लाइन और लेंथ सही नहीं लग रही थी और अपने 4 ओवर के कोटे में उन्होंने 60 रन लुटाए. इसी के साथ हारिस टी-20 क्रिकेट में पाकिस्तान के लिए सबसे अधिक रन लुटाने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ पहुंचे हैं. पाकिस्तान के लिए एक टी-20 में सबसे अधिक रन देने का रिकॉर्ड उस्मान शिनवारी के नाम दर्ज है, जिन्होंने 63 रन लुटाए थे.

मैच में सबसे अधिक रन लुटाने वाले पाकिस्तानी बॉलर :-

उस्मान शिनवारी- 63 रन
शाहनवाज दहानी- 62 रन
मोहम्मद वसीम- 61 रन
हारिस रऊफ- 60 रन

तीसरे टी-20 मैच की बात करें, तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया. मगर, पहले बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम ने 225 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य खड़ा कर दिया. इसके जवाब में पाकिस्तानी टीम 179 के स्कोर तक ही पहुंच सकी और 45 रन से मुकाबला हार गई. पाकिस्तान टी-20 सीरीज में 0-3 से पिछड़ चुका है।

अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में पड़ोसी देश तंजानिया के पक्ष में युगांडा

कंपाला। अफ्रीका का सबसे बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) 13 जनवरी को कोटे डी आइवर में शुरू हो चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, तंजानिया 17 जनवरी को रूप एफ मैच के साथ 2022 फीफा विश्व कप सेमीफाइनलिस्ट मोरक्को के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और बाद में जाम्बिया और डीआर कांगो के खिलाफ भी खेलेगा।हालांकि युगांडा प्रतियोगिता में जगह नहीं बना सका, लेकिन युगांडा के फैंस अपने पड़ोसी तंजानिया के अच्छे प्रदर्शन का समर्थन करते हुए आगे आए हैं।युगांडा की राजधानी कंपाला में एक फुटबॉल समर्थक ग्रेस नाबाचवा ने कहा, हमें तंजानिया के अपने भाइयों का समर्थन करना चाहिए क्योंकि वे अब कोटे डी आइवर में क्षेत्रीय ध्वज ले जा रहे हैं।युगांडा के कप्तान खालिद औचो, जो तंजानिया प्रीमियर लीग में यंग अफ्रीकन एससी के लिए खेलते हैं। उन्होंने भी यह स्पष्ट कर दिया है कि एएफसीओएन में तंजानिया को पूरा समर्थन है। खालिद औचो ने कहा, मैं तंजानिया को अफ्रीका कप ऑफ नेशंस 2023 के लिए शुभकामनाएं देता हूं। तंजानिया, आपके लिए हमारी सभी प्रार्थनाएं हैं।युगांडा के साथी फेड मुसासिज़ी ने बताया कि हालांकि तंजानिया ने युगांडा के खर्च पर एएफसीओएन के लिए अर्हता प्राप्त की है, फिर भी वह तंजानिया का समर्थन करेंगे।मुसासिज़ी ने कहा, ये हमारे भाई हैं और हमें पूरे टूर्नामेंट में उनका समर्थन करना चाहिए।एक अन्य बड़ी फुटबॉल प्रशंसक जोसेफिन एडोक ने भी बताया कि वह तंजानिया के पक्ष में रहेंगी।युगांडा के पूर्व स्ट्राइकर मुजीब कासुले ने भी तंजानिया के लिए अपना समर्थन जताया। इथियोपिया और सूडान सीईसीएएफए जोन की एकमात्र टीमें हैं जिन्होंने क्रमशः1962 और 1970 में एएफसीओएन खिताब जीता है। मिस्र ने रिकॉर्ड सात एएफसीओएन खिताब जीते हैं, जबकि कैमरून ने पांच और घाना ने चार बार यह ट्रॉफी अपने नाम की है।

विराट कोहली 22 जनवरी को अयोध्या जाएंगे ट्रेनिंग सेशन से एक दिन का मांगा ब्रेक

स्पोर्ट्स डेस्क। भारत के विराट कोहली 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या जाएंगे। वह टीम इंडिया के ट्रेनिंग सेशन से एक दिन का ब्रेक लकर अयोध्या पहुंचेंगे। विराट 23 को फिर टीम इंडिया के साथ जुड़ जाएंगे।हैदराबाद में टीम इंडिया का ट्रेनिंग सेशन 20 जनवरी से शुरू होगा। टीम यहां 4 दिन तक प्रैक्टिस करेगी। इंग्लैंड टीम 21 को हैदराबाद पहुंच जाएगी। 25 जनवरी से दोनों के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा।टीम इंडिया 20 से 23 जनवरी तक हैदराबाद में ट्रेनिंग सेशन करेगी। 24 को ब्रेक के बाद 25 को टीम पहला मैच खेलेगी। विराट कोहली समेत भारत की टेस्ट टीम में शामिल सभी प्लेयर्स और सपोर्ट स्टाफ इस दौरान हैदराबाद में रहेंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, विराट कोहली 21 जनवरी की ट्रेनिंग के बाद एक दिन का ब्रेक लेंगे। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए छुट्टी से ब्रेक मांगा। जो अप्रूव कर दिया गया है। विराट को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का ऑफिशियल इन्विटेशन भेजा गया था। उनके साथ भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी को भी अयोध्या जाने का इन्विटेशन मिला है।

बिजनेस

केंद्र सरकार ने शीरे पर 50 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया, नई दरें आज से होगी लागू

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गन्ने के बाई प्रोडक्ट शीरे पर 18 जनवरी से 50 फीसदी निर्यात शुल्क लगा दिया है। शीरे का उपयोग शराब उत्पादन के लिए एक इनपुट के रूप में किया जाता है।

सरकार के निर्णय का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि इथेनॉल (अल्कोहल) के उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में कच्चा माल उपलब्ध हो। इथेनॉल को वाहनों के उत्सर्जन को कम करने के लिए पेट्रोल के साथ मिश्रित किया जाता है और फार्मा उद्योग में दवाओं का उत्पादन भी इससे किया जाता है।ऐसी आशंका है कि अनियमित मानसून के कारण चालू कटाई के मौसम में घरेलू गन्ना का उत्पादन नीचे गिर सकता है और सरकार देश में गुड़ की किसी भी कमी को रोकने के लिए तैयार है। सरकार का लक्ष्य अपनी जैव ईंधन नीति को बढ़ावा देने के हिस्से के रूप में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लक्ष्य को वर्तमान के 12 प्रतिशत के स्तर से 2025-26 तक प्राप्त करना है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा शीरा निर्यातक है और वैश्विक व्यापार में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान देता है। प्रमुख निर्यातक राज्य महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक है। जिन प्रमुख देशों में शीरे का निर्यात किया जाता है उनमें नीदरलैंड, फिलीपींस, वियतनाम, दक्षिण कोरिया और इटली शामिल हैं।

एन व्ही इंटरटेनमेंट की मल्टी स्टार छत्तीसगढ़ी फिल्म तहि बनबे मोर दुल्हनियां 19 जनवरी से...

रायपुर। बहुप्रतीक्षित मल्टीस्टारर छत्तीसगढ़ी फ़िल्म तहि बनबे मोर दुल्हनियां प्रदेश के अधिकतम सिनेमाघरों में 19 जनवरी से रिलीज़ हो रही है! फिल्म की निर्माता, निर्देशिका श्रीमती नीरा वर्मा ने बताया कि हमारा पूरा प्रयास है कि हम छत्तीसगढ़ के दर्शक को एक बेहतर तकनीकि और सिनेमैटिक फिल्म का अनुभव दे 7 फ़िल्म की आधुनिकता लेकर बताया कि पोस्ट प्रोडक्शन का सारा काम प्राइम फोकस मुंबई और बीजीएम जैम8 मुंबई मे हुआ है य्र फिल्म पारिवारिक, एक्शन, रोमांस, कॉमिडी और ड्रामा से भरपूर है।क्रिएटिव प्रोड्यूसर ज्योतिरादित्य वर्मा जी ने भी बताया की फिल्मो मे अक्सर छत्तीसगढ़ की सुंदरता को दिखाने मे कम काम हुआ है।

तो हमने ग्रामीण छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता को परदे मे उतारा एक अच्छी कहानी के साथ छत्तीसगढ़ की सुंदरता हरियाली इस फिल्म मे देखने को मिलेगी फ़िल्म के मुख्य कलाकार एक्शन स्टार दिलेश साहू , सुपर स्टार एक्ट्रेस अनिकृति चौहान , जीत शर्मा , अनिल शर्मा , पुष्पेंद्र सिंह , विक्रम राज , उपासना वैष्णव , अंकित सिंह देव , हेमा शुक्ला , अंशुल अवस्थी ,संगीता निषाद ,बोचकू और पूजा देवांगन हैं । फ़िल्म का फर्स्ट लुक और ट्रेलर आ चुका है एन वी एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल पर जिसे बहुत पसंद किया जा रहा है । इस फ़िल्म में दर्शकों को जबरदस्त एक्शन देखने मिलेगा, साथ ही सुपर स्टार अनीकृति का नया रूप दिखेगा । फिल्म के मुख्य विलेन के रूप मे जीत शर्मा को पहली बार ऐसे रोल मे देखा जायेगा। फिल्म का संगीत बहुत प्यारा और मधुर है जाने माने संगीतकार सुनील सोनी जी , अलका चंद्राकर , तोशान्त कुमार और मोनिका वर्मा है । प्रोडक्शन हाउस -एन व्ही इंटरटेनमेंट सह निर्माता - संजय लाल कहानीनीरा वर्मा संपादन- ज्योतिरादित्य वर्मा, अमित मण्डल एवं राजेश सहयोगी (एसोसिएट) निर्देशक कौशल उपाध्याय एवं अनिरुध सुनील वर्मा डी ओ पी - पप्पू सिंग राजपूत सहायक निर्देशक सुशील श्रीवास्तव, अनुपमा मनहर, प्रोडक्शन मैनेजर राजू नगारची कोरियोग्राफर हिमान्शु कुमार एवं रोशलिन दास, एक्शन आनन्द शेट्टी ने किया।

एचडीएफसी बैंक ने नौ महीनों के लिए वित्तीय परिणाम जारी किए

मुंबई। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक का समेकित शुद्ध राजस्व 113.5 प्रतिशत बढ़कर 717.7 बिलियन रुपये हो गया, जो 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए 336.2 बिलियन रुपये था। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए कर पश्चात समेकित लाभ 172.6 बिलियन रुपये रहा जो कि 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही की तुलना में 35.9 प्रतिशत अधिक रहा। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए प्रति शेयर आय 22.7 रुपये थी और 31 दिसंबर, 2023 तक प्रति शेयर बुक वैल्यू 576.0 रुपये थी। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीनों के लिए कर के बाद समेकित लाभ 464.4 बिलियन रुपये था, जो 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त नौ महीनों की तुलना में 39.0 प्रतिशत अधिक है। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अन्य आय (गैर-ब्याज राजस्व) 111.4 बिलियन रुपये थी, जबकि 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही में यह 85.0 बिलियन रुपये थी।

स्पाइसजेट-पट्टादाता विवाद के बीच इंजन निरीक्षण की अनुमति दी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्पाइसजेट को पट्टे पर देने वाली कंपनी इंजन लीज फाइनेंस बीवी को एयरलाइन को पट्टे पर दिए गए इंजन के निरीक्षण करने की अनुमति दी। कम लागत वाली एयरलाइन को इंजनों के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया है, केवल नवीनीकरण जैसे उद्देश्यों के लिए अपवादों की अनुमति है।

यह निर्देश पट्टादाता के आरोपों के जवाब में आया है, जिसमें स्पाइसजेट पर पट्टे पर दिए गए इंजन के कुछ हिस्सों को खराब करने का आरोप लगाया गया था।

इसने अदालत को सूचित किया कि स्पाइसजेट द्वारा 15 जनवरी को इंजन बंद करने की प्रतिबद्धता के बावजूद एयरलाइन ने इसका उपयोग जारी रखा। स्पाइसजेट के वकील ने अदालत को आश्वासन दिया कि एयरलाइन तुरंत इंजन बंद कर देगी और पट्टादाता द्वारा उठाए गए सभी आरोपों को संबोधित करने के लिए एक व्यापक प्रतिक्रिया प्रस्तुत करेगी। इससे पहले, अदालत को सूचित किया गया था कि इंजन लीज फाइनेंस कॉरपोरेशन एविएशन सर्विसेज लिमिटेड और नकदी संकट से जूझ रही स्पाइसजेट एयरलाइन एक अंतरिम समझौते पर पहुंच गई है। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के कानूनी प्रतिनिधियों ने अदालत को सूचित किया था कि निपटान की शर्तों पर सहमति हो गई है और परिणामस्वरूप, दोनों कानूनी टीमों ने स्थगन का अनुरोध किया। अदालत ने मामले की सुनवाई 8 फरवरी को तय करते हुए स्थगन मंजूर कर लिया था।

मैं अक्सर लोगों की सलाह को नजरअंदाज कर वही करती हूं, जो मेरा दिल करता है : अदिति सहगल

भारतीय म्यूजिशियन और एक्ट्रेस अदिति सहगल, जिन्हें डॉट के नाम से भी जाना जाता है, उन्होंने साझा किया है कि कैसे सोशल मीडिया हमेशा उनके प्रति दयालु रहा है, उन्होंने खुद को एक ऐसा कलाकार बताया है जो अक्सर सलाह को नजरअंदाज कर देती है।

जोया अख्तर के निर्देशन में बनी फिल्म द आर्चीज में अपनी एक्टिंग के साथ-साथ म्यूजिक टैलेंट से प्रसिद्धि पाने वाली डॉट, साल की एक सफल कलाकार के रूप में उभरी हैं।

वह अपने सभी गानों के बोल बनाती, गाती और लिखती हैं। डॉट अपने आर्चीज गानों से भी इंडियन म्यूजिक चार्ट में टॉप पर रही हैं। उन्होंने ख़ुशी कपूर पर फिल्माए गए सभी चार डियर डायरी थीम्स को लिखा और गाया है।डॉट ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मैं काफी भाग्यशाली हूं कि सोशल मीडिया हमेशा मेरे प्रति दयालु रहा है। शुरुआत से ही मुझे अपने म्यूजिक के लिए लोगों से जिस तरह का प्यार मिला है, वह दिल को छू लेने वाला है। द आर्चीज के बाद से, मेरा टैलेंट निश्चित रूप से उभरा है।चाहे वह म्यूजिक हो, ज्यादा फिल्में हों, या कोई अन्य प्रोजेक्ट हो, यह जरुरी है कि साथ चलने वाले लोगों के प्रति आभारी रहें। मैं उस तरह की कलाकार हूं जो अक्सर सलाह को नजरअंदाज कर देती हूं और जो मन करता है, वही करती हूं।डॉट ने हाल ही में गर्ल्स नाइट नाम से एक नया सिंगल रिलीज किया है जो म्यूजिक लवर्स के बीच वायरल हो रहा है।

एस 24 सीरीज के साथ शुरुआत के लिए तैयार है सैमसंग

सैन जोस। सैमसंग नए 'एआई स्मार्टफोन' युग की शुरुआत करते हुए, अमेरिका में अपनी प्रमुख गैलेक्सी एस24 श्रृंखला का अनावरण करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कंपनी तीन मॉडल गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, एस24 और एस24 प्लस लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसमें एआई केंद्र में होगा। अफवाहों के मुताबिक, डिवाइस में नए फ्लैटर डिस्प्ले, चार-कैमरा ऐरे और टाइटेनियम फ्रेम होंगे। जिस एआई फीचर के बारे में बात की जा रही है वह गूगल द्वारा संचालित 'सर्कल टू सर्च' है। 'सर्कल टू सर्च' फीचर की मदद से अपनी स्क्रीन पर किसी भी छवि, वीडियो या टेक्स्ट को खोज सकते हैं। जिसके बारे में आप उत्सुक हैं उसे इंगित करने के लिए सर्कल करें, हाइलाइट करें, स्क्रिबल करें या टैप करें ढ्ढ कोई स्क्रीनशॉट आवश्यक नहीं है। रिपोर्ट में फोन कॉल के लिए 'लाइव ट्रांसलेशन', रात में ज़ूम को बेहतर बनाने के लिए, एआई के उपयोग के साथ-साथ सैमसंग के नोट्स ऐप में एआई-संचालित 'नोट असिस्ट' फीचर जैसे नए फीचरों के बारे में बताया गया है। इसके अलावा, लीक में स्मार्टफोन के कुछ स्पेसिफिकेशन का भी पता चला है, जिसमें गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा पर 6.8-इंच क्यूएचडी प्लस डिस्प्ले, एस24 प्लस पर 6.7-इंच क्यूएचडी प्लस डिस्प्ले और एस24 पर 6.2-इंच एफएचडी प्लस डिस्प्ले शामिल है। कंपनी के मुताबिक, गैलेक्सी का अगला विकास होने वाला है। आगामी इवेंट से पहले, सैमसंग ने एक टीज़र वीडियो गैलेक्सी एआई आ रहा है जारी किया। सैमसंग के यूट्यूब चैनल के माध्यम से साझा किया गया यह वीडियो कंपनी के मोबाइल इनोवेशन के इतिहास को दर्शाता है। वर्ष 1988 में सैमसंग के पहले मोबाइल फोन एसएच-100 और 1999 में दुनिया के पहले टीवी फोन से लेकर 2020 में गेम-चेंजिंग फोल्डेबल स्मार्टफोन तक, दर्शक उस यात्रा को देख सकते हैं जिसने स्मार्टफोन बाजार को आकार दिया। वीडियो एक बुजुर्ग जोड़े और एक युवा महिला के साथ मेट्रो में स्मार्टफोन के भविष्य पर चर्चा के साथ समाप्त होता है, जो गैलेक्सी एआई की रिलीज के लिए मंच तैयार करता है।

ट्रेनों के एसी कोच में आग लगते ही बजेगा अलार्म फिर होगी पानी की बौछार

रायपुर/नवप्रदेश। ट्रेनों में आगजनी की घटना से अब बचाव हो सकेगा। दरअसल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन ने अनूठी पहल की है। तीनों मंडलों के ट्रेनों के एसी कोचों को एडवांस फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम से लैस कर दिया है। यह सिस्टम धुंआ डिटेक्ट कर अलार्म, लाइट इंडिकेटर, आडियो साउंड से यात्रियों को सतर्क करेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी एसी कोच में फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम के अंतर्गत लगभग 8-11 स्मोक सेंसर लगाए गए हैं, जो कोच के शौचालयों के गैंगवे एरिया और कोच के अंदर उपयुक्त स्थान पर लगे हैं। स्मोक डिटेक्शन एक लूप में कंट्रोल मॉड्यूल से जुड़ा होता है। आग लगने की स्थिति में यह कंट्रोल मॉड्यूल ऑडियो विजुअल साउंड अलार्म, लाइट इंडिकेटर, प्रीलोडेड घोषणा के लिए पीए सिस्टम और ब्रेक का स्वचालित रूप से कार्यरत हो जाएगा तथा ट्रेन को रोककर और यात्रियों को सतर्क करने में मदद करता है। यहीं नहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ट्रेनों के पावर कार एवं पैंट्रीकार में भी एडवांस फायर एंड स्मोक डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम के तहत एस्पीरेशन एवं हीट टाइप फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सेंसर्स, सप्रेशन आउटलेट, पीएलसी पैसेंजर अलार्म बजर आदि उपकरण लगाए गए हैं।

इस तरह करेगा काम

ट्रेनों के पावर कार एवं पैंट्रीकार में फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम लगने से आने वाले दिनों में ट्रेन के अंदर आग लगने से पहले ही फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम से अलार्म बजने लगेगा। जिससे, आग पर समय रहते काबू कर लिया जाएगा। धुंआ, चिंगारी या आग का संकेत मिलते ही सिस्टम में लगे सेंसर सक्रिय हो जाएगा, अलार्म बजने के साथ दोनों सिलेंडर क्रियाशील होकर प्रेशर बनाने लगेंगे। कुछ देर में नाइट्रोजन और पानी का मिश्रण पाइपों में प्रवाहित होने लगेगा। दबाव बढ़ते ही वाल्व खुल जाएगा और नाइट्रोजन मिश्रित पानी का बौछार शुरू हो जाएगा। इस प्रकार आग बुझाने पर काबू पा लिया जाएगा।

इन ट्रेनों में लगाए गए फायर डिटेक्शन सिस्टम

वर्तमान में यह फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम बिलासपुर- नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, शिवनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर - पटना एक्सप्रेस, बिलासपुर ङ्क पुणे एक्सप्रेस के साथ जनशताब्दी समेत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 28 जोड़ी ट्रेनों के एसी कोचों में लगाया जा चुका है। इसमें बिलासपुर मंडल की 14 जोड़ी, रायपुर मंडल की 13 जोड़ी एवं नागपुर मंडल की एक जोड़ी ट्रेनों के सभी एसी कोच, पावरकार एवं पेंट्रीकार में यह सिस्टम लगाया जा चुका है। हर कोच में औसतन 8 से 11 स्मोक डिटेक्टर लगाए गए हैं।

धूम्रपान करने वाले भी होंगे चिन्हित, होगी कार्रवाई

इसके अतिरिक्त एसी कोचों में धूमपान करने वाले भी चिन्हित किए जा सकते हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। धूम्रपान करने वालों से सहयात्रियों को दिक्कत होती है तथा ट्रेनों में आगजनी की घटना होने की संभावना रहती है। अब चलती ट्रेने में धूमपान से और धुंआ उठते ही अर्लाम अर्लट कर देगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पहले पेंट्रीकार से गैस के सिलेंडर हटाया जा चुका है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव के पिता का निधन

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव के पिता कुमार लक्ष्मी नारायण देव का निधन हो गया है। वे 104 साल के थे।

जगदलपुर के वृंदावन कॉलोनी स्थित अपने निवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। आज गुरुवार को सुकमा में उनके गृहग्राम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके करीबियों ने बताया कि, लक्ष्मी नारायण देव पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। बुधवार 17 जनवरी की सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच उन्होंने अपने निवास में ही परिवार वालों की उपस्थिति में अंतिम सांस ली।

छत्तीसगढ़ में पुलिसकर्मियों को फिर मिलेगा वीकली ऑफ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा ने पुलिसकर्मियों के साप्ताहिक अवकाश संबंधी आदेश को कड़ाई से पालन करने के निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी ने प्रदेश की अलग-अलग पुलिस यूनिट्स को आदेश को जमीनी स्तर पर लागू करने को कहा है। जिससे थानेदार से लेकर कॉन्स्टेबल स्तर तक के कर्मचारियों को हफ्ते में एक दिन का आराम मिलेगा। दरअसल, पुलिसकर्मियों की ड्यूटी हफ्ते के सातों दिन होने की वजह से उन्हें आराम नहीं मिल पाता है। जिसके चलते वे कई तरह के मानसिक और शारीरिक रोगों का शिकार हो जाते हैं। वे अपने परिवार को भी समय नहीं दे पाते। इस वजह से लगातार यह मांग होती रही है कि पुलिसकर्मियों को भी साप्ताहिक अवकाश जैसी सुविधा मिलनी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग में जोन और लोकसभा प्रभारी नियुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के लिये कांग्रेस संचार विभाग में जोनल प्रभारी और लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया है। जोनल प्रभारी रायपुर जोन सुरेन्द्र शर्मा, बिलासपुर जोन आर.पी सिंह, दुर्ग जोन धनंजय सिंह ठाकुर, सरगुजा जोन जे.पी श्रीवास्तव, बस्तर जोन जावेद खान है। लोकसभा प्रभारी सरगुजा अनुपम फि लिप्स, रायगढ़ संजय देवांगन, जांजगीर-चापां प्रकाशमणी वैष्णव, कोरबा घनश्याम राजू तिवारी, बिलासपुर अभय नारायण राय, राजनांदगांव रूपेश दुबे, दुर्ग नीता लोधी, रायपुर सुरेन्द्र वर्मा, महासमुंद नितिन भंसाली, बस्तर शिल्पा देवांगन, कांकेर हेमंत ध्रुव हैं। सभी प्रभारी प्रवक्ताओं से कहा गया है कि उपरोक्तानुसार अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में मीडिया के माध्यम से पार्टी संगठन के कार्यक्रमों को मजबूती के साथ आम जनता तक पहुंचाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा नियमित प्रतिवेदन प्रदेश संचार विभ्ज्ञाग के अध्यक्ष को प्रेषित करें।

कई महीनों से फरार दीपक नेपाली गिरफ्तार

तेरह से अधिक मामले हैं दर्ज

भिलाई/नवप्रदेश। बीती रात महादेव ऐप सट्टा सहित कुल 13 अपराधों में फरार दीपक नेपाली की गिरफ्तारी दुर्ग पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। एसएसपी दुर्ग रामगोपाल गर्ग ने बताया कि दुर्ग पुलिस ने दीपक कुमार सिंह उर्फ दीपक नेपाली नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, उसके खिलाफ नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत भी मामला दर्ज हुआ था। इस अपराधी के खिलाफ वैशाली नगर थाना के अंतर्गत कुल तेरह अपराध पंजीबद्ध हैं जिनमें लूट, मारपीट, अपहरण तथा अन्य जघन्य अपराध शामिल हैं। जामुल और भिलाई तीन थाना में भी महादेव ऐप से जुड़े हुए कुछ प्रकरण पंजीबद्ध हैं। करीब दो महीने से फरार चल रहा था, बड़ी मशक्कत और काफी मेहनत के साथ वैशाली नगर और क्राइम ब्रांच की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर उसे पकड़ा है।

बालोद को दी सीएम ने दी 173 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

बालोद/नववप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव ने बुधवार को बालोद जिले को 173 करोड़ रुपये से अधिक के 83 विभिन्न कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर विकास कार्यो की सौगात दी। जिसमें 4.900 करोड़ रूपये लागत के 23 विभिन्न कार्यो का भूमिपूजन और 168.18 करोड़ रूपये लागत के 60 विभिन्न कार्यो का लोकार्पण शामिल है। सीएम साय ने बालोद जिले के तहसील मुख्यालय गुण्डरदेही में आयोजित कार्यक्रम में संजारी बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 17.414 करोड़ रूपये लागत के 24 कार्य, डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 140.188 करोड़ रूपये के लागत के 20 कार्य, गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत 10.583 करोड़ रूपये लागत के 16 कार्यो का लोकार्पण और डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 4.703 करोड़ रूपये लागत के 21 कार्य और गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 0.200 करोड़ रूपये लागत के 02 कार्यो का भूमि पूजन कर जिलेवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

ऑक्सीजोन पहुंचे कलेक्टर मॉर्निंग वॉकर्स से की चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सुबह पंडरी स्थित ऑक्सीजोन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मॉर्निंग वॉक के लिए यहां पहुंच नागरिकों से मुलाकात की एवं उनसे संचालन संबंधी सुझाव भी मांगे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप भी साथ थे। अल सुबह ऑक्सीजोन परिसर के निरीक्षण भ्रमण के दौरान निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने अवगत कराया कि पूर्व में यह ऑक्सीजोन परिसर वन विभाग द्वारा संचालित था, अब इस संपूर्ण परिसर के प्रचालन संबंधी व्यवस्थाओं में उन्नयन की गतिविधियां रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड व नगर निगम द्वारा की जाएगी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों से कहा कि चरणबद्ध रूप से परिसर के रख-रखाव के लिए जरूरी निर्माण कार्य किए जाए एवं हरियाली का ध्यान रखते हुए कांक्रीटीकरण कम से कम किए जाए। उन्होंने पूर्व में बने प्रसाधन कक्षों का रखरखाव कर इसे भी संचालन योग्य बनाने के निर्देश दिए है।

गुणवत्ता के साथ समय पर स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट पूरा करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने आज स्मार्ट सिटी मिशन के तहत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट प्रमुखों व कार्य एजेंसियों से कहा है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का पूर्णतः ध्यान रखते हुए परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। लापरवाही बरतने वाले एजेंसियों पर अनुबंध के शर्तों के अधीन सख्त कार्यवाही होगी। बैठक में सभी प्रोजेक्ट्स की सिलसिलेवार समीक्षा हुई। उन्होंने निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के निरीक्षण भ्रमण के दौरान कार्य एजेंसी और प्रोजेक्ट प्रमुख को अनिवार्यतः उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए है। महाराजबंध तालाब में एस.टी.पी. निर्माण कार्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने प्रोजेक्ट आगामी 15 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह अंडर ग्राउंड केबलिंग, 24 घंटे जलापूर्ति, मोतीबाग स्मार्ट लाइब्रेरी, शास्त्री मार्केट, मटन मार्केट, बूढ़ातालाब सड़क निर्माण व पेरिफेरल रोड पाथवे निर्माण, महाराजबंध, नरैया एवं खो-खो तालाब में एस.टी.पी. स्थापना, छुईया तालाब आदि कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 328 प्रोजेक्ट्स पूरे हो चुके है एवं वर्तमान में 12 प्रोजेक्ट प्रगति पर हैं। यह भी निर्देशित किया है कि पूर्ण प्रोजेक्ट्स के रख-रखाव पर भी ध्यान दें एवं संधारण के सभी शर्तो का नियमानुसार पालन सुनिश्चित कराएं।

आवासीय विद्यालय पहुंचे कलेक्टर ने स्वयं खाकर जांची भोजन की गुणवत्ता

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने प्रयास बालक एवं बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के बीच पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान कहा कि सफल वही होता है जो हर परिस्थिति में बिना विचलित हुए अपने कार्य में लगा होता है। आप लोगों ने जो लक्ष्य तय किया है उसके लिए टाईम टेबल बनाकर नियमित रूप से पढ़ाई करें, निश्चित ही सफलता मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने सड्डू स्थित प्रयास आदर्श आवासीय बालक विद्यालय के रसोई घर में जाकर खाद्य पदार्थ का भण्डारण देखा। यहीं नही वे स्वयं टेबल पर जाकर भोजन किया। उनके साथ नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप भी उपस्थित थे। साथ ही भोजन की गुणवत्ता बेहतर करने और पौष्टिक खाद्य पदार्थ शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों की मेस कमेटी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सब्सिडी दर पर कैंटीन शुरूआत करने का सुक्षाव भी दिया। कलेक्टर ने शौंचालय दुरूस्त करने सहित शिक्षकों की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सिंह गुढ़ियारी स्थित प्रयास आदर्श कन्या आवासीय विद्यालय भी पहुंचे और छात्राओं से पढ़ाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर स्ट्रीट लाइट से हुआ जगमग

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नालंदा परिसर के समीप सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर में अंधियारा रहने की समस्या अब दूर हो गई है। उनके निर्देश के परिपालन में रायपुर नगर निगम ने स्ट्रीट लाइट की पर्याप्त व्यवस्था कर दी है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इस आशय के निर्देश जोन और विद्युत शाखा के अधिकारियों को दिए थे। अब इस परिसर में अध्ययन के लिए आने वाले विद्यार्थियों को पूरे परिसर में पर्याप्त रोशनी मिलने लगी है और अंधियारा रहने की उनकी शिकायत तत्काल दूर हो गई है।

नवा रायपुर में दो मंत्रियों ने की बंगले की डिमांड

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार के दो नए मंत्रियों ने नवा रायपुर में मंत्रियों के लिए बने बंगलों में दिलचस्पी दिखाई है। भाजपा सरकार के मंत्री दयालदास बघेल और रामविचार नेताम ने नवा रायपुर शिफ्ट होने के लिए संपदा अधिकारी को पत्र दिया है। इन्हें मंत्रियों के लिए निर्धारित बंगले अलाट करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। बता दें कि लगभग 15 दिन पहले ही प्रदेश के सभी नए मंत्रियों को राजधानी रायपुर में बंगले अलाट किए गये हैं। नवा रायपुर में रामविचार नेताम ने एम-5 बंगला मांगा है। वहीं दयालदास बघेल ने एम-8 नंबर के बंगले के लिए पत्र दिया है। अभी नेताम मौलश्री विहार के अपने निजी आवास में और बघेल जेल रोड स्थित धरोहर नामक सरकारी बंगले में रह रहे हैं जो पहले रुद्र गुरु को आवंटित था। नवा रायपुर के सेक्टर 24 में तेरह मंत्रियों के लिए बंगले बनकर तैयार हैं। इनमें बिजली और फर्नीचर का काम पूरा हो चुका है। ये सभी बंगले दो दो एकड़ में हैं। मुख्यमंत्री आवास अलग से बन चुका है। यह आठ एकड़ में बना हुआ है। अभी मुख्यमंत्री वहां शिफ्ट नहीं हो रहे हैं। वे पहुना में रह रहे हैं।

युवती से सामूहिक दुष्कर्म, कांग्रेस ने जांच के लिए बनाई समिति

रायपुर/नवप्रदेश। बालोद जिले के गुंडरदेही थाना अंतर्गत युवती के साथ हुई सामूहिक अनाचार की घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिला भेडिया के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति में डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेडिया संयोजक, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, डीसीसी महामंत्री धीरज उपाध्याय, गुंडरदेही ब्लॉक अध्यक्ष भोजराम साहू सदस्य है। जांच समिति के सदस्यों से कहा गया है कि वे अविलंब प्रभावित गांव का दौरा कर पीड़िता व परिजनों सहित स्थानीय ग्रामवासियों से भेंट, चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

तीन युवकों ने दिया घटना को अंजाम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुंडरदेही नगर के एक फैंसी स्टोर में पीड़िता काम करती थी, काम के बाद अपने घर वापस लौट रही थी तभी नशे में धुत्त तीन युवकों ने उसको घसीटते हुए खेत में ले जाकर उसके साथ तीनों ने बारी- बारी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्जकर संदेहियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

निगम ने सुलभ इंटरनेशनल पर लगाया 55 हजार का अर्थदंड

रायपुर/नवप्रदेश। सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन द्वारा संचालित सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की सफाई और रख-रखाव में लापरवाही पाए जाने पर नगर निगम ने 55 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। वहीं जोन 02 में व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा सड़कों में पानी बहाने व गंदगी फैलाने पर दुकान सील करने की कार्यवाही जोन कमिश्नर द्वारा की गई है। ज्ञात हो कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम के सभी वार्ड में सफ ाई अभियान संचालित किया जा रहा है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर मुख्यालय के अधिकारियों के साथ स्वच्छ भारत मिशन, सभी जोन कमिश्नर व जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम सभी वार्ड में निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। सुलभ इंटरनेशनल पर यह कार्यवाही जोन 05 के कमिश्नर व उनकी टीम द्वारा किया गया है। जोन 05 कमिश्नर सुशील चौधरी व उनकी टीम द्वारा सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गेनाइजेशन द्वारा संचालित मंगल बाजार, सखाराम दुबे, डंगनिया व लाखे नगर सुलभ शौचालयों का भी आज औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें मंगल बाजार के गली नंबर 05 में संचालित शौचालय में केयर टेकर अनुपस्थित पाए जाने पर 15 हजार रुपए का दंड, गली नंबर 10 के शौचालय में बदबू एवं अत्यधिक गंदगी पाए जाने पर 10 हजार रुपए, सखाराम दुबे स्कूल स्थित सुलभ शौचालय के सीटों में गंदगी व डस्टबिन में कचरा जाम पाए जाने पर 10 हजार रुपए, डंगनिया सुलभ शौचालय परिसर में गंदगी व समुचित सफाई न होने व जगह-जगह कचरा पाए जाने पर 10 हजार रुपए व लाखे नगर सुलभ शौचालय में बाल्टी, मग, हैंडवाश जैसी आवश्यक व्यवस्था न होने पर 10 हजार रुपए का दंड आरोपित किया गया है। जोन कमिश्नर ने इन स्थलों पर तत्काल व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश मौके पर ही दिए गए। जोन 02 के कमिश्नर आरके डोंगरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया सहित पूरी टीम सड़कों में गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही करने आज भी निकली। इस दौरान एम.जी. रोड में मुंबई सिगड़ी डोसा एवं पाव भाजी प्रतिष्ठान को सड़क पर पानी बहाते व चारों ओर गंदगी फैलाते पाए जाने पर इस दुकान को सील कर दिया गया है। नगर निगम इस संस्थान को सार्वजनिक मार्ग को क्षति पहुंचाने व आम लोगों की सुविधाओं पर बाधा बनने पर पृथक से अर्थदंड लगाए जाने हेतु नोटिस भी दिया जा रहा है।